CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 01-02-2026 23:16 Color:


नोएडा/गाजियाबाद > शनिवार, 3 जनवरी 2026 > पौष 14 शक संवत 1947 पौष शुक्ल पूर्णिमा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 3 > पेज 16* > मूल्य ₹4.00 या ₹10.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*वार्षिक खरीद पर ही लागू



कीर्ति कुल्हारी ने राजीव सिद्धार्थ से रिश्ते पर लगाई मुहर

▸ देखें सप्लिमेंट

# NBT नवभारत टाइम्स



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में नस्लीय सोच पर बोले ख्वाजा

▸p11

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




## कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका बनीं एनबीटी प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

# ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम को राष्ट्र का सलाम



## ऑपरेशन सिंदूर के साथ दिए कई और संदेश

Poonam.Pandey@timesofindia.com

**पहलगाम में** हुए आतंकी हमले का बदला इंडियन आर्म्ड फोर्सेस ने ऑपरेशन सिंदूर से लिया। 6 मई की रात एक बजकर पांच मिनट से रात डेढ़ बजे के बीच ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। 7 मई की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए दुनिया को जानकारी देनी थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस सुबह 10 बजे बुलाई गई, हालांकि ये थोड़ा देरी से शुरू हुई। कॉन्फ्रेंस शुरू होने से पहले तक अंदाजा लगाया जा रहा था कि आर्म्ड फोर्सेस के सीनियर ऑफिसर कॉन्फ्रेंस करेंगे। लेकिन करीब 10-15 मिनट पहले ही सूत्रों से जानकारी मिली कि महिला अधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। पत्रकारों से हाउसफुल नैशनल मीडिया सेंटर में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और दो महिला अधिकारियों की एंट्री हुई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह। आत्मविश्वास से लबरेज दोनों महिला अधिकारियों ने दुनिया को बताया कि किस तरह इंडियन आर्म्ड फोर्सेस ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। ऑपरेशन के ठीक 9 घंटे बाद सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने दुनिया के सामने सबूत रखे कि कैसे आतंकवादियों के ठिकानों को चुना गया, कहां ये आतंकी ठिकाने थे और किस तरह उन्हें हिट किया गया। जिसके बाद उन्होंने 8, 9 और 10 मई को भी ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी लगातार मीडिया को दी।

इस ऑपरेशन की जानकारी देने के लिए इंडियन आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और इंडियन एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को चुना गया, जिसके जरिए संदेश दिया गया कि महिलाएं कमजोर नहीं हैं और भारत ने महिला शक्ति की ताकत दिखाई। पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। सोफिया और व्योमिका के जरिए यह भी संदेश दिया गया कि हिंदू-मुस्लिम में तनाव बढ़ाने की कोई नापाक कोशिश सफल नहीं होगी। साथ ही भारत में सभी धर्मों का सम्मान है और धर्म के आधार पर बांटने के मंसूबे को करारा जवाब दिया गया।

**NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025**

**जनता ने चुना**

**46%**

**वोट से देश की वीरांगनाएं बनी एनबीटी इंडियन ऑफ द ईयर**

7 मई की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हमने कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका को कई बार भारतीय सेना के एडीजीपीआई (एडिशनल डायरेक्टरेट जनरल ऑफ पब्लिक इंफॉर्मेशन) ऑफिस में काम करते देखा। सूत्रों के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर से करीब 3-4 दिन पहले ही तय कर लिया गया था कि सोफिया और व्योमिका आर्म्ड फोर्सेस की प्रवक्ता के तौर पर ऑपरेशन की जानकारी दुनिया के सामने रखेंगी। 6 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च हुआ। सोफिया और व्योमिका सिंह को 6 मई की शाम को ही एडीजीपीआई ऑफिस में बुला लिया गया था। जिसके बाद से ही दुनिया के सामने सबूत के साथ सारी जानकारी रखने की तैयारी शुरू हो गई थी। ▸▸ पेज 2



ऑपरेशन सिंदूर ने साबित किया कि जब बात राष्ट्र सुरक्षा की होती है तो भारतीय सशस्त्र सेनाएं एकजुटता, स्पष्ट उद्देश्य और असाधारण साहस के साथ खड़ी होती हैं। ऑपरेशन की सफलता हमारे जवानों की ट्रेनिंग, नेतृत्व और बलिदान भावना का परिणाम है। देश ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को 'एनबीटी प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर' चुना है, यह सम्मान हर उस सैनिक के नाम है जो कहीं पहनकर देश के लिए अपने प्राण तक न्योछावर करने में पीछे नहीं रहता। ये देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रति देश के लोगों का भरोसा और प्यार है।

जनरल अनिल चौहान
चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

### NBT ने इन हस्तियों को भी शामिल किया था रेस में




शीतल देवी और सुमित अंतिल



शुभांशु शुक्ला



हरमनप्रीत कौर



दिव्या देशमुख

## सरकार का दो अफसरों पर ऐक्शन, राजनीति तेज

# इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर हाई कोर्ट सख्त

■ आईएएनएस/पीटीआई, इंदौर

**इंदौर के** भागीरथपुरा में गंदा पानी पीने से सिर्फ चार लोगों की मौत हुई है, यह जानकारी राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को दी है। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने नगर निगम कमिश्नर और अडिशनल कमिश्नर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिसमें प्रशासन को दूषित पानी पीने से हुई मौतों का आंकड़ा पेश करना होगा। साथ ही कितने लोग बीमार हैं और आईसीयू में भर्ती हैं, यह भी जानकारी देनी होगी। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

इंदौर में पानी की सप्लाई में सीवेज मिलने से दस्त, उल्टी और डिहाइड्रेशन हो गया। स्टेटस रिपोर्ट में सरकार ने कोर्ट को बताया है कि 200 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें से 35 ICU में हैं। यह रिपोर्ट तब सामने आई है, जब स्थानीय लोगों ने 14 लोगों के दम तोड़ने की बात कही है, जिनमें छह महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, इंदौर के मेयर ने 10 मौतों की जानकारी दी है, हालांकि इन दावों की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि नहीं की है। जनहित याचिकाकर्ता रितेश इनानी ने सरकार की दलील को आखिरी समय में जल्दबाजी में किया गया काम बताया। मामले में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं।



PTI

**पानी का सितम...** इंदौर में अपनों को खोने के गम में तड़प रहे लोग।

### मौतों की वजह दूषित पानी, लैब में पुष्टि



जिसे पिछले आठ सालों से भारत का सबसे साफ शहर माना जाता है, उस इंदौर में गंदे पानी से लोगों की मौत हुई, इसकी पुष्टि लैब में हुई है। इंदौर के स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) ने बताया कि एक मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि भागीरथपुरा में एक पाइपलाइन में लीकेज से पीने का पानी दूषित हो गया था, जिससे बीमारी फैली है।

### कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं: सीएम



मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने दूषित पानी पर समीक्षा बैठक के बाद शुक्रवार को तीन अफसरों पर ऐक्शन लिया। नगर निगम के सीनियर अफसरों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। कमिश्नर को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। अडिशनल कमिश्नर का शहर से तत्काल तबादला किया गया है, जबकि इंचार्ज सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर से वाटर डिस्ट्रिब्यूशन वर्क डिपार्टमेंट का दायित्व वापस लेने को कहा है।

इंदौर में जहर बंटा। घर-घर मातम है। सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? ये 'फोकट' सवाल नहीं, जवाबदेही की मांग है। -राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

इंदौर में मौतें हमारी सरकार और पूरी व्यवस्था को कलंकित कर गईं। माफी मांगनी होगी। अपराधियों को दंड देना होगा। -उमा भारती, बीजेपी नेता

**ऐक्शन रिपोर्ट मांगी**

### Grok पर अश्लील कंटेंट, xAI को केंद्र का नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने xAI को कड़ा नोटिस जारी किया है। सरकार ने कहा है कि xAI के टूल Grok का इस्तेमाल महिलाओं के खिलाफ अश्लील कंटेंट बनाने और फैलाने में हो रहा है, जो चिंता का विषय है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने xAI से 72 घंटे के भीतर ऐक्शन रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी शुक्रवार को AI टूल्स के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई।




### जिम्स में खुला देश का पहला AI क्लिनिक

■NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा: राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में शुक्रवार को देश के पहले AI क्लिनिक की स्थापना की गई। यह न सिर्फ हेल्थ स्टार्टअप्स के लिए परीक्षण केंद्र होगा, बल्कि इलाज का नया द्वार भी खोलेगा। भारत सरकार की अतिरिक्त महानिदेशक (स्वास्थ्य सेवा) डॉ. सुनीता चौधरी ने वर्चुअली उद्घाटन किया। ▸▸ देखें सप्लिमेंट

# ईरान ने अगर प्रदर्शनकारियों को मारा तो बचाने को तैयार: ट्रंप


■ एपी/आईएएनएस, दुबई

**ईरान में** रोजगार और बढ़ती महंगाई को लेकर बीते पांच दिनों से जारी GenZ के विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया है। अबतक सात मौतों की पुष्टि हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने X पर लिखा, अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को मारता है तो हम बचाने को तैयार हैं। पलटवार करते हुए ईरान ने कहा, ईरान की सुरक्षा रेड लाइन है। ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने कहा- अमेरिका और इस्राइल प्रदर्शन भड़का रहे हैं। अमेरिकी दखल से अशांति फैल जाएगी, उन्हें अपने सैनिकों की फिक्र करनी चाहिए।



AFP

**सामने आए विडियो**
प्रदर्शनकारी ईरान की सरकारी इमारतों पर पत्थरबाजी करते दिखे।



ईरान का रिवाज है मारना, अमेरिका प्रदर्शनकारियों की मदद को आगे बढ़ने के लिए तैयार है। -डॉनल्ड ट्रंप

# दिल्ली की हवा में सुधार, GRAP-3 की पाबंदी हटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली में शुक्रवार को एयर क्वॉलिटी में सुधार के बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लान (GRAP) स्टेज-3 की पाबंदियां हटा ली गईं। कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने बताया कि तेज हवाओं और अनुकूल मौसम के कारण 2 जनवरी को एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) 236 दर्ज किया गया। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में हवा खराब से बहुत खराब श्रेणी में जा सकती है। इसलिए GRAP स्टेज-1 और 2 की पाबंदियां जारी रहेंगी।

**कुछ दिन में काफी खराब हो सकती है हवा: IMD**

### हैपी मॉर्निंग

सोनू: पापा, मुझे बाजा दिला दो
पापा: नहीं, तुम सबको तंग करोगे
सोनू: नहीं करूंगा पापा, जब सब सो जाएंगे तभी बजाऊंगा...

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,762.01 (+573.41) |
| निफ्टी | 26,328.55 (+182) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.63 (-0.12) |
| रु/यूरो | 102.83 (-0.30) |

**हिमाचल का मामला** कॉलेज प्रफेसर पर यौन उत्पीड़न, 3 छात्राओं पर रैगिंग, पिटाई का केस दर्ज

# रैगिंग... छात्रा की मौत में 4 पर FIR

■ पीटीआई, शिमला

**हिमाचल प्रदेश** के धर्मशाला में एक सरकारी कॉलेज की स्टूडेंट की मौत के मामले में पुलिस ने तीन छात्राओं और कॉलेज प्रफेसर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर, 2025 को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। छात्रा के पिता का आरोप है कि 18 सितंबर 2025 को तीन सीनियर छात्राओं ने उनकी बेटी के साथ रैगिंग और पिटाई की। प्रफेसर अशोक कुमार पर छात्रा से यौन उत्पीड़न का आरोप है। इस बीच, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने मामले की जांच के लिए जांच कमिटी बनाने का फैसला किया है।

AI Image



### वायरल विडियो से और गरमाया मामला

**यह मामला** तब और गंभीर हुआ, जब छात्रा की मौत से पहले का एक विडियो वायरल हो गया। विडियो में उसने प्रफेसर पर मानसिक उत्पीड़न और विरोध करने पर धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने कहा, पहले हेल्पलाइन पर शिकायत मिली थी लेकिन छात्रा की खराब तबीयत की वजह से उसका बयान दर्ज नहीं हो सका।

### मौसम

अधिकतम तापमान 17.4°
9.1° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त शनिवार 5:37 | सूर्योदय रविवार 7:15
सुबह कोहरा रहेगा, दिन में साफ आसमान। रात में काफी ठंड रहेगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 2 Page: NBTNDP10 User: rajesh.mishra Time: 01-02-2026 23:16 Color:



# NBT GOOD न्यूज़

**अकेलेपन का अहसास कम करें मुस्कान!**
अकेलेपन में मुस्कुराना मस्तिष्क में फील-गुड न्यूरोट्रांसमीटर (डोपामिन, सेरोटोनिन) को रिलीज करता है। यह तनाव को कम करता है, जिससे जबरदस्ती मुस्कुराने पर भी अकेलेपन का अहसास कम हो जाता है।

## विचार

सफलता उन्हीं लोगों के पास आती है जो उसका इंतजार नहीं करते, बल्कि हर दिन उसे खोजने, सीखने और आगे बढ़ने में खुद को पूरी तरह व्यस्त रखते हैं।

– हेनरी डेविड थोरो (Henry David Thoreau)

## ज़रा हंस लें



**टीचर** : बच्चो, महान व्यक्ति वह होता है, जो हमेशा दूसरों की मदद करे
**पप्पू** : सर एग्जाम में न आप खुद महानता दिखाते हैं, न हमें दिखाने देते हैं.....
**टीचर** : पप्पू कॉपी छुपा लो, पीछे वाला देख रहा है
**पप्पू** : देखने दो सर, मैं अकेला फेल नहीं होना चाहता.....

## कविता

### केवल एक मुस्कान



एक मुस्कान जो चेहरे की रंगत बदल देती है।
एक ऐसी दौलत जो विरासत में नहीं मिलती है।
यह न तो खरीदी और न ही बेची जा सकती है।
गम में सहारा और खुशी में चार चांद लगाती है।
चाहे दर्द जो भी हो मरहम का काम करती है।
मुस्कान, भीड़ में आपको एक नई पहचान देती है।
एक अनकहा अल्फ़ाज़ जो ताकत बन जाती है।
बिना अस्त्र-शस्त्र के ही हर जंग जीता देती है।
हर अच्छे-बुरे पल में आपका कवच बन जाती है ।
एक मुस्कान जो चेहरे की रंगत बदल देती है।

– दीपा सिन्हा, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

**वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के करीब की गई 'रेड कारपेटिंग'**

# टाइगर के लिए 'रेड कारपेट': नई कोशिश ने थामी मौत की रफ्तार

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com




■ **नई दिल्ली** : मध्य प्रदेश के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के करीब से निकल रहे एनएच-45 के दो किलोमीटर की दूरी में एनएचएआई द्वारा रेड ब्लॉक मार्किंग की गई है। जो वहां रहने वाले टाइगर, हिरण, मोर, बंदर, लंगूर, तेंदुए और नीलगाय समेत कई वन्य जीवों के लिए अमृत साबित हो रही है। पिछले साल सितंबर से इस स्ट्रेच पर वन्य जीवों को हाई स्पीड गाड़ियों से टक्कर होने से बचाने के लिए यहां एक्सपेरिमेंट के तौर पर 'रेड कारपेटिंग' की गई थी। जिसके परिणाम अभी तक बेहद शानदार सामने आ रहे हैं। इन चार महीनों में एक भी बाघ और अन्य जानवर किसी भी हाई स्पीड कार और अन्य गाड़ी से नहीं टकराया। नतीजा न किसी जानवर की मौत हुई और न ही अभी तक कोई घायल हुआ। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि यह रेड कारपेटिंग भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के दो किलोमीटर हिस्से में की गई है। जो की यहां स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होते हुए गुजरने वाले करीब 12 किलोमीटर के स्ट्रेच का सबसे अधिक खतरनाक हिस्सा है। यहां शार्प कर्व होने के साथ ही कई गाड़ी वाले काफी तेज स्पीड से गाड़ियां चलाते थे। जिससे महीने में कई एक्सिडेंट हो जाते थे। ऐसे में जानवरों को इन टक्करों से बचाने के लिए सड़क पर इस तरह से लाल रंग की पांच एमएम तक मोटी परत चढ़ाते हुए रेड ब्लॉक मार्किंग की गई। यह रेड ब्लॉक सितंबर 2025 में बनाए गए थे। तब से आज तक इस हिस्से में एक भी रोड एक्सिडेंट नहीं हुआ है। जो लोग इस स्ट्रेच पर 60 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक की रफ्तार से गाड़ी दौड़ाते थे। अब उनकी स्पीड 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार तक कम हो गई है। इस दूरी के लिए एनएचएआई ने 40 KMPH स्पीड तय की है। गाड़ी वाले दूर से ही रोड पर की गई इस रेड ब्लॉक कारपेटिंग को देखकर गाड़ी को धीमा कर लेते हैं।

इससे ना केवल जानवरों की जिंदगी बच रही है, बल्कि ऐसे एक्सिडेंट भी नहीं हो रहे हैं, जो लोग खुद से हाई स्पीड के चक्कर में संतुलन खोते हुए एक्सीडेंट कर बैठते थे। अब देशभर से उनके पास कई राज्यों से रीजनल अफसर अपने-अपने राज्य में इस प्रयोग को करने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं। इसमें चेन्नई की तरफ से एक स्ट्रेच बताया गया है। जहां सबसे अधिक एक्सिडेंट होते हैं।

**70 की उम्र में भी एडवेंचर का जुनून**

# उम्र के साथ बढ़ती जीने की उमंग

■ तुषार तेरे, पराग दवे


नौतम वकील (78)

**बुजुर्ग दंपती उम्र को नजरअंदाज कर एडवेंचर चुन रहे हैं और निकलते हैं दुनिया की सैर पर**

**वडोदरा:** कहते हैं बुढ़ापा आते ही जिंदगी की रफ्तार धीमी हो जाती है, लेकिन गुजरात के कुछ बुजुर्गों ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। वडोदरा और अहमदाबाद के ये दादा-दादी 60 या 70 की उम्र में आराम नहीं, बल्कि एडवेंचर चुन रहे हैं। उनके लिए उम्र सिर्फ एक नंबर है, असली जिंदगी तो अब शुरू हुई है।

वडोदरा के गौतम कोठारी (74) और उनकी पत्नी बीना कोठारी (72) इसकी मिसाल हैं। गौतम की एक आंख की रोशनी नहीं है और बीना को ज्यादा चलने में दिक्कत होती है, लेकिन यह कमजोरियां उनके हौसले को नहीं रोक पाईं। इस उम्र में उन्होंने स्काइडाइविंग, स्कूबा डाइविंग और बंजी जंपिंग जैसे रोमांचक अनुभव किए हैं। अंटार्कटिका की कड़ाके की ठंड से लेकर समंदर की गहराइयों तक, उन्होंने हर सफर को पूरे दिल से जिया है। गौतम कहते हैं कि हम हर पल को जीना चाहते हैं और दुनिया को करीब से देखना चाहते हैं। ऐसी ही कहानी अहमदाबाद के देवल ठाकोर (77) और उनकी पत्नी दक्षा (76) की है। सीनियर सिटिजन बनने के बाद वे अंटार्कटिका गए और अमेरिका में स्काइडाइविंग का मजा लिया।


गौतम कोठारी (74), बीना कोठारी (72)

**'ऊंचे हौसले इंसान को हमेशा जवान रखते हैं'**

एक अन्य कपल नौतम वकील (78) और उनकी पत्नी नीता (82) भी किसी से कम नहीं। नीता के घुटनों का ऑपरेशन हो चुका है, फिर भी उन्होंने जापान का कठिन टूर पूरा किया। नौतम मानते हैं कि ऊंचे हौसले इंसान को हमेशा जवान रखते हैं। वहीं कोठारी दंपती 4 साल में 14 देशों की यात्रा कर चुके हैं। रूस में स्काइडाइविंग, न्यूजीलैंड में बंजी जंपिंग, आइसलैंड में नॉर्दर्न लाइट्स, मिस्र में डाइविंग उनके अनुभव हैं। अब लक्ष्य नामीबिया का रेगिस्तान है।


## रफ्तार, जज्बे और परंपरा की जुगलबंदी


PTI

कीचड़ भरे ट्रैक पर पानी को चीरते हुए निकलते ये भैंसे और उनके साथ पूरी ताकत झोंकता धावक... इस नजारे में झलक रहा है कर्नाटक के लोक खेल 'कंबाला' का असली रोमांच। मंगलुरु में यह पारंपरिक दौड़ आज भी पुरानी परंपराओं के साथ उसी जोश और शान के साथ आयोजित होती है।

# देहरादून से मसूरी 20 मिनट का सफर, साउथ एशिया का सबसे लंबा रोपवे हो रहा तैयार

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून



**देहरादून से** मसूरी की दूरी कुछ दिनों में घंटों नहीं, मिनटों में तय होगी। करीब 34 किलोमीटर का सफर महज 20 मिनट में पूरा कराने के लिए देहरादून-मसूरी रोपवे (स्काई कार) प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। यह परियोजना सितंबर 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसके तहत 5.2 किलोमीटर लंबी मोनो-केबल गोंडोला सिस्टम लगाई जा रही है। रोपवे से केबल कार करीब 1000 मीटर की ऊंचाई तक जाएगी। इस दौरान यात्रियों को शिवालिक पर्वत श्रृंखला, घने जंगल, गहरी घाटियों और धुंध से ढकी पहाड़ी पगडंडियों के खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। मसूरी स्काई कार को यूरोपीय सुरक्षा मानकों (CEN) के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। इसमें इस्तेमाल होने वाली गोंडोला कारों में ऑटोमैटिक दरवाजे, मौसम से सुरक्षित डिजाइन और 10 यात्रियों के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था होगी। रोपवे एक दिशा में हर घंटे करीब 1300 यात्रियों को ले जाने में सक्षम होगी। रोपवे पूरी तरह से बिजली से ऑपरेट होगी और साल भर काम करेगी। इसके चलते पहाड़ी इलाकों में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या घटेगी। यह भारत का पहला ऐसा रोपवे प्रोजेक्ट है, जिसे पर्यटन के साथ ही शहरी परिवहन की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है।




**सितंबर तक होगा तैयार**

26 टावरों में से 20 के फाउंडेशन तैयार। पोल और नट-बोल्ट जल्द लगाए जाएंगे। यह रोपवे साउथ एशिया का सबसे लंबा रोपवे होगा। पुरकुल लोअर स्टेशन 90% तैयार, मसूरी गांधी चौक अपर स्टेशन निर्माणाधीन है। परियोजना सितंबर 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है।

# बच्चे AI से कर रहे नकल, तो टीचर भी AI से ही रहे पकड़



IIT मद्रास की ट्रेनिंग: अब चेन्नई के टीचर AI की मदद से पढ़ाएंगे और नकल भी पकड़ेंगे।

R.Saivenkatesh@timesofindia.com

■ **चेन्नई:** हाल के महीनों में कई स्कूल टीचर्स इस बात से हैरान रहे कि स्टूडेंट्स का होमवर्क इतना साफ और समय पर आने लगा। बाद में पता चला कि कई काम एआई की मदद से तैयार किए जा रहे थे। केसी हाई इंटरनेशनल स्कूल की टीचर प्रीति श्रीधरन भी एआई का इस्तेमाल करती हैं ताकि नकल पकड़ी जा सके। उनका स्कूल 'टर्निटिन' प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता है, जो अब एआई कंटेंट को भी पहचानता है। मुफ्त AI टूल्स से सवाल हल करना और निबंध लिखना बच्चों का खेल बन गया है। आईआईटी मद्रास ने टीचर्स को एआई का उपयोग पढ़ाई और नकल पकड़ने में करने की ट्रेनिंग दी। कुछ स्टूडेंट्स एआई कंटेंट में बदलाव कर पकड़ से बचते हैं, लेकिन टीचर्स क्विलबॉट जैसे टूल्स से पहचान सकते हैं। टीचर्स को चेकिंग के तरीके बदलने और असाइनमेंट क्रिएटिव बनाने की सलाह दी जा रही है ताकि बच्चों की रुचि बढ़े और नकल कम हो।

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### पान मसाला, रजिस्ट्रेशन जरूरी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 1 फरवरी से हेल्थ और नैशनल सिक्योरिटी सेस कानून लागू हो रहा है। इसके आते ही पान मसाला बनाने वाली कंपनियों को इस कानून के तहत अपना रजिस्ट्रेशन तुरंत कराना होगा। मंत्रालय ने साफ किया गया है कि अगर किसी ओनर की एक से ज्यादा फैक्ट्रियां हैं, तो उसे हर फैक्ट्री के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### डॉलर के मुकाबले 22 पैसे गिरा रुपया

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 90 के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में रुपया 22 पैसे गिरकर 90.20 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। जानकारों का कहना है कि कच्चे तेल की घटती कीमतें और घरेलू शेयर बाजार में आई रेकॉर्ड तेजी ने रुपये को और ज्यादा गिरने से बचा लिया।

### Shree Cement पर जांच के आदेश

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने Shree Cement के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। मंत्रालय ने कंपनी से कामकाज को लेकर जरूरी जानकारी मांगी है। कंपनी ने बताया कि उसे 1 जनवरी को मंत्रालय के अहमदाबाद स्थित क्षेत्रीय निदेशक के दफ्तर से इस बारे में एक लेटर मिला है।

### 'AI करेगा साइबर सुरक्षा की जांच'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बाजार नियामक Sebi अब AI की मदद से शेयर बाजार की कंपनियों की साइबर सुरक्षा की जांच करेगा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि सेबी एक ऐसा आधुनिक AI टूल बना रहा है, जो कंपनियों की साइबर सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लेगा। यह AI टूल बताएगा कि किस कंपनी को साइबर हमलों का कितना खतरा है।

# सेंसेक्स उछला, निफ्टी ने बनाया नया रेकॉर्ड

## शेयर बाज़ार में नए साल की शुरुआत तेज़ी के साथ


AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में शुक्रवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। निफ्टी अपने अब तक के सबसे ऊंचे लेवल पर पहुंच गया। लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाते हुए निफ्टी 182 अंक (0.70%) चढ़कर 26,328.55 पर बंद हुआ। वहीं, पावर, बैंकिंग और मेटल कंपनियों के शेयरों में खरीदारी की वजह से सेंसेक्स 573.41 अंक (0.67%) बढ़कर 85,762.01 पर बंद हुआ। हालांकि, तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ने की खबर से ITC जैसे शेयरों में गिरावट जारी रही।

पूरे हफ्ते की बात करें तो सेंसेक्स 720.56 अंक (0.84%) और निफ्टी 286.25 अंक (1.09%) चढ़ा है। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.97% और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.79% की बढ़त रही।

सिगरेट और तंबाकू बनाने वाली कंपनियों ITC, गॉडफ्रे फिलिप्स और VST इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट जारी रही। इसकी वजह सरकार द्वारा इन प्रोडक्ट्स पर 1 फरवरी से लागू होने वाली अडिशनल एक्साइज ड्यूटी है। ITC का शेयर 3.79% गिरकर 350.15 रुपये पर बंद हुआ।

**कौन चमके और कौन गिरे? :** सेंसेक्स की 30 बड़ी कंपनियों में NTPC, ट्रेंट, बजाज फाइनैंस, पावर ग्रिड, मारुति, SBI, ICICI बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा मुनाफे में रहे। दूसरी तरफ ITC, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

**सेक्टर का हाल :** पावर, एनर्जी, पीएसयू बैंक, रियल्टी, मेटल और ऑटो सेक्टर में 1% से 2.7% तक की बढ़त रही। केवल FMCG सेक्टर ही ऐसा रहा जो नुकसान में बंद हुआ। विदेशी निवेशकों (FIIs) ने शुक्रवार को 3,268.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट? :** HDFC सिक्योरिटीज में डिप्टी वीपी नंदीश शाह ने कहा, NSE के कैश सेगमेंट में ट्रेडिंग वॉल्यूम पिछले सत्र के मुकाबले 28% बढ़ गया। बाजार में निवेशकों की जोरदार भागीदारी दिखाई दे रही है। हफ्ते के लिहाज से निफ्टी में बढ़त बाजार के मौजूदा बुलिश मूड को और मजबूत करता है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने बताया कि भारत में गाड़ियों की अच्छी बिक्री से बाजार को रेकॉर्ड बनाने में मदद मिली।

### 13 साल में 10 लाख को 4 करोड़ बनाने वाले सिद्धार्थ नहीं रहे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस (PMS) Aequitas के मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ भैया का निधन हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि परिवार के साथ छुट्टियों पर गए सिद्धार्थ का दिल का दौरा पड़ने से निधन हुआ। सिद्धार्थ भैया महज 47 साल के थे। सिद्धार्थ ने साल 2012 में Aequitas की नींव रखी थी। सिद्धार्थ शेयर बाजार में 'कॉन्ट्रा स्टॉक पिकर' के तौर पर मशहूर थे। वे 'वैल्यू' और 'ग्रोथ' निवेश के तरीकों का इस्तेमाल कर स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों को शुरुआती दौर में ही पहचान लेते थे, जो आगे चलकर मोटा मुनाफा देते थे। उनका 4,000 करोड़ रुपये का PMS फंड, 'इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड', सालाना 33% की रफ्तार से बढ़ा है। अगर किसी ने 13 साल पहले उनके फंड में 10 लाख रुपये लगाए होते, तो आज वे पैसे बढ़कर करीब 4 करोड़ रुपये हो गए होते।



परिवार संग छुट्टियों पर गए थे, दिल का दौरा पड़ा

# सालभर में 20% की रही तेज़ी, अब डिफेंस स्टॉक्स में कितना दम?

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com


AI Image

■ **नई दिल्ली :** पिछले साल में निफ्टी में करीब 9% बढ़त के बीच रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के शेयर इससे दोगुनी से ज्यादा रफ्तार से दौड़े। निफ्टी डिफेंस इंडेक्स में करीब 20% की बढ़त दर्ज की गई। निवेशकों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि नए साल में ऐसी रफ्तार बनी रहेगी या नहीं। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर सरकार के बढ़ते जोर के चलते रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों का कारोबार दमदार बना हुआ है और ये शेयर आगे भी निवेशकों को फायदा दे सकते हैं।

**क्यों दमदार?**

■ डिफेंस काउंसिल ने हाल में 79000 करोड़ रुपये में रक्षा प्रणालियों के अपग्रेडेशन और नई खरीद की मंजूरी दी है।

■ रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में दिसंबर तक 1.82 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिए हैं।

■ इस बार के कुल कॉन्ट्रैक्ट वित्त वर्ष 2025 में 2.1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से ज्यादा हो सकते हैं।

■ इस वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय का मॉडर्नाइजेशन बजट 1.49 लाख करोड़ रुपये का है।


रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, इस बार के आम बजट में डिफेंस मॉडर्नाइजेशन बजट 10% के बजाय 20% बढ़ने की उम्मीद है। ऐसा होने पर मॉडर्नाइजेशन बजट ही 1.79 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। डिफेंस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के ऑर्डर्स में बड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। PL कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, 'डिफेंस कैपेक्स लगातार बढ़ रहा है। सरकार स्वदेशी पर जोर बनाए हुए है। देश में रक्षा उपकरण बनाने वाली कंपनियों के लिए ऑर्डर्स और मुनाफे की तस्वीर बेहतर हुई है।'

**किन पर दांव?**

एलारा कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, 'तीसरी तिमाही में भारत डायनेमिक्स की सेल्स सालाना आधार पर 16% और HAL की 6% बढ़ने का अनुमान है। ऊंचे बेस के बावजूद भारत इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री 10% बढ़ सकती है।' वहीं, PL कैपिटल ने कहा, 'रक्षा खरीद की हालिया मंजूरी से सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड, आइडियाफोर्ज, BEL, डेटा पैटर्न्स, कोचीन शिपयार्ड, GRSE, HAL, BDL, पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नॉलजीज और एस्ट्रा माइक्रोवेव्स को फायदा हो सकता है।'

चॉइस ब्रोकिंग के VP (टेक्निकल रिसर्च एंड एल्गो) कुणाल वी परार ने कहा, 'स्वदेशी पर सरकार के फोकस और रक्षा पर ज्यादा खर्च के चलते डिफेंस सेक्टर का आकर्षण बढ़ेगा। HAL, BEL और BDL हमारे टॉप पिक्स हैं।' एलारा कैपिटल ने HAL (टारगेट प्राइस 5679 रुपये), BEL (TP 466 रुपये), BDL (TP 1625 रुपये) और जेन टेक्नॉलजीज (TP 2118 रुपये) को खरीदने की सलाह दी है।

# निर्यातकों को सस्ते कर्ज के लिए 7295 करोड़ का पैकेज



AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत सरकार ने निर्यातकों की मदद के लिए शुक्रवार को 7,295 करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान किया। इसमें MSME एक्सपोर्टर्स के लिए प्री और पोस्ट शिपमेंट क्रेडिट के ब्याज में छूट की व्यवस्था की गई। इसके लिए 5181 करोड़ रुपये तय किए गए हैं। एक्सपोर्ट क्रेडिट के लिए 2114 करोड़ रुपये के कोलैटरल गारंटी सपोर्ट का भी इंतजाम किया गया। दोनों उपायों की धनराशि वित्त वर्ष 2031 तक के लिए है।

इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम के तहत पात्र MSME निर्यातकों को 2.75% तक सब्सिडी मिलेगी। कॉमर्स मिनिस्ट्री में एडिशनल सेक्रेटरी अजय भादू ने बताया कि सबवेंशन रेट्स की साल में मार्च और सितंबर में समीक्षा की जाएगी। प्रति फर्म सालाना लाभ 50 लाख तक का होगा।

वहीं, एक्सपोर्ट क्रेडिट के लिए कोलैटरल गारंटी के तहत MSME निर्यातकों को एक्सपोर्ट से जुड़े, वर्किंग कैपिटल लोन पर क्रेडिट गारंटी सपोर्ट दिया जाएगा। इसमें प्रति फर्म 10 करोड़ रुपये की कोलैटरल गारंटी दी जाएगी। भादू ने बताया कि गारंटी कवरेज का 85% हिस्सा माइक्रो एंड स्मॉल एक्सपोर्टर्स के लिए और 65% तक हिस्सा मीडियम एक्सपोर्टर्स के लिए होगा। FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने कहा, 'MSME निर्यातकों को कर्ज की ऊंची लागत और कोलैटरल की कमी का सामना करना पड़ रहा है। आज उठाए गए कदमों से इन मुश्किलों का हल निकलेगा। ग्लोबल मार्केट्स में पैठ बढ़ाने में MSME को मदद मिलेगी।'

### दिसंबर में मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार रही सुस्त


AI Image

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार दिसंबर के महीने में थोड़ी धीमी रही। दिसंबर में मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार दो साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। शुक्रवार को HSBC इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (PMI) नवंबर के 56.6 से गिरकर दिसंबर में 55 पर आ गया है। बता दें कि PMI का 50 से ऊपर बढ़त को दिखाता है, इससे नीचे होना गिरावट का संकेत है।

# KFC, Pizza Hut चलाने वाली कंपनियों का मर्जर

## Domino's को टक्कर देने साथ आए Sapphire और Devyani इंटरनैशनल



AI Image

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** भारत में KFC और Pizza Hut जैसे मशहूर ब्रैंड्स को चलाने वाली दो बड़ी कंपनियां सफायर (Sapphire) फूड्स (SFIL) और देवयानी (Devyani) इंटरनैशनल (DIL) अब एक होने जा रही हैं। मर्जर के बाद बनने वाली कंपनी के पास 3,000 से ज्यादा आउटलेट होंगे। गुरुवार को हुई बोर्ड मीटिंग में दोनों कंपनियों ने इस फैसले पर मुहर लगा दी। नई कंपनी का कुल सालाना कारोबार करीब 8,000 करोड़ रुपये का होगा। यह मर्जर ऐसे समय में हो रहा है जब भारत में फास्ट-फूड सेक्टर (QSR) की रफ्तार थोड़ी धीमी है और मांग में ज्यादा बढ़त नहीं दिख रही है।

इस मर्जर के बाद नई कंपनी का कामकाज भारत के साथ-साथ नाइजीरिया, नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका तक फैल जाएगा। KFC, Pizza Hut और Taco Bell के अलावा इस कंपनी के पास कोस्टा कॉफी, टी लाइव, न्यू यॉर्क फ्राइज और सनूक किचन जैसे ग्लोबल ब्रैंड्स के लाइसेंस भी होंगे। इस कदम से भारत में KFC और पिज्जा हट के लिए एक ही बड़ी फ्रेंचाइजी कंपनी बन जाएगी।

**Q शेयरों का क्या होगा? :** मर्जर की शर्तों के मुताबिक, सफायर फूड्स के हर 100 शेयरों के बदले निवेशकों को देवयानी इंटरनैशनल के 177 शेयर मिलेंगे। सफायर के प्रमोटर्स की 25.35% हिस्सेदारी में से 18.5% हिस्सा देवयानी इंटरनैशनल की एक ग्रुप कंपनी खरीदेगी और बाकी हिस्से का शेयरों में अदला-बदली (स्वैप) होगा।

**Q कितना समय लगेगा? :** अमेरिका की कंपनी Yum! Brands ने इस मर्जर को अपनी मंजूरी दे दी है। हालांकि, सरकारी और कानूनी मंजूरियां मिलने में अभी 12 से 15 महीने का वक्त लग सकता है। इसके बाद ही यह मर्जर पूरी तरह से प्रभावी होगा।

■ **ग्लोबल ब्रैंड्स:** KFC, पिज्जा हट, कोस्टा कॉफी और टैको बेल जैसे ब्रांड्स एक ही छत के नीचे आएंगे।
■ **विदेशी बाजार:** भारत के अलावा श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और नाइजीरिया में भी दबदबा बढ़ेगा।

**Q क्या है मकसद? :** फिलहाल जुबिलेंट फूडवर्क्स (Domino's चलाने वाली कंपनी) भारत की सबसे बड़ी फास्ट-फूड ऑपरेटर है। इसके 6 देशों में 3,480 स्टोर हैं। देवयानी इंटरनैशनल इस मर्जर के जरिए जुबिलेंट को कड़ी टक्कर देने और मुनाफे को बढ़ाने की तैयारी में है।

**Q क्या होगा फायदा? :** देवयानी के चेयरमैन रवि जयपुरिया ने कहा कि जुगलबंदी से कंपनी का खर्च कम होगा, टेक्नोलॉजी बेहतर और सप्लाई चेन मजबूत होगी, जिसका फायदा शेयरधारकों, ग्राहकों को मिलेगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP11 User: ccl Time: 01-02-2026 22:57 Color:



मुझे अपने करियर के दौरान किसी भी तरह के नस्ली भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा। मुझे हमेशा अपनी टीम के साथियों और इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड का पूरा समर्थन मिला।
– मोंटी पनेसर, भारतीय मूल के इंग्लैंड के स्पिनर



**11845**
रन बनाए हैं एलेस्टर कुक ने ओपनर के तौर पर टेस्ट क्रिकेट में। कुक टेस्ट क्रिकेट में ओपनर के तौर पर 10000+ रन बनाने वाले इकलौते प्लेयर हैं


## स्पोर्ट्स QUIZ
इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करने वाले उस्मान ख्वाजा ने कितने टेस्ट मैच खेले हैं?
A) 89 B) 87 C) 89 D) 99
2. भारतीय विमिंस हॉकी टीम के नए कोच शोर्ड मारिन किस देश के हैं?
A) इंग्लैंड B) ऑस्ट्रेलिया C) नीदरलैंड्स D) स्पेन

**कल के जवाब**
1. C) पीटी उषा 2. D) मिचेल मार्श 3. A) 39

**लकी WINNERS**


1 दिनेश शर्मा, गाजियाबाद, यूपी


2 अशोक, उल्हास नगर, मुंबई


3 वेदांशी, रमेश नगर, दिल्ली


4 रंजना श्रीवास्तव, वसंत कुंज, दिल्ली


5 प्रिया माथी, दयालपुर, दिल्ली

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर का आरोप- वह नस्ली भेदभाव का शिकार हुए
# संन्यास से पहले ख्वाजा ने किया सन्न

■**एजेंसियां, सिडनी:** पाकिस्तान में जन्मे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ संडे से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले पहले मुस्लिम खिलाड़ी ख्वाजा ने संन्यास की घोषणा करते हुए 'नस्ली रूढ़िवादिता' की भी आलोचना की जिसका उन्हें अनुभव उन्होंने कथित रूप से अपने करियर के दौरान किया था। टॉप ऑर्डर बल्लेबाज 39 वर्षीय ख्वाजा के लिए एससीजी का मैदान काफी भाग्यशाली रहा है।

**'मुझे टारगेट किया गया':** ख्वाजा ने कहा कि उन्हें लगता था कि उनके पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ 'अभी भी थोड़ा अलग व्यवहार किया जाता है।' ख्वाजा ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लेकर कई तरह की नस्ली रूढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी...हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं।'

पर्थ मैच से पहले ख्वाजा की आलोचना हुई क्योंकि उन्होंने दो बार गोल्फ खेला और वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। कुछ लोगों का मानना था कि गोल्फ ही उनकी पीठ की समस्या का कारण हो सकता है। ख्वाजा ने कहा, 'मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ी गोल्फ खेलकर चोटिल हो गए लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए, लेकिन उनके बारे में कुछ नहीं कहा गया क्योंकि उस समय वो 'बस कुछ दोस्त थे।' अगर मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए।' ख्वाजा ने कहा कि उन्हें पता था कि उनके करियर का अंत निकट है। उन्होंने कहा, 'इस सीरीज के शुरू होने से पहले ही मुझे अंदाजा हो गया था कि यह मेरी अंतिम सीरीज होगी। मुझे खुशी है कि मैं अपनी शर्तों पर विदाई ले रहा हूं।'


उस्मान ख्वाजा

द एशेज

> मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लेकर कई तरह के नस्ली पूर्वाग्रह सामने आए। – उस्मान ख्वाजा

**उस्मान ख्वाजा का रेकॉर्ड**
टेस्ट: मैच- 87, रन- 6206, हाईएस्ट- 232, औसत- 43.39, स्ट्राइक रेट- 48.86, सेंचुरी/ हाफ सेंचुरी- 16/28
ODI: मैच- 40, रन- 1554, हाईएस्ट- 104, औसत- 42.00, स्ट्राइक रेट- 84.09, सेंचुरी/ हाफ सेंचुरी- 2/12
टी20I: मैच- 9, रन- 241, हाईएस्ट- 58, औसत- 26.77, स्ट्राइक रेट- 132.41, सेंचुरी/ हाफ सेंचुरी- 0/1

**इंग्लैंड ने घोषित किए 12 प्लेयर्स**
इंग्लैंड ने मौजूदा एशेज सीरीज के अंतिम टेस्ट के लिए अपने बारह सदस्यीय दल की घोषणा कर दी। इसके मुताबिक तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को इस सीरीज में पहली बार खेलने का मौका मिल सकता है। इंग्लिश टीम में 19 टेस्ट खेल चुके ऑफ स्पिनर शोएब बशीर भी शामिल हैं। पॉट्स को अब तक पूरी सीरीज में एक बार भी मौका नहीं मिला था, लेकिन सिडनी टेस्ट में उन्हें जगह मिलने की पूरी संभावना है चूंकि तेज गेंदबाज गस एटकिंसन इंजरी के कारण नहीं खेल पाएंगे। सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 3-1 से आगे चल रहा है और एशेज पर उसका कब्जा बरकरार है।
**सिडनी टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्राउली, बेन डकेट, विल जैक्स, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जोश टंग

**SCG से जुड़ी हैं यादें:** इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट ख्वाजा के करियर का 88वां और आखिरी टेस्ट मैच होगा, जो उसी मैदान पर खेला जाएगा जहां से उन्होंने अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। ख्वाजा ने 2018 में एससीजी में ही इंग्लैंड के खिलाफ 171 रन बनाकर एशेज में अपना पहला शतक बनाया था। एससीजी में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक लगाकर 35 वर्ष की उम्र में अपने करियर को नई दिशा दी।

# आज भारतीय वनडे टीम की हो सकती है घोषणा

■**पीटीआई, नई दिल्ली:** न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा आज होगी। हालांकि, जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो श्रेयस अय्यर और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ कुछ समय पहले हुई सीरीज में जीत दर्ज करने वाली टीम में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है। पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए शतक जड़ा है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू तेज गेंदबाजों का चयन है। टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह को भी आराम देते हैं। विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से दो मुख्य दावेदार सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज

## भारतीय टीम आएगी बांग्लादेश: बीसीबी

■**पीटीआई, ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा जिसमें तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 इंटरनैशनल सीरीज खेली जाएगी। हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं।

**सितंबर में मेजबानी का किया ऐलान**

बीसीबी की विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले 1, 3 और 6 सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20I मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस सीरीज के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था।

# PCB ने अपमानित किया, इसलिए छोड़ा पद: गिलेस्पी

■**एजेंसियां, कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच जेसन गिलेस्पी ने अपने छोटे लेकिन विवादों से भरे कार्यकाल को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि उन्हें कई मौकों पर अपमानित किया गया, जिससे पद पर बने रहना असंभव हो गया।

गिलेस्पी को अप्रैल 2024 में पाकिस्तान का टेस्ट कोच नियुक्त किया गया था, जबकि सफेद गेंद की टीम की जिम्मेदारी गैरी कर्स्टन के पास थी। हालांकि, पीसीबी ने बिना हेड कोच से सलाह लिए सीनियर सहायक कोच टिम नीलसन को बर्खास्त कर दिया, जिसे गिलेस्पी ने पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा, 'PCB ने बिना मुझसे बात किए बिना सीनियर सहायक कोच को बर्खास्त कर दिया। हेड कोच के रूप में मुझे यह स्थिति बिल्कुल अस्वीकार्य लगी। कई अन्य मुद्दे भी थे जिनसे मुझे पूरी तरह से अपमानित होना पड़ा।'

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि इस फैसले से उनका और बोर्ड का रिश्ता और खराब हो गया। इसके बाद उन्होंने साउथ अफ्रीका दौरे से हटने का फैसला किया और दिसंबर में इस्तीफा दे दिया। PCB और गिलेस्पी के बीच भुगतान को लेकर भी विवाद चल रहा है।

क्रिकेट कॉर्नर


पाक के पूर्व टेस्ट हेड कोच गिलेस्पी

### सुदर्शन चोटिल, आठ हफ्ते रहना पड़ सकता है बाहर

**नई दिल्ली:** युवा भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन को विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान गंभीर चोट लगी है और वह छह से आठ हफ्तों तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। BCCI सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली में हल्का फ्रैक्चर हो गया। 24 वर्षीय सुदर्शन ने 29 दिसंबर को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट किया, जहां स्कैन में चोट की पुष्टि हुई।

### हेलमेट पर फिलिस्तीन का झंडा, पूछताछ शुरू

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान हेलमेट पर फिलिस्तीन का झंडा दिखाने के मामले में क्रिकेटर फुरकान भट से पूछताछ शुरू की है। यह घटना जम्मू-कश्मीर चैंपियंस लीग में जेकेएल किंग्स और जम्मू ट्रेलब्लेजर्स के बीच मैच के दौरान सामने आई। बल्लेबाजी के समय कैमरे में फुरकान भट के हेलमेट पर फिलिस्तीन का झंडा नजर आया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें और टूर्नामेंट आयोजक को समन जारी किया। पुलिस जांच कर रही है कि झंडा दिखाने के पीछे क्या इरादा था और क्या इसके लिए जरूरी अनुमति ली गई थी।

## मुस्ताफिजुर विवाद में बोर्ड ने खींचे हाथ!

■**एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर उठे विवाद पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सूत्रों ने स्थिति स्पष्ट की है। बीसीसीआई से जुड़े एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि भारत सरकार की ओर से ऐसा कोई निर्देश नहीं मिला है, जिसमें बांग्लादेशी खिलाड़ियों को IPL में खेलने से रोकने को कहा गया हो। दरअसल, कोलकाता नाइटराइडर्स द्वारा बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद यह मुद्दा गरमाया है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की खबरों के बीच कुछ सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने रहमान को टीम से बाहर करने की मांग की है। BCCI से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि बोर्ड को इस मामले में सरकार की ओर से कोई आधिकारिक दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं, इसलिए हस्तक्षेप का सवाल नहीं उठता। मुस्ताफिजुर 2016 से IPL खेल रहे हैं और 60 मैचों में 65 विकेट ले चुके हैं। यह राशि किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को अब तक मिली सबसे बड़ी बोली है।

IPL अपडेट

मुस्ताफिजुर

# स्टब्स को जगह नहीं, मारकराम होंगे कप्तान

■**एजेंसियां, जोहानिसबर्ग:** साउथ अफ्रीका ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। एडेन मारकराम की अगुआई वाली टीम में सबसे चौंकाने वाला फैसला मिडल ऑर्डर बैटर ट्रिस्टन स्टब्स और ओपनर रयान रिकेल्टन को बाहर रखना रहा। प्रोटियाज ने 2024 वर्ल्ड कप फाइनल खेलने वाले सात खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है। मारकराम के अलावा क्विंटन डीकॉक, कगिसो रबाडा, मार्को यानसन, एनरिच नॉर्त्जे, डेविड मिलर और बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज टीम का हिस्सा हैं।

**टी20 वर्ल्ड कप अपडेट**

टीम में युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस, तेज गेंदबाज क्वेना मफाका, ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश, बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी, जेसन स्मिथ और डोनोवन फरेरा को शामिल किया गया है। स्पिनर जॉर्ज लिंडे की भी वापसी हुई है। स्मिथ ने साउथ अफ्रीका के लिए सिर्फ दो टी20I मैच का अनुभव है। मफाका ने साउथ अफ्रीका के लिए 13 टी20I मैच खेले हैं।


साउथ अफ्रीकी कप्तान मारकराम

**साउथ अफ्रीका टीम:** एडेन मारकराम (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), टोनी डी जॉर्जी, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्त्जे, कगिसो रबाडा, जेसन स्मिथ

**रजा को मिली कमान**
**हरारे:** जिम्बाब्वे ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए सिकंदर रजा को टीम की कमान सौंपी है। टीम में युवा बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को भी मौका दिया गया है। जिम्बाब्वे को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आयरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। जिम्बाब्वे का पहला मैच ओमान से होगा।

## वीनस रचेंगी टूर्नामेंट में नया कीर्तिमान


टेनिस स्टार वीनस विलियम्स

■**एजेंसियां, मेलबर्न:** दिग्गज टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। सात बार की सिंगल्स ग्रैंडस्लैम विजेता वीनस 45 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलकर इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन जाएंगी। आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस इस मेलबर्न पार्क में वापसी के लिए तैयार हैं, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था। वीनस ने आखिरी बार इस ग्रैंडस्लैम इवेंट में साल 2021 में हिस्सा लिया था, जिसके बाद वह पांच साल बाद यहां वापसी करेंगी। वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन**

## फटाफट खबरें

### अमीरा, जुहैर को गोल्ड
■ **भोपाल:** हरियाणा की अमीरा अरशद ने 68वीं नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस 10 मीटर एयर राइफल का गोल्ड जीता। उन्होंने रेलवे की राजश्री संचेती को सिर्फ 0.1 अंक से हराया (251.9 बनाम 251.8)। मेंस ट्रैप में यूपी के जुहैर खान ने पहला सीनियर नैशनल खिताब जीता।

### दिव्यांशी की आसान जीत
■ **वडोदरा:** गत चैंपियन दिव्यांशी भौमिक और सिंड्रेला दास ने WTT यूथ कंटेंडर में अंडर-17 अभियान की शुरुआत जीत से की। दिव्यांशी ने नौजा कामत को 3-0 से हराया, जबकि सिंड्रेला ने तानिया करमाकर को सीधे गेमों में मात दी। लड़कों में रित्विक गुप्ता, वेद पवार, आदित्य दास और साहिल रावत अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे।

### नामीबिया का असम दौरा
■ **गुवाहाटी:** नामीबिया की सीनियर महिला क्रिकेट टीम आगामी आठ जनवरी से असम के खिलाफ चार मैचों की फ्रेंडली सीरीज खेलेगी। दौरे में दो वनडे और दो टी20 मुकाबले खेले जाएंगे।

## मारिन फिर बने महिला हॉकी टीम के हेड कोच

■**एजेंसियां, नई दिल्ली:** नीदरलैंड्स के अनुभवी कोच शोर्ड मारिन को एक बार फिर भारतीय विमिंस हॉकी टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। 51 वर्षीय मारिन इससे पहले 2017 से 2021 तक इस भूमिका में रहे थे, जब भारत ने तोक्यो ओलिंपिक्स में चौथा स्थान हासिल किया था। वह हरेंद्र सिंह की जगह लेंगे, जिन्होंने निराशाजनक प्रदर्शन और कार्यशैली को लेकर लगे आरोपों के बाद पद छोड़ा। मारिन के साथ अर्जेंटीना के पूर्व मिडफील्डर मटियास विला विश्लेषणात्मक कोच होंगे, जबकि वेन लोम्बार्ड की वापसी वैज्ञानिक सलाहकार और खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में हुई है। मारिन ने कहा कि वह नई ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ लौटे हैं और टीम को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने कहा, 'भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं नई ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ इस पद पर लौटा हूं।'


हेड कोच शोर्ड मारिन

# पहले मैच में तूफांस के सामने ड्रैगंस

■**एजेंसियां, चेन्नै:** एकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस की टीम शनिवार को यहां मेंस हॉकी इंडिया लीग (HIL) के उद्घाटन मैच में हैदराबाद तूफांस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसे घरेलू दर्शकों के समर्थन से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सीजन में मैचों को कई शहरों में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत चेन्नै से होगी, फिर यह रांची में खेला जाएगा और 26 जनवरी को भुवनेश्वर में फाइनल के साथ समाप्त होगा। हैदराबाद तूफांस पिछले सीजन का उपविजेता था।

हॉकी इंडिया लीग

**टॉप-4 खेलेंगी नॉकआउट मैच:** इस सीजन में एक ही राउंड-रॉबिन प्रारूप होगा, जिसमें शीर्ष चार टीमें नॉकआउट राउंड में पहुंचेंगी। प्लेऑफ में शीर्ष दो टीमें क्वॉलिफायर एक में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें विजेता फाइनल में पहुंचेगा और हारने वाली टीम क्वॉलिफायर-2 में जाएगी। क्वॉलिफायर-2 की दूसरी टीम का फैसला एलिमिनेटर के विजेता द्वारा किया जाएगा, जो पॉइंट्स टेबल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच खेला जाएगा। इस सीजन तमिलनाडु ड्रैगंस, हैदराबाद तूफांस के अलावा बंगाल टाइगर्स, कलिंगा लांसर्स, एसजी पाइपर्स, सूरमा हॉकी क्लब, रांची रॉयल्स और एचआईएल जीसी भी खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी।


तमिलनाडु ड्रैगंस के कप्तान अमित रोहिदास

**रॉयल्स की दूसरी जीत, सूरमा के पहले अंक का इंतजार बढ़ा**
**नई दिल्ली:** रांची रॉयल्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग में पहला मैच गंवाने के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने शुक्रवार को हुए मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब को 2-0 के मामूली अंतर से हराया। सूरमा की यह लीग में लगातार तीसरी हार है, जिससे उसकी पहली जीत का इंतजार और बढ़ गया है। पिछले मैच में बंगाल टाइगर्स पर 5-0 की जीत दर्ज करने वाली रॉयल्स के लिए इस मैच में रुतुजा दादासो पिसाल ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चंद सेकंड पूर्व पहला गोल किया। मुकाबले के 54वें मिनट में साक्षी राणा ने एक और गोल कर सूरमा हॉकी क्लब की वापसी के सभी रास्ते बंद कर दिए और रांची को 2-0 की बढ़त दिला दी।

# ISL प्लेयर्स ने फीफा से लगाई मदद की गुहार


■**एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंडियन सुपर लीग (ISL) का 2025-26 सीजन अब तक शुरू नहीं होने से भारतीय फुटबॉल गहरे संकट में फंसता दिख रहा है। इस हालात से चिंतित सुनील छेत्री, गुरप्रीत सिंह संधू और संदेश झिंगन सहित कई भारतीय व विदेशी प्लेयर्स ने फीफा से हस्तक्षेप की अपील की है। खिलाड़ियों ने चेतावनी दी कि भारतीय फुटबॉल 'स्थायी ठहराव' की ओर बढ़ रहा है। संयुक्त बयान में कहा गया कि जनवरी आ चुका है, लेकिन खिलाड़ी मैदान पर नहीं हैं और अनिश्चितता ने डर व हताशा का माहौल बना दिया है। खिलाड़ियों का आरोप है कि AIFF मौजूदा हालात में अपनी जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अपील राजनीतिक नहीं है।

फुटबॉल कॉर्नर

सिटी और संडरलैंड का मैच

**मैनचेस्टर सिटी का मैच ड्रॉ**
**लंदन:** अर्लिंग हॉलन की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सदरलैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, जिससे इंग्लिश प्रीमियर लीग की टाइटल रेस में टीम पिछड़ गई है। आर्सनल 4 अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर मजबूत है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES 21 Mar-19 Apr:** आपकी राशि का स्वामी मंगल-सौम्य ग्रह की राशि में है। जीवनसाथी का सहयोग व सान्निध्य प्राप्त होगा। सायंकाल के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। रात्रि का समय प्रियजनों से भेंट व आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

**TAURUS 20 Apr-19 May:** आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**GEMINI 21 May-21 Jun:** आज के दिन किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। सायंकाल में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज के दिन किसी भी कार्य में जल्दबाजी बिल्कुल न करें।

**CANCER 22 Jun-22 July:** चंद्रमा द्वादश भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आज के दिन आजीविका के क्षेत्र में आपकी प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। सायंकाल से लेकर रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार मिलेगा।

**LEO 23 July-22 Aug:** राशि का स्वामी सूर्य धनु राशि पंचम पराक्रम भाव में आ गया है। आज आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। आज दिन के समय अधिक भागदौड़ और स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

**VIRGO 23 Aug-22 Sep:** राशि स्वामी बुध चतुर्थ भाव पराक्रम वृद्धि कर रहा है। रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

**LIBRA 23 Sep-22 Oct:** आज आपके घर और सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का मनोबल गिरेगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ता की ओर बढ़ेंगे।

**SCORPIO 23 Oct-21 Nov:** आपकी राशि पर शनि की स्थिति पंचम संतान लक्ष्मी भाव में हो गई है। फलस्वरूप स्वास्थ्य संबंधी कुछ कष्ट उत्पन्न हो सकते हैं। बेहतर होगा आज दिन के पहले हिस्से में किसी अच्छे डॉक्टर से अपनी सेहत के मामले में सलाह-मशविरा कर लें और उसके बाद ही बाकी के कामों में जुटें।

**SAGITTARIUS 22 Nov-21 Dec:** आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के भी अवसर प्राप्त होंगे।

**CAPRICORN 22 Dec-19 Jan:** आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सायंकाल के समय किसी झगड़े-विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बन रहा है।

**AQUARIUS 20 Jan-18 Feb:** आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि उदय चल रहा है। इसलिए आज के दिन कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े-विवाद से बचें।

**PISCES 19 Feb-20 Mar:** आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कार्यों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। भाइयों और साले से आज लेन-देन न करें। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा के समय सावधान अवश्य रहें। बृहस्पति का विशेष योग मूल्यवान वस्तुएं चोरी करा सकता है।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल, बुध, चंद्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। जनवरी शेष में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को बारबार समस्याओं से जूझना पड़ेगा। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं और समय के साथ व्यापार पटरी पर लौटेगा। फरवरी महीने के अंत तक अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। गत वर्ष के सभी बचे हुए प्रसंग उभरकर सामने आएंगे। मार्च के महीने में आर्थिक कष्ट व्यथित कर सकते हैं। अप्रैल महीने में जहां आपको किसी भव्य व श्रेष्ठ कार्यक्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा। वहीं मई माह के शेष तक आपके कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस दौरान आपके कार्यक्षेत्र में आपको नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। इस वर्ष के उत्तरार्ध जून महीने की शुरुआत से लेकर जुलाई महीने के अंत तक आपका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा, सब लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। अगस्त माह से लेकर सितंबर माह तक में यदि कष्ट मिला हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देख लें और कटोरी को तेल सहित डाकोत को दान कर दें। इस तरह पांच शनिवार करें इससे घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अक्टूबर-नवंबर माह तक शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि करने वाला होगा। महिलाओं के सुख सम्मान की वृद्धि होगी।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


## कल का पंचांग
(रविवार, 4 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 15, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, प्रतिपदा, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 21, रजब 14, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 4 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल 4 बजकर 30 मिनट बजे से 6 बजे तक। प्रतिपदा तिथि दिन के 12 बजकर 30 मिनट तक उपरांत द्वितीया तिथि का आरंभ। पुनर्वसु नक्षत्र अपराह्न 3 बजकर 11 मिनट तक उपरांत पुष्य नक्षत्र का आरंभ। वैधृति योग अर्द्धरात्रोत्तर 1 बजकर 47 मिनट तक उपरांत विष्कुम्भ योग का आरंभ। कौलव करण मध्याह्न 12 बजकर 30 मिनट तक। चंद्रमा 9 बजकर 43 मिनट तक मिथुन उपरांत कर्क राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-पौषी पूर्णिमा लक्ष्मी पूजा समाप्त।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 9 | | 7 | 1 | | |
| 1 | | | 3 | | 8 | | | 2 |
| | 7 | | | 5 | | | 6 | |
| 7 | 1 | | | | | | 9 | 5 |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| 3 | 9 | | | | | | 4 | 6 |
| | 8 | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | | 1 | | 6 | | | 7 |
| | | 7 | 2 | | 5 | 6 | | |

## TELEVISION



big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बबलू बुलबुल
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 भ से भड़े
14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00 लिटिल कृष्णा
17:00 बबलू डबलू
18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: cci Time: 01-02-2026 22:45 Color:



## NBT AI टाइम मशीन
### भारत की पहली महिला टीचर की जयंती

आज ही के दिन 1831 में सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अहम है। फुले ने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए आवाज उठाई, जब इसे अपराध माना जाता था। उन्होंने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। उन्हें भारत की पहली महिला टीचर भी कहा जाता है। स्कूल जाते समय लोग उन पर कीचड़ और पत्थर फेंकते थे, फिर भी वे पीछे नहीं हटीं।



### बच्चों के हिसाब से पढ़ाएंगे AI टीचर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में शिक्षा पूरी तरह तकनीक आधारित होगी। AI टीचर बच्चों की जरूरत के हिसाब से पढ़ाएंगे। किताबों की जगह इंटरएक्टिव होलोग्राम और वर्चुअल क्लास होंगी। शिक्षा सस्ती, सुलभ और घर बैठे मुहैया होगी। रटने की जगह समझ, कौशल और क्रिएटिविटी पर जोर होगा। बच्चे बचपन से ही कोडिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग और नई तकनीकों में माहिर होंगे। हालांकि डिजिटल असमानता, डेटा सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं की कमी बड़ी चुनौतियां होंगी।



AI Images


## SPEED News

### चीन ने 'अपग्रेडेड' गाइडेड मिसाइल



File

स्ट्रॉयर कमीशन किया है। यह टाइप 052D श्रेणी का है। इसका नाम 'लाउडी' रखा है। BBC ने कहा, चीन दुनिया की सबसे बड़ी नेवी बन गई है।



File


### ताइवान के पास चीन के सैन्य अभ्यास पर

US ने चिंता जताई। चीन का यह अब तक के सैन्य अभ्यासों में से एक है। US ने कहा कि पेइचिंग की कार्रवाई से तनाव बढ़ सकता है।

### भारत-ब्रिटेन ट्रेड डील पहली छमाही तक

लागू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त एंड्रयू फ्लेमिंग ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी का नया दौर शुरू होगा।





### पाकिस्तान में तक्षशिला के पास खुदाई में दुर्लभ

सजावटी पत्थर और सिक्के मिले हैं, जिससे प्राचीन सभ्यता की शहरी बस्ती की एक दुर्लभ झलक मिलती है।

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।**

# ईरान में सड़कों पर जनता

## प्रदर्शन में 7 लोगों की मौत, महंगाई बढ़ने और रोजगार संकट से बिगड़े हालात

■ NBT रिपोर्ट



NBT EXPLAINER

**ईरान की राजधानी** तेहरान में भी कई जगह प्रदर्शन हो रहे, आगजनी भी हुई

**ईरान में** देश के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर हैं। वजह है बेहद खराब होती आर्थिक हालत। महंगाई इतनी बढ़ चुकी है कि आम आदमी के लिए रोजमर्रा की जिंदगी चलाना मुश्किल हो गया है। खाने-पीने से लेकर इलाज तक सब कुछ बहुत महंगा हो गया है और ईरान की मुद्रा (रियाल) की कीमत तेजी से गिर रही है। लोगों के पास नौकरी नहीं है। देश के कई हिस्सों में गुरुवार को हुए प्रदर्शनों में 7 लोगों की मौत हो गई। आशंका जताई गई है कि ईरान की धार्मिक सत्ता अब इन आंदोलनों से निपटने के लिए सख्त रुख अपना सकती है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि प्रदर्शन करने वालों पर सख्ती हुई तो अमेरिका को आगे आना पड़ेगा।

**2022 के बाद सबसे बड़ा आंदोलन:** इन प्रदर्शनों को 2022 के बाद ईरान में सबसे बड़े आंदोलन के रूप में देखा जा रहा है। 2022 में 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद देशभर में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुए थे। सबसे ज्यादा हिंसा की खबर लोरिस्तान प्रांत के अजना शहर से आई है, जो तेहरान से करीब 300 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इसी तरह चहारमहल और बख्तियारी प्रांत के लोर्डेगान शहर में भी प्रदर्शन हिंसक हो गए। वहां दो लोगों की मौत की बात कही गई। इस्फहान प्रांत के फुलादशहर में भी एक व्यक्ति की मौत हुई है।

**Q क्या हो रहा है अभी?**

आर्थिक मुद्दों से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब सीधे तौर पर ईरान की धार्मिक सत्ता के खिलाफ नारेबाजी तक पहुंच गए हैं। ईरान के कई शहरों और गांवों में प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण और छोटे शहरों में, जहां लुर समुदाय रहता है, वहां गुस्सा ज्यादा देखने को मिल रहा है। जून में इस्राइल के साथ हुए 12 दिन के युद्ध और अमेरिकी हमलों के बाद से ईरान पहले ही दबाव में है। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि बढ़ते विरोध प्रदर्शन बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

**Q लोग सड़कों पर क्यों उतरे?**

असल वजह पैसा और महंगाई है। ईरान में महंगाई 42% से ज्यादा हो चुकी है। खाने-पीने की चीजें पिछले साल के मुकाबले करीब 72% महंगी हो गई हैं। इलाज और दवाइयों का खर्च करीब 50% तक बढ़ गया है। इसके अलावा ईरानी मुद्रा बुरी तरह टूट चुकी है। आज 1 डॉलर करीब 14 लाख रियाल का हो गया है। एक साल पहले यही 8 लाख 20 हजार रियाल का था। इसका मतलब ये कि लोगों की आमदनी वही है, लेकिन खर्च कई गुना बढ़ गया है। दुकानदारों ने घाटे के डर से सामान बेचना बंद कर दिया है।

**Q ज्यादा हिंसा कहां हुई?**


लोरिस्तान प्रांत के अजना शहर में हालात सबसे ज्यादा बिगड़े। यहां 3 लोगों की मौत हुई और 17 लोग घायल हैं। विडियो में सड़कों पर आग, गोलियों की आवाज और गुस्साए लोग दिखाई दिए। लोर्डेगान में 2 प्रदर्शनकारियों की मौत हुई। इस्फहान के फुलादशहर में एक व्यक्ति की जान गई और कूहदश्त में बसीज (सरकारी स्वयंसेवी बल) का 21 साल का सदस्य मारा गया। ये प्रदर्शन 2022 में जितने बड़े और हिंसक नहीं हैं। लेकिन गांवों और छोटे शहरों में तेजी से फैल रहे हैं।

**Q आगे क्या हो सकता है?**

ईरान इस वक्त एक नाजुक दौर से गुजर रहा है, जहां आम लोगों की जिंदगी, सरकार की स्थिरता और जनता का भरोसा, तीनों दांव पर लगे हैं। दुनिया की नजर एक बार फिर ईरान की सड़कों पर है, जहां लोग अपनी परेशानी खुलकर जाहिर कर रहे हैं। (इनपुट: एपी)

### ईरान की सरकार क्या कह रही है?

ईरान की सरकार मान रही है कि विरोध की वजह आर्थिक तंगी है। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि सरकार लोगों की बात सुनना चाहती है, लेकिन मुद्रा पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। सुरक्षा बलों ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है और हथियार जब्त करने का दावा किया है। 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद हुए प्रदर्शनों के समय कई पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया था, तभी स्थानीय मीडिया डर से खुलकर रिपोर्टिंग नहीं कर रहा।



मसूद पेजेश्कियान

### ईरान के सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और ट्रंप भिड़े



डॉनल्ड ट्रंप | अली लारीजानी

■ एपी, दुबई (यूएई): इन प्रदर्शनों के बीच ट्रंप और ईरानी शीर्ष अधिकारियों के बीच तीखी बयानबाजी हुई है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हिंसक हत्या की, तो अमेरिका हस्तक्षेप करेगा। इसके जवाब में ईरान की सुप्रीम नैशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारीजानी ने कहा कि अमेरिका के लोगों को पता होना चाहिए कि ट्रंप ने दुस्साहस शुरू किया है। उन्हें अपने सैनिकों का ख्याल रखना चाहिए। सुप्रीम लीडर खामेनेई के सलाहकार अली शमखानी ने चेतावनी दी कि कोई भी दखल देने वाला हाथ जो ईरान की सुरक्षा के बहुत करीब आएगा, उसे काट दिया जाएगा। ईरानियों ने अच्छे से देखा है कि US ने कैसे गाजा से अफगानिस्तान तक लोगों को बचाया।

### '2025 में 2,200 लोगों को फांसी, इनमें 64 महिलाएं भी'

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन में 2025 में 97 शहरों में सबसे ज्यादा 2,200 लोगों को फांसी पर लटकाया गया। यह संख्या 2024 से दोगुनी से भी ज्यादा है और 2022 से यह करीब 4 गुना है। सिर्फ दिसंबर 2025 में 376 लोगों को फांसी दी गई, जो पिछले 37 वर्षों में कभी नहीं हुआ। 2025 में 64 महिलाओं को फांसी दी गई, जो पिछले साल से लगभग दोगुना है। 13 लोगों को सार्वजनिक रूप से फांसी दी गई, जो पिछले साल की तुलना में करीब 3 गुना है। ईरान की विरोधी नेता और खामेनेई की विरोधी मरियम राजवी ने यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि सामूहिक फांसियां साफ तौर पर संगठित अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध हैं। यह उस शासन की हताश कोशिश है, जो सत्ता बचाने में लगी है।



मरियम राजवी

### मद्रास IIT में विदेश मंत्री ने कहा...
## 'भारत को बुरे पड़ोसियों से रक्षा का हक है'



एस. जयशंकर

■ पीटीआई, चेन्नै: विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि बात जब बुरे पड़ोसियों की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पड़ोसी देश भारत में आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो वह नई दिल्ली से पानी साझा करने की मांग नहीं कर सकता। जयशंकर ने कहा कि अच्छे पड़ोसियों के मामले में भारत निवेश करने, मदद देने और साझा करने में कभी पीछे नहीं हटता, फिर चाहे वह कोविड-19 महामारी के दौरान टीके हों, यूक्रेन संघर्ष के दौरान ईंधन एवं खाद्य सहायता हो या श्रीलंका को उसके वित्तीय संकट के दौरान दी गई 4 अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद हो। चेन्नै में मद्रास IIT के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, 'दुनिया भर में बहुत से लोग अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत पर गर्व करते हैं। मुझे कोई कारण नजर नहीं आता कि हमें ऐसा क्यों नहीं करना चाहिए। हमें अपने अतीत की ऐसी समझ है, जो बहुत कम देशों के पास है... लोकतांत्रिक राजनीतिक मॉडल अपनाने के हमारे फैसले ने ही लोकतंत्र के विचार को एक सार्वभौमिक राजनीतिक अवधारणा बना दिया।'

**पानी और आतंकवाद एक साथ नहीं: जयशंकर**

### पाक और चीन रिश्ते पर बलूच नेता ने लिखा पत्र

■ NBT रिपोर्ट: बलूच नेता मीर यार बलूच ने चीन-पाकिस्तान के बढ़ते रणनीतिक रिश्तों को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। TOI के मुताबिक, उन्होंने दावा किया है कि आने वाले महीनों में चीन, पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में अपनी सैन्य तैनाती कर सकता है। नए साल के दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखे खुले पत्र में मीर यार बलूच ने कहा कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) अपने अंतिम चरण में है और यह बलूच जनता के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।




# कनाडा ने AI से कहा, नशे में था पायलट, कार्रवाई करें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



File

**कनाडा ने** एयर इंडिया (AI) को सूचित किया है कि उसके एक पायलट को 23 दिसंबर 2025 को वैंकूवर से उड़ान भरने से ठीक पहले नशे की हालत में पाया गया। यह मामला कनाडाई विमानन कानूनों का उल्लंघन माना गया है। ट्रांसपोर्ट कनाडा ने एयर इंडिया से इस घटना की जांच कर 26 जनवरी तक की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। कनाडाई अधिकारियों के अनुसार, वैंकूवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) ने दो बार ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किए, जिनमें पायलट के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पायलट को उड़ान से हटा दिया गया। ट्रांसपोर्ट कनाडा ने इसे एयर इंडिया के फॉरेन एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (FAOC) की शर्तों का उल्लंघन बताया है और कहा है कि इस पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।


### गर्भवती के लिए मसीहा बना ड्राइवर

■ पीटीआई, टोरंटो: कनाडा में भारतीय मूल का एक कैब ड्राइवर गर्भवती महिला के लिए मसीहा बनकर उभरा। महिला ने प्रसव पीड़ा होने के बाद कार में ही बच्चे को जन्म दे दिया था और ड्राइवर ने तुरंत उसके साथ मौजूद व्यक्ति और नवजात को सकुशल अस्पताल पहुंचाया। टैक्सी ड्राइवर हरदीप सिंह तूर को पिछले शनिवार देर रात को एक आपात फोन कॉल आया था। फोन करने वाले ने बताया था कि उन्हें अस्पताल जाना है। तूर ने कहा कि 23 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान, तूफानी मौसम और फिसलन भरी सड़कों को पार करते हुए जल्दी अस्पताल पहुंचाना चाहते थे।

**कनाडा में भारतीय मूल के कैब ड्राइवर की चर्चा**

### CDS ने कार निकोबार एयरस्ट्रिप की शुरुआत की

■ पीटीआई, श्री विजयपुरम (निकोबार): चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय वायु सेना के कार निकोबार एयरफोर्स बेस पर अत्याधुनिक एयरस्ट्रिप की शुरुआत की। श्री विजयपुरम से करीब 535 किलोमीटर दूर स्थित निकोबार जिले का कार निकोबार द्वीप 2004 की सुनामी के दौरान सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। यह एयरस्ट्रिप पूर्वी मोर्चे को और अधिक मजबूती देगी।



जनरल अनिल चौहान

### 'शैंपेन की बोतलों पर स्पार्कल्स से स्विस बार में लगी थी आग'

■ एपी, क्रैंस-मोंटाना: स्विट्जरलैंड के क्रैंस-मोंटाना स्की रिजॉर्ट में न्यू ईयर पार्टी के दौरान बार में लगी भीषण आग में 40 लोगों की मौत और 119 लोग घायल हुए थे। जांच टीम ने शुक्रवार को बताया कि शैंपेन की बोतलों पर जलते हुए स्पार्कल्स छत के बेहद करीब आ गए, जिससे आग लग गई और कुछ सेकंड में ही पूरा बार लपटों की चपेट में आ गया। हादसे के बाद चर्च में प्रार्थनाएं हुईं, स्मारक बनाए गए और पोप लियो ने पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई। जांच टीम ने कहा कि आग के सटीक कारणों की जांच अभी जारी है।



**ग्लोबल राजनीति** | बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया के सोशल मीडिया पोस्ट से चर्चा

# भारत के बगैर SAARC की कल्पना में कुछ दम है या सिर्फ बयानबाज़ी?

Alpyu.Singh@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय राजनीति में एक बार फिर हलचल दिखने लगी है। वर्षों से निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय समूह (SAARC) को लेकर नई चर्चाएं तब तेज हुईं, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सार्क की भावना जिंदा है। सवाल यह है कि क्या भारत के बिना सार्क जैसी किसी क्षेत्रीय सोच की कोई प्रासंगिकता बचती है, या यह सिर्फ कूटनीतिक बयानबाजी भर है?

सार्क या ऐसे किसी क्षेत्रीय संगठन को लेकर उठ रही सुगबुगाहट एकदम से शुरू नहीं हुई है। इस तरह की चर्चाएं उस वक्त भी सामने आई थीं, जब जून में चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने त्रिपक्षीय बैठक की थी। सार्क समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। अपने शुरुआती वर्षों में इसे दक्षिण एशिया की आवाज की तरह देखा जाता था। 2016 में इसकी मीटिंग इस्लामाबाद में होनी थी, लेकिन उड़ी हमले के बाद भारत ने इस समिट में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

**पाकिस्तान का दबाव और बांग्लादेश का साथ:** पाकिस्तान सार्क जैसा एक गुट बनाने की कोशिशों में लगा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के बगैर एक क्षेत्रीय संगठन बनाना चाहता है। इस साल फरवरी में बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने ओमान में जयशंकर के साथ हुई बैठक में सार्क का मुद्दा उठाया था।

**क्यों दूसरे सहयोगियों को साथ लाना आसान ना होगा?:** सार्क जैसा संगठन बनाने की किसी भी त्रिपक्षीय कोशिश करने वाले देश ये जानते हैं कि वैकल्पिक समूह को प्रभावी तरीके से काम करने के लिए ये जरूरी है कि भूटान, नेपाल, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मालदीव जैसे देशों को सार्क सरीखे किसी समूह में शामिल करना इतना आसान नहीं होगा।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. ईरान की मुद्रा का क्या नाम है?
   A. रियाल B. यूरो C. रुपया
2. सार्क समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, पाकिस्तान के अलावा 7वां देश इनमें से कौन है?
   A. ब्रिटेन B. यमन C. श्रीलंका
3. CDS जनरल अनिल चौहान ने 2004 की सुनामी में प्रभावित द्वीप पर अत्याधुनिक एयरस्ट्रिप की शुरुआत की, यह कहां है?
   A. निकोबार B. दमन C. लक्षद्वीप
4. चीन ने 'अपग्रेडेड' गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर कमीशन किया है। उसका क्या नाम है?
   A. विनाशक B. लाउडी C. फोर्ड
5. सरकार ने कहा, AI टूल Grok का इस्तेमाल महिलाओं के खिलाफ अश्लील कंटेंट बनाने व फैलाने में हो रहा है? Grok को किसने बनाया है?
   A. OpenAI
   B. Deepmind
   C. xAI

**कल के जवाब**

A1 C. 2024 A2 B. 1 फरवरी 2026 A3 C. 40% A4 A. गुवाहाटी-कोलकाता A5 B. जोहरान ममदानी

**लकी विनर्स**



1. श्रेष्ठा शर्मा, पश्चिम विहार
2. बिशुन कुमार वर्मा, गाजियाबाद
3. पुरुषोत्तम गर्ग, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP2 User: cci Time: 01-02-2026 22:15 Color:



# सोफिया-व्योमिका को पूरे देश ने चुना



## नवभारत टाइम्स के माध्यम से सभी देशवासियों का मैं धन्यवाद करती हूं। मैं स्वयं को केवल भारतीय सेना का एक प्रतिबिंब मानती हूं। यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस पूरे संगठन का है, जिसकी सेवा करने का सौभाग्य मुझे मिला है।

*कर्नल सोफिया कुरैशी*

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025


## एनबीटी पाठकों के वोट से चुनीं गईं विजेत्री



## दोनों बनीं 'प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर'




## 'मुझे भारतीय सेना के हर सैनिक पर गर्व है'



ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, यह अभियान हमारे राष्ट्र के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है कि देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता पूरे देश के एकजुट होने और भारतीय सेना को मिले समर्थन का परिणाम है। इस अभियान ने भारतीय सेना की उस क्षमता को प्रदर्शित किया कि वह जहां कहीं भी आतंकी और उनके शिविर हो, वहां सटीकता और जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई कर सकती है। इस अभियान में सभी सैनिकों ने साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। भारतीय सेना राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव सतर्क है। देशवासियों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और मुझे भारतीय सेना के प्रत्येक सैनिक पर गर्व है।

*जनरल उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय सेना प्रमुख*


## 'दोनों बहादुर बहनों को बहुत-बहुत बधाई'



नवभारत टाइम्स के पाठकों की ओर से 'NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025' के रूप में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का चुना जाना हमारे लिए गर्व का विषय है। मैं दोनों बहनों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि नवभारत टाइम्स के पाठकों ने भारतीय सेना को सर्वोपरि रखा है। हमारे लिए बहुत गौरव और सम्मान की बात है कि इस पुरस्कार के लिए देश की जनता ने भारतीय सेना की प्रतिनिधि के तौर पर हमारी इन बहादुर बहनों को चुना। हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम पर हमें गर्व है। जिस तरह से देश की सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में आतंक को मुंहतोड़ जवाब दिया, वह अपने आप में एक मिसाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमेशा देश के सम्मान को सर्वोपरि रखा है, हमें उन पर गर्व है।

*ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश*

## 'ट्रेनिंग में ही पता लग गया था कि असाधारण रूप से दृढ़ निश्चय वाली हैं व्योमिका'



एयर कमोडोर ए.के. प्रसाद (रिटायर्ड)

जब विंग कमांडर व्योमिका सिंह सिकंदराबाद स्थित हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग स्कूल में आईं तब वह पहले से इंजीनियरिंग कर चुकी थीं। आमतौर पर ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि कोई इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद फ्लाइंग ब्रांच को चुने। तभी मुझे लगा था कि वह असाधारण रूप से दृढ़ निश्चय वाली हैं। उन्होंने बेसिक हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग कोर्स को बेहद अच्छे ढंग से पूरा किया। 2004 से 2005 के बीच ट्रेनिंग के दौरान मैंने व्योमिका को नजदीक से देखा। उन दिनों वह बेहद फोकस्ड, कमिटेड ट्रेनी थीं। बाद में उन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में अलग-अलग तरह के टेरेन में उड़ान भरी। व्योमिका न सिर्फ एक अच्छी ऑफिसर हैं, बल्कि एक बेहद संवेदनशील इंसान भी हैं। इसका एक निजी अनुभव मेरे लिए खास है। जब मेरी बेटी की शादी होनी थी और मेरा परिवार मुंबई में था, तब दिल्ली में हमें जो भी मदद चाहिए थी, व्योमिका ने पूरी जिम्मेदारी और अपनापन दिखाते हुए वह मदद की। वह रिश्तों की अहमियत समझती हैं और हर संबंध को पूरा सम्मान देती हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें ब्रीफिंग करते देखना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण था। जिस अधिकारी को मैंने कभी एक ट्रेनी के तौर पर देखा था, वह उस दिन न सिर्फ भारतीय वायुसेना बल्कि पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। वह प्रेस को जानकारी दे रही थीं, लेकिन पूरी दुनिया उन्हें देख रही थी। उनके अनुभव, क्षमता और आत्मविश्वास ने ही उन्हें इस भूमिका के योग्य बनाया।



दोनों ने सुनाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी


> जब भी मैं उनसे मिला, हर बार मैंने उन्हें एक बेहद प्रोफेशनल, संतुलित और संवेदनशील वायुसेना अधिकारी के रूप में ही पाया।



हम देशवासियों का धन्यवाद करते हैं, जिनका अटूट विश्वास हमें ताकत देता है और ज्यादा मजबूती और अधिक समर्पण के साथ सेवा करने की प्रेरणा देता है। भारतीय वायुसेना के लिए साल 2025 गर्व का और निरंतर सतर्कता का रहा। जब हमारे साथी लगातार, बिना किसी आराम के, देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैयार रहे। हमने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और एक बार फिर सबसे पहले रिस्पॉन्ड करने वाली फोर्स के रूप में आगे आए। हमारे एयरक्राफ्ट, इक्विपमेंट, हमारे लोग पूरे साल पूरी तरह तैयार रहे। हमेशा की तरह, भारतीय वायुसेना देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा और राष्ट्र की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

*विंग कमांडर जयदीप सिंह, प्रवक्ता, भारतीय वायुसेना*

## 'सोफिया शुरू से ही अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित और मेहनती अफसर रही हैं'



ले. जनरल डी.पी. पाण्डे (रिटायर्ड)

कर्नल सोफिया कुरैशी को मैं उस समय से जानता हूं, जब वे आर्मी वॉर कॉलेज में सीनियर कमांड कोर्स कर रही थीं और मेरी स्टूडेंट थीं। उस दौरान ही उनमें एक सशक्त सैन्य अधिकारी के सभी गुण साफ दिखाई देते थे। वे शुरू से ही अपने काम के प्रति बेहद ईमानदार, मेहनती और समर्पित अफसर रही हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब कर्नल कुरैशी प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए देश और दुनिया के सामने ऑपरेशन से जुड़ी जानकारी रख रही थीं तो उनका आत्मविश्वास और विषय पर पकड़ साफ झलक रही थी। जिस स्पष्टता और संतुलन के साथ उन्होंने मीडिया को ब्रीफ किया, वह सिर्फ भारतीय सेना के एक अधिकारी की नहीं बल्कि एक प्रशिक्षित सैन्य लीडर की झलक थी। उनके शब्दों और व्यवहार में भारतीय सेना की वह परंपरा दिखाई देती है जो न सिर्फ बेहतरीन सैनिक, बल्कि सक्षम नेतृत्व भी तैयार करती है। सोशल मीडिया पर जब कुछ पाकिस्तानी और असामाजिक तत्वों ने उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की तब भी कर्नल कुरैशी का जवाब बेहद संतुलित और गरिमापूर्ण रहा। उन्होंने किसी भी तरह की उकसावे वाली प्रतिक्रिया से बचते हुए सेना की गरिमा बनाए रखी। मुझे खुशी है कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी सामने रखने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई और उन्होंने इस भूमिका को पूरी क्षमता और परिपक्वता के साथ निभाया। उनके इस योगदान और उपलब्धियों पर मुझे गर्व है।



बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक के दिल में दोनों ने जगह बनाई

> सोशल मीडिया पर जब कुछ असामाजिक तत्वों ने उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की, तब भी सोफिया का जवाब बेहद संतुलित और गरिमापूर्ण रहा।

## यंग इंडिया ने भी व्योमिका-सोफिया को बताया हर जेनरेशन के लिए प्रेरणा



'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरे भारत की जबां तक पहुंचाने वाली ये दोनों ही महिलाएं 2025 के सबसे इनफ्लुएंशल चेहरे हैं। पहलगाम अटैक के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारी जरूरत बना, हमारी सेना की ताकत काबिले तारीफ थी, जिसे इन दो सेना के अधिकारियों ने डाइनिंग टेबल की चर्चा तक पहुंचाया। - अनन्या सिंह



पहलगाम हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। महिलाओं के सामने उनके अपनों को मारा गया, इसीलिए 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया और कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को इस ऑपरेशन का चेहरा बनाया गया। इसने हमारी विमन पावर को दिखाया। - वर्चस्व पांडे



पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हमारी आर्मी पावर दिखाई, तो कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारत की विमन पावर को दिखाया और लोगों के लिए, खासतौर पर लड़कियों के लिए ये प्रेरणा बनीं। ये 2025 के वो चेहरे हैं, जो हमेशा याद रखे जाएंगे। - अद्वैत



दोनों ही सेना अधिकारियों ने हमारी फोर्सेज की ताकत से देश का परिचय कराया और पब्लिक में कॉन्फिडेंस भरा। फिमेल होना यह 2025 के लिए खास बात थी। जिस तरह से इन्हें यह बड़ा मौका दिया गया, उसी तरह से ही देश के काबिल युवा भी सेना से जुड़कर देश की सेवा करना चाहते हैं। - चित्रा



महिला अधिकारियों को यह कमान देना, स्पेशल था। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे गंभीर और बड़े सेना अभियान की इन्होंने ब्रीफिंग की और इस से महिलाओं को लेकर सोच मजबूत हुई कि वे लीड कर सकती हैं। यह उदाहरण है कई ऑर्गनाइजेशन/कंपनियों के लिए, जो महिलाओं को लीडर का रोल देने से हिचकते हैं। - सृष्टि सेठी

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: vivek.kumar4 Time: 01-02-2026 19:43 Color:



# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश, पुलिस ने की सख्ती

■ NBT न्यूज, बुलंदशहर: बुलंदशहर के सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मोखेड़ा में असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया। गुरुवार की रात गांव के एक विशेष समुदाय के 10-12 घरों के बाहर आपत्तिजनक और भड़काऊ बातें लिखे पर्चे फेंके गए। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीणों ने ये पर्चे देखे, तो गांव में तनाव फैल गया और लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। सीओ भास्कर मिश्रा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीमों का गठन किया है और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट को भी जांच में लगाया गया है।


परिशिष्ट-'क'

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान**

**लखनऊ रोड, तिमारपुर, दिल्ली 1100-54**

निम्नलिखित फेलोशिप शुरू में दो वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध है (नियमों के अनुसार विस्तार योग्य)। इन फेलोशिप के लिए लागू क्यूआर और वजीफा नीचे दिए गए हैं:-

| क्र. सं. | फेलोशिप | क्यूआरएस | वजीफा | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जेआरएफ (08) | **अनिवार्य:** मनोविज्ञान/एप्लाइड मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर (संगठन व्यवहार/सामाजिक मनोविज्ञान/व्यक्तित्व मूल्यांकन/नैदानिक/स्वास्थ्य में विशेषज्ञता) प्रथम श्रेणी के साथ और NET/GATE योग्यता। | रुपये 37,000/- प्रतिमाह, पहला और दूसरा वर्ष। रुपये 42,000/- प्रतिमाह, तीसरा वर्ष यदि जेआरएफ के रूप में बनाए रखा जाता है। रुपये 37,000/- प्रतिमाह, यदि विस्तारित किया जाता है, तो पूरे कार्यकाल के दौरान। एचआरए सरकारी नियमों के अनुसार स्वीकार्य होगा। रुपये 15,000/- प्रति वर्ष तक का आकस्मिक अनुदान 2 वर्ष के लिए। अगले वर्षों के लिए आकस्मिक अनुदान बढ़ाकर रुपये 20,000/- प्रति वर्ष कर दिया जाएगा। | अधिकतम 28 वर्ष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट भारत सरकार के आदेशों के अनुसार)। |
| 2. | आरए (01) | **अनिवार्य:** मनोविज्ञान में पीएच.डी. | रुपये 67,000/- प्रतिमाह, पूरे कार्यकाल के दौरान (02 वर्ष, दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-विस्तार योग्य)। एचआरए सरकारी नियमों के अनुसार स्वीकार्य होगा। पूरे कार्यकाल के दौरान रुपये 20,000/- प्रति वर्ष तक का आकस्मिक अनुदान। | अधिकतम 35 वर्ष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट भारत सरकार के आदेशों के अनुसार) |

***पदों की संख्या संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार बदल सकती है।**

निर्धारित प्रारूप में पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन निदेशक डीआईपीआर, लखनऊ रोड, तिमारपुर, दिल्ली-110054 को **विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर** पहुंच जाना चाहिए। आवेदन के पहले पृष्ठ के दाहिने ऊपरी कोने पर हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं। सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवार उचित माध्यम से आवेदन करें। शैक्षिक योग्यताओं (बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर अंकतालिकाएं और पीएच.डी. डिग्री) और आयु प्रमाण (दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र/अंकतालिका) और गेट प्रमाण पत्र के सहायक दस्तावेजों की फोटोकॉपी आवेदन के साथ संलग्न करें। **आवेदक को लिफाफे पर "________ के पद के लिए आवेदन" अवश्य लिखना चाहिए, जिसमें आवेदन और संबंधित दस्तावेज संलग्न हों।**

**अनुलग्नक**

**जूनियर रिसर्च फेलोशिप/रिसर्च एसोसिएट के लिए बायो डाटा**

1. पूरा नाम (ब्लॉक अक्षरों में) ________
2. पिता का नाम ________
3. जन्म तिथि ________
4. जन्म स्थान ________
5. जिला/राज्य जिससे आप संबंधित हैं ________
6. शैक्षणिक योग्यता:

हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

| उत्तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय/बोर्ड | वर्ष | अंकों का % | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

7. सरकारी/गैर-सरकारी नौकरियों में अनुभव सहित नियुक्तियों का विवरण।
8. धर्मः ________ राष्ट्रीयताः ________
9. क्या आप अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनारक्षित वर्ग से संबंधित हैं ________
10. विवाहित या अविवाहित (यदि विवाहित हैं तो बच्चों की संख्या और उनकी आयु): ________
11. स्थायी पताः ________
12. पत्राचार का पताः ________
13. मोबाइल नंबरः ________
14. ईमेल आईडीः ________

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है। यदि उपरोक्त जानकारी गलत पाई जाती है और सेवा के दौरान किसी भी समय इसकी सूचना मिलती है, तो फेलोशिप के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

स्थानः ________

दिनांकः ________

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

CBC 10301/11/0144/2526


# NCR में चेन, फोन स्नैचिंग करने वाले 2 पकड़े

■ NBT न्यूज, लोनी



आरोपियों ने 40 से अधिक वारदात की बात कबूल की, एक आईफोन और बाइक बरामद

अंकुर विहार थाना एरिया में पुलिस ने एनसीआर में फोन और चेन स्नैचिंग करने वाले दो शातिर लुटेरों को संत नगर बिजली घर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों से लूटा हुआ एक आईफोन और चोरी की एक बाइक बरामद की है।

एसपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पकड़े गए बदमाश विपुल उर्फ अतुल लाल बाग सब्जी मंडी के डी ब्लॉक सोसायटी का रहने वाला है। वहीं, इसका दूसरा साथी शिवम प्रेम विहार शिव विहार दिल्ली का रहने वाला है। दोनों बदमाश शातिर लुटेरे हैं। राह चलते लोगों से मोबाइल और चेन स्नैचिंग करते हैं। बदमाशों ने बरामद आईफोन के बारे में बताया कि उन्होंने करीब 10 दिन पहले डीएलएफ कॉलोनी से एक राहगीर से मोबाइल लूटा था। एसीपी ने बताया कि मोबाइल लूट के इस मामले में पहले से ही अंकुर विहार थाने में केस दर्ज है। बदमाश विपुल पर दिल्ली एनसीआर में लूट, चोरी और स्नैचिंग के करीब एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वहीं बदमाश शिवम पर दिल्ली, लोनी बॉर्डर और अंकुर विहार में चोरी लूट के 5 केस दर्ज हैं।

**शौक पूरा करने के लिए करते थे लूट**

पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे अपने शौक पूरे करने के लिए मोबाइल और चेन आदि लूट की घटनाओं को दिल्ली एनसीआर में अंजाम देते थे। उन्होंने बताया कि लूट की घटनाओं को अंजाम देने के लिए वे तेज गति की बाइक का इस्तेमाल करते थे और ऐसी बाइक अक्सर चुराई हुई होती है। लूटे हुए फोन और चेन आदि सामान को बेचकर वे अपने शौक पूरा करते थे। मोबाइल वगैरह वे राह चलते लोगों को बेच देते थे। नहीं बिकने पर वे दिल्ली, एनसीआर में मोबाइल रिपेयर करने वाले कुछ दुकानदारों को बेच देते थे। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 40-50 वारदात को अंजाम दे चुके हैं।


**DIRECTORATE OF EDUCATION: INCLUSIVE EDUCATION BRANCH**
**AMRITA SHERGIL SCHOOL BUILDING, BEHIND LADY SHRI RAM COLLEGE**
**LAJPAT NAGAR-IV, NEW DELHI-110024**
**Email: iebdoehq@gmail.com**

F.238/DDE(IEB)/Admn.Cell/Pt.File-1/2025/02 Dated: 01/01/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत 28 संसाधन केंद्रों में 168 फेसिलेटरों (प्रति संसाधन केंद्र 6 फेसिलेटर) की सेवा प्रदान करने के लिए ऑनलाइन निविदा |
| टेंडर आई. डी. | 2025_DE_283354_1 |
| ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफार्म द्वारा निविदा जारी होने की तिथि | दिनांक 22/12/2025 |
| ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदा लेने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12/01/2026 को दोपहर 03:30 बजे तक |
| ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12/01/2026 को दोपहर 04:00 बजे तक |

*समस्त विवरण http://govtprocurement.delhi.govt.in पर देखा जा सकता है

(DR. C.S. VERMA)
DEPUTY DIRECTOR OF EDUCATION (IEB)

DIP/Shabdarth/Classified/0389/25-26



**सीमा सुरक्षा बल**

**गृह मंत्रालय, भारत सरकार**

**बीएसएफ में खेल कोटा -2025 के तहत कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के पद के लिए मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती**

पात्र भारतीय नागरिकों (पुरुष और महिला) से कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के अराजपत्रित और गैर-मंत्रालयी पदों पर **549 रिक्तियों** को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो ग्रुप "सी" के तहत अस्थायी आधार पर सीमा सुरक्षा बल में खेल कोटा के विरुद्ध स्थायी किए जाने की संभावना है, जैसा कि पैरा 2 की तालिका में दिया गया है। उम्मीदवारों से आवेदन **केवल ऑनलाइन माध्यम** से स्वीकार किए जाएंगे। जमा करने के लिए कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं है। ऑनलाइन आवेदन मोड 27/12/2025 को 00:01 पूर्वाह्न से खुलेगा और 15/01/2026 को 11:59 अपराह्न पर बंद हो जाएगा।

**2. रिक्तियां-**

निम्नलिखित खेल/खेल विषयों में 549 रिक्तियां हैः-

| क्रमांक | अनुशासन | पुरुष | महिला | क्रमांक | अनुशासन | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तीरंदाजी | 3 | 3 | 16 | जूडो | 10 | 11 |
| 2 | एथलेटिक्स | 53 | 50 | 17 | कराटे | 12 | 3 |
| 3 | क्रॉस कंट्री | 10 | 11 | 18 | सेपक टकरा | 10 | 8 |
| 4 | बास्केटबॉल | 3 | 17 | 19 | तैराकी | 17 | 14 |
| 5 | बैडमिंटन | 3 | 5 | 20 | निशानेबाजी | 5 | 3 |
| 6 | मुक्केबाजी | 10 | 20 | 21 | टेबल टेनिस | 2 | 2 |
| 7 | साइक्लिंग | 7 | 9 | 22 | ताइक्वांडो | 4 | 10 |
| 8 | गोताखोरी (Diving) | 5 | 3 | 23 | वॉलीबॉल | 14 | 15 |
| 9 | घुड़सवारी | 3 | 0 | 24 | वाटर पोलो | 2 | 2 |
| 10 | फेंसिंग | 3 | 5 | 25 | भारोत्तोलन | 14 | 10 |
| 11 | फुटबॉल | 4 | 17 | 26 | कुश्ती (फ्री स्टाइल) | 17 | 14 |
| 12 | जिम्नास्टिक | 6 | 6 | 27 | कुश्ती (जीआर) | 20 | 0 |
| 13 | हैंडबॉल | 7 | 8 | 28 | वाटर स्पोर्ट्स | 10 | 8 |
| 14 | हॉकी | 4 | 6 | 29 | वुशु | 11 | 4 |
| 15 | कबड्डी | 2 | 4 | 30 | योग | 6 | 4 |
| 277 (पुरुष) + 272 (महिला) = 549 (कुल योग) | | | | | | | |

**3. वेतनमान और अन्य भत्ते-** 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स लेवल-3 के अनुसार। रुपये 21,700-69,100/- और केंद्र सरकार के कर्मचारियों को समय-समय पर नियम के अनुसार अन्य स्वीकार्य भत्ते।

**4. पात्रता शर्तें - आयु- 01 अगस्त, 2025 को 18 से 23 वर्ष।** पात्रता शर्तों के लिए कृपया बीएसएफ भर्ती वेबसाइट **https://rectt.bsf.gov.in** पर जाएं।

**5. आवेदन कैसे करें-** ऑनलाइन आवेदन मोड **27/12/2025 को 00:01 बजे पूर्वाह्न** से खुलेगा और बीएसएफ भर्ती वेबसाइट **https://rectt.bsf.gov.in** पर **15/01/2026 को 11:59 बजे अपराह्न** बंद हो जाएगा। पात्र और इच्छुक उम्मीदवार केवल बीएसएफ भर्ती वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करें।

**6. चयन प्रक्रिया-** प्रशंसापत्र (Testimonials)/दस्तावेजों की जांच → शारीरिक मानक माप (पीएसटी) → विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (डीएमई)।

**नोट-** इवेंट-वार/वेट कैटेगरी के अनुसार खाली पदों का विवरण बीएसएफ रिक्रूटमेंट वेबसाइट **https://.bsf.gov.in** पर विस्तृत दिशानिर्देशों में उपलब्ध है। हालांकि, रिक्तियां परिवर्तन के अधीन हैं (उपरोक्त विषयों के भीतर बढ़ या घट सकती हैं)। बीएसएफ इस विज्ञापन के प्रकाशन के बाद भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द या स्थगित करने और बिना किसी कारण बताए भर्ती प्रक्रिया के अनुक्रम में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

कमांडेंट (प्रशिक्षण/खेल)
एफएचक्यू बीएसएफ, नई दिल्ली

CBC 19110/11/0091/2526


# हत्या के प्रयास और कुंडल लूटने के आरोप में 10 दिन बाद केस दर्ज

■ NBT न्यूज, हापुड़: बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गोहरा आलमगीरपुर निवासी महिला ने कुछ लोगों पर उसकी गला दबाकर हत्या करने के प्रयास का आरोप लगाया है। शोर मचाने पर आरोपी कानों का कुंडल लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामले में 10 दिन बाद केस दर्ज किया है।

**गांव के ही कुछ लोगों पर महिला ने लगाया है आरोप**

बाबूगढ़ के गांव गोहरा आलमगीरपुर निवासी बबीता ने बताया कि 19 दिसंबर की रात वह अपने घर पर अकेली थी। रात उनके घर के बाहर कुछ लोग गाली-गलौज कर रहे थे। उन्होंने घर के बाहर निकलकर देखा कि गांव का ही टीटू उर्फ रविंद्र नागर और गांव के प्रधान का देवर नीरज नागर वहां मौजूद था। उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने पहले तो उसे धक्का दे दिया, इसके बाद गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो कुछ पड़ोसी उसे बचाने के लिए दौड़े। इसके बाद आरोपी कान का कुंडल लूटकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सीओ वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि एसपी के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ 10 दिन बाद केस दर्ज कर लिया गया है।

# बजट का 35% हिस्सा सब्सिडी पर हो रहा खर्च

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार के बजटीय प्रावधानों में करीब 35 फीसदी हिस्सा बिजली, पानी, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा समेत अन्य योजनाओं की सब्सिडी पर खर्च हो रहा है। यह खुलासा दिल्ली सरकार के इकनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स निदेशालय की ओर से बजट को लेकर तैयार रिपोर्ट में हुआ है।

रिपोर्ट तीन वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बजटीय खर्च के आकलन के आधार पर तैयार की गई है। इसका मकसद सरकार की पूंजी निर्माण और बचत का आकलन करना है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिल्ली का कुल बजट 65,823.57 करोड़ रुपये, 2024-25 में 69,500 करोड़ रुपये और 2025-26 में प्रस्तावित बजट एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अध्ययन में सामने आया कि 2023-24 में कुल बजट का 35.80 फीसदी हिस्सा केवल सब्सिडी पर खर्च हुआ। सब्सिडी में बजट का बड़ा हिस्सा डीटीसी के रियायती पास, सार्वजनिक परिवहन बसों के घाटे की भरपाई, डीटीसी के परिचालन घाटे, महिला यात्रियों के लिए सब्सिडी, ई-वाहनों पर सब्सिडी, बिजली और पानी के अलावा स्कॉलरशिप, वेलफेयर स्कीम, ईडब्ल्यूएस, ग्रांट फॉर स्कूल समेत अन्य योजनाओं पर खर्च हुआ।

**डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज ने जारी किया ऑर्डर**

इसके अलावा, बजट का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा 23.99 फीसदी अधिकारियों के वेतन और भत्तों पर खर्च होता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी नए निर्माण कार्यों पर बजट का महज 9.46 फीसदी हिस्सा खर्च किया जा रहा है। वहीं वस्तुओं और सेवाओं की खरीद पर 8.08 फीसदी, केंद्र सरकार को लोन भुगतान पर 7.59 फीसदी और एडवांस भुगतान पर 5.53 फीसदी खर्च हो रहा है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में बजट खर्च के ये मद इसी तरह बने रहेंगे।

रिपोर्ट में एक सकारात्मक पहलू यह है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में राजस्व में 43.57 फीसदी की बढ़ोतरी का अनुमान है। राजस्व 2023-24 में 56,797.79 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 81,545.83 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि 2024-25 से 2025-26 के बीच राजस्व प्राप्तियों में 29.40 फीसदी की वृद्धि अनुमानित है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार का कुल खर्च 2023-24 में 65,823.57 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2024-25 और 2025-26 के लिए यह क्रमशः 69,500 करोड़ रुपये और 1,00,000 करोड़ रुपये अनुमानित है।


**केनरा बैंक Canara Bank** A Government of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate | **ए. आर. एम. शाखा आगरा** | **ई-नीलामी सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) एवं 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी(यों)/जमानतकर्ता(ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो केनरा बैंक के पास गिरवी/प्रभारित है, का भौतिक/सांकेतिक कब्जा केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर विक्रय की जाएगी। सम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | ऋणियों एवं गारंटरों के नाम व पते | बकाया राशि मांग सूचनानुसार | सम्पत्तियों का विवरण | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि 10% |
|---|---|---|---|---|---|
| **ई-ऑक्शन का दिनांक व समय : 30.01.2026 सुबह: 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ नीलामी की समाप्ति तक) एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि: 30.01.2026 प्रातः 10:30 बजे तक** | | | | | |
| 1. | ऋणी- मैसर्स नवीन मुस्कान ऑटो प्राइवेट लिमिटेड, पता- प्लॉट नंबर 1, कमर्शियल हाट, वार्ड नंबर 10 फतेपुर, बुलंदशहर, निदेशक- 1. नवीन कुमार शर्मा पुत्र राजेंद्र कुमार शर्मा, 2. अर्चना शर्मा पत्नी नवीन कुमार शर्मा, दोनों का पता- 303 सिविल लाइन्स, 10 कला आन बुलंदशहर, गारंटर- 1. राधिका शर्मा पुत्री अतुल शर्मा, 2. अतुल शर्मा पुत्र अरविंद शर्मा, दोनों का पता- फ्लैट नंबर 102, टावर-5 सिंथेटिक फ्लोरिडा, रामप्रस्थ ग्रीन, सेक्टर-7, वैशाली, साहिबाबाद, गाजियाबाद | **2,95,01,790.17** मांग सूचना दि. 29.05.2025 तक + अदत्त ब्याज एवं खर्चे (यदि कोई वसूली हुई हो तो) | 1. लीजहोल्ड आवासीय फ्लैट/यूनिट नंबर 603सी, छठी मंजिल पर टाइप सी, एडाना नाम के मल्टीस्टोरी बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में स्थित प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर अल्फा 1, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, एरिया- 1545 वर्ग फुट (143.53 वर्ग मीटर), संपत्ति अतुल शर्मा और राधिका शर्मा के नाम, चौहद्दी: पूर्व- कॉमन पैसेज एवं फ्लैट नंबर 604, पश्चिम- ग्राउंड फ्लोर पर खुला आसमान, उत्तर- कॉमन पैसेज एवं फ्लैट नंबर 601, दक्षिण- ग्राउंड फ्लोर पर खुला आसमान | सांकेतिक | **1,00,42,000/-** / **10,04,000/-** |
| | | | 2. आवासीय प्लॉट आरके पुरम कॉलोनी, संजाज नगर स्थित मौहल्ला भूर बुलन्दशहर, परगना बारां, तहसील बुलन्दशहर, एरिया- 200 वर्ग गज (168 वर्ग मीटर), संपत्ति नवीन कुमार शर्मा के नाम, चौहद्दी: पूर्व- देवेंद्र सिंह का मकान, पश्चिम- 30 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर- 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण- श्री प्रवीण कुमार की जमीन | सांकेतिक | **80,00,000/-** / **8,00,000/-** |

ईएमडी राशि मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet) पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी को चालान में उल्लिखित खाता विवरण में क्रमशः उपरोक्त दिनांकों से पहले जमा करना है ईएमडी राशि जमा करने के बाद इच्छुक बोलीदाता संपत्ति का चयन कर सकते हैं और बोली लगा सकते हैं।

नोट: 1. बिड/बाद की राशि पर कोई भी ब्याज का दावा नहीं किया जायेगा। 2. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर बोली रद्द करने का हकदार है। 3. संप्रेषण विलेख, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि के सभी शुल्क, जो लागू हों, केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, कृपया वेबसाइट https://baanknet.com या केनरा बैंक की वेबसाइट देखें या ए आर एम शाखा, केनरा बैंक (मोबाइल 9084688622 ई-मेल आईडी cb7315@canarabank.com) या सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी अलायंस लिमिटेड (baanknet) 8291220220 पर संपर्क करें

स्थान : आगरा दिनांक : 03-01-2026 प्राधिकृत अधिकारी



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मण्डल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी का आयोजन किया गया है:-

ई-नीलामी कैटलाग सं: BSB-Vinyl-EF-25

**कार्य का विवरण:-** ट्रेन संख्या: 15119/20, 15181/82, 22539/40, 15107/08, 15127/28, 22541/42, 22583/84, 15125/26, 15131/32 एवं 12581/82 के बाहरी भाग पर विनाईल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन का प्रदर्शन। अनुबंध की अवधि: 03 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि: 16-01-2026, ई-नीलामी का समय: 10:00 बजे से आरंभ।

**अग्रधन राशि (रु.में):** कॉन्ट्रैक्ट की वार्षिक कीमत का 10%, **वेबसाइट** *www.ireps.gov.in* **नोट:** (1) ई-नीलामी IREPS (E-Auction Leasing Portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाईन होगी। (2) ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रु. 10,000/-+GST (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, अग्रधन राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाईन उसी खाते से होगी। (3) ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (*www.ireps.gov.in*) के *E-Auction leasing Section* में उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबंधक (वा.)
मुजावि/वाणिज्य-218 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें



magicinfo
BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518



**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम राम गोपाल पुत्र श्याम निवासी मकान नं. A-53, कमरुद्दीन नगर दिल्ली है जो अपने घर से **दिनांक : 17.12.2025** से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR/DD. No.106A दिनांक : 24.12.2025** थाना : निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है। इस व्यक्ति का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है :



राम गोपाल

उम्र: 46 वर्ष, कद: 52", रंग: गेहुआं, **शरीर:** सामान्य, चेहरा: लंबा, पहनावा: हरे और नीले रंग की जैकेटए नीली पैंट और हरे और नीले रंग के जूते पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना : **निहाल विहार**, दिल्ली निम्नलिखित नं. व ई-मेल: **cic@cbi.gov.in** और वेबसाइट: **http://cbi.nic.in** पर सूचित करें।

फोन न. 011-24368638, 24368641

फैक्स नं.: 011-24368639

DP/17531/OD/2025

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना: निहाल विहार, दिल्ली
फोन नं. 7065036129


# अब पढ़ाई से आगे भी खुलेगा किताबों का संसार


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी स्कूल से जुड़े सभी स्कूल 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय' के लिए रजिस्टर करेंगे ताकि सभी स्टूडेंट्स के बीच डिजिटल रीडिंग को बढ़ावा दिया जा सके। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय' के साथ फ्री डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की है, जिसका उद्देश्य स्टूडेंट्स में पढ़ने की रुचि बढ़ाना और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना है। इस ई-लाइब्रेरी में 3-8 वर्ष, 8-11 वर्ष, 11-14 वर्ष और 14 वर्ष से अधिक आयु के स्टूडेंट्स के लिए स्टडी मटीरियल दिया गया है। इसमें 5,500 से ज्यादा किताबें हैं। ये सभी किताबें अकैडमिक नहीं हैं, बल्कि पढ़ाई से इतर हैं। ये किताबें 23 भाषाओं में मौजूद हैं। यह प्लैटफॉर्म वेब, एंड्रॉयड और IOS पर उपलब्ध है। CBSE ने सभी स्कूलों से कहा है कि वे ICT व स्मार्ट क्लास की सुविधाओं का इस्तेमाल कर स्टूडेंट्स को इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP5 User: cci Time: 01-02-2026 23:01 Color:



## फटाफट खबरें

### रेहान वाड्रा ने शेयर की सगाई की तस्वीर



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की अवीवा बेग के साथ सगाई हुई थी। रेहान वाड्रा ने सगाई के बाद इंस्टाग्राम पर अवीवा के साथ पहली तस्वीर पोस्ट की है।

### पंजाब में मुफ्त स्वास्थ्य योजना 15 जनवरी से

■ भाषा, चंडीगढ़ : पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना का उद्घाटन 15 जनवरी को किया जाएगा। इसके तहत राज्य के प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त चिकित्सा प्रदान किया जाएगा। राज्य के सभी 65 लाख परिवारों को स्वास्थ्य सेवा दी जाएगी।

### वाइट-कॉलर आतंक चिंताजनक: राजनाथ

■ भाषा, उदयपुर : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में 'वाइट-कॉलर टेररिज्म' जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति सामने आ रही है जहां अच्छे शिक्षित लोग समाज और राष्ट्र के विरुद्ध कार्य करते हैं। ऐसे मामलों में बहुत शिक्षित लोग भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। सिंह ने दिल्ली में पिछले दिनों हुई घटना का जिक्र करते हुए यह बात कही जब 'बम विस्फोट' करने वाला डॉक्टर था।

### तिरुपति लड्डू विवाद, अंतरिम राहत नहीं

■ भाषा, नई दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं में मिलावट के सिलसिले में कथित मानहानिकारक लेखों के खिलाफ तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। रेड्डी जून 2019 से अगस्त 2023 तक टीटीडी की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष थे।

---

इंदौर में दूषित पानी से मौतों पर विपक्ष के साथ अपनों ने भी BJP को घेरा

# खरगे बोले- मौत पर सरकार मौन, मुख्यमंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश** के इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों नेताओं ने एक्स पर अलग-अलग ट्वीट कर सरकार के जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाए। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले में शुक्रवार को नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

> राहुल गांधी ने कहा कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद में है और घरों में मातम है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर मौन है। उन्होंने इसे विडंबना बताया कि वही इंदौर शहर जिसे लगातार आठवीं बार क्लीन सिटी का दर्जा मिला है, आज साफ पानी के लिए तरस रहा है।

राहुल गांधी ने इंदौर की स्थिति को जहर बांटने जैसा करार देते हुए कहा कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा और घर-घर मातम का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब परिवारों को सांत्वना देने के बजाय बीजेपी नेताओं ने अहंकारी बयान दिए। राहुल गांधी ने सरकार से सीधे सवाल पूछे सीवर का पानी पीने के पानी में कैसे मिला समय रहते सप्लाई क्यों नहीं रोकी गई और जिम्मेदार अफसरों व नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? उन्होंने कहा कि ये सवाल फिजूल नहीं बल्कि जवाबदेही की मांग है। साफ पानी कोई एहसान नहीं बल्कि जीवन का अधिकार है।

### सरकार ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को नोटिस

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने दूषित पेयजल मामले को लेकर एक समीक्षा बैठक में इंदौर नगर निगम के आयुक्त और अपर आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के अपर आयुक्त को तत्काल इंदौर से हटाने और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जल वितरण कार्य विभाग का दायित्व वापस लेने के भी निर्देश दिए हैं।

PTI



इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल में लोअर लेक में प्रदर्शन किया।

---

मन्नतों के बाद जन्मे बच्चे की मौत

## नानी ने पूछा- मुआवज़े से बच्चा वापस आ जाएगा?

■ भाषा, इंदौर

**इंदौर के** भागीरथपुरा इलाके के मराठी मोहल्ले की एक संकरी गली पर करीब छह महीने के अव्यान साहू की मौत के बाद खामोशी का साया है। बच्चे के परिवार का कहना है कि उसकी मौत दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण हुई। इस परिवार के गम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने 10 साल की मन्नतों के बाद जन्मे बच्चे की मौत का मुआवजा लेने से इनकार कर दिया है।

स्थानीय नागरिकों ने भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण 15 लोगों के दम तोड़ने का दावा किया है, जिनमें शामिल अव्यान सबसे कम उम्र का था। इस दावे की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि नहीं की है। विभाग के मुताबिक, इस प्रकोप में केवल चार लोगों की मौत हुई है।

अव्यान की नानी कृष्णा साहू ने शुक्रवार को बताया, 'हमने बच्चे की मौत पर राज्य सरकार से अब तक कोई मुआवजा नहीं लिया है। हमारा बच्चा तो चला गया। अब मुआवजा ले भी लें तो क्या वह वापस आ जाएगा? बच्चे से बढ़कर पैसा थोड़े ही है।'

वहीं, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप से 10 लोगों की मौत की जानकारी मिली है।



घरों में पहुंच रहा दूषित पानी।

---

## मेयर से लेकर शासन तक ज़िम्मेदार: उमा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंदौर में गंदा पानी पीने से हुई मौतों के मामले में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि इंदौर मेयर से लेकर शासन-प्रशासन तक, सब इस महापाप के लिए जिम्मेदार है।

उमा ने X पर लिखा कि 2025 के अंत में हुई ये मौतें हमारा प्रदेश, हमारी सरकार और हमारी पूरी व्यवस्था को शर्मिंदा और कलंकित कर गईं। प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर का अवॉर्ड प्राप्त करने वाले नगर में इतनी बदसूरती, गंदगी, जहर मिला पानी जो कितनी जिंदगियों को निगल गया और निगलता जा रहा है, मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है। जिंदगी की कीमत दो लाख रुपये नहीं होती, क्योंकि उनके परिजन जीवन भर दुख में डूबे रहते हैं। अपराधियों को दंड देना होगा।



उमा भारती

---

ग्रोक के जरिए महिलाओं से जुड़े आपत्तिजनक कंटेंट पर सरकार सख्त

# वैष्णव ने कहा- सोशल मीडिया को कंटेंट के लिए जवाबदेह होना चाहिए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस टूल्स के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई है। दिल्ली में ECMS से जुड़े कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा की रक्षा के लिए एआई को लेकर सख्त हस्तक्षेप होना चाहिए।

सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म xAI पर चैटबॉट के जरिए महिलाओं से संबंधित आपत्तिजनक और सेक्सुअलाइज्ड कंटेंट से जुड़ी चिंताओं पर जवाब देते हुए उन्होंने ऐसा कहा। वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया को उनके नेटवर्क पर साझा की जा रही पोस्ट के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टैंडिंग कमिटी ने भी इस संबंध में कड़े कानूनी उपाय किए जाने की सिफारिश की है, जिससे सोशल मीडिया को उनके कंटेंट के लिए और जवाबदेह बनाया जा सके।

बता दें कि इससे पिछले हफ्ते ही केंद्र सरकार ने ऑनलाइन, खासकर सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर वो अश्लील, पोर्नोग्राफिक कंटेंट को लेकर एक्शन नहीं लेंगी तो उन्हें इसके कानूनी नतीजे भुगतने होंगे।

इससे पहले शिवसेना यूबीटी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को ही इसे लेकर एक चिट्ठी आईटी मंत्री को लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने ग्रोक के जरिए महिलाओं की तस्वीरों को लेकर हो रहे कथित आपत्तिजनक और अश्लील प्रयोगों पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। चतुर्वेदी ने लिखा कि एक्स के एआई टूल ग्रोक का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि फेक अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिससे उनके कपड़े कम दिखें और उन्हें सेक्सुअलाइज किया जा सके।

AI image



### ECMS के तहत 22 आवेदन मंजूर हुए

आईटी मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ECMS) के तहत 22 नए प्रस्ताव मंजूर किए। जिन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है वो आंध्र प्रदेश, हरियाणा कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में फैले हैं। इनमें अनुमानित निवेश 41,863 करोड़ रुपये और अनुमानित उत्पादन 2,58,152 करोड़ रुपये है। जो प्रस्ताव मंजूर हुए हैं उनमें डिक्सन, सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड, फॉक्सकॉन (युझान टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रस्ताव शामिल हैं। इस मौके पर आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कंपनियों को स्वीकृति पत्र सौंपे। जिन 11 उत्पादों का विनिर्माण किया जाएगा उनमें से पांच उत्पाद पीसीबी, कैपेसिटर, कनेक्टर, एनक्लोजर और लिथियम-आयन सेल जैसे मूल घटक हैं। इसके अलावा आईटी मंत्री ने कहा कि साल 2026 में चार सेमीकंडक्टर यूनिट्स प्रोडक्शन शुरू कर देंगी।

---

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में पूर्व CM के बेटे को ज़मानत

■ भाषा, रायपुर : छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले से जुड़े दो मामलों में जमानत दे दी।

ईडी के अधिवक्ता सौरभ कुमार पांडे ने बताया कि उच्च न्यायालय ने चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले के दो मामलों में जमानत दे दी है। चैतन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने कथित शराब घोटाले में मामले दर्ज किये थे।

ईडी ने जुलाई में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया था।

---

## बेल्लारी में झड़प, एक की मौत, बीजेपी MLA समेत 4 पर FIR

■ भाषा, बेल्लारी

**कर्नाटक के** बेल्लारी में वाल्मीकि प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम से पहले बैनर लगाने को लेकर हुई हिंसक झड़पों के सिलसिले में चार प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें से एक BJP विधायक जनार्दन रेड्डी के खिलाफ है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को हुई इस झड़प में एक व्यक्ति की मौत भी हो गई। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

> बैनर लगाने को लेकर कांग्रेस-बीजेपी आमने सामने, जांच के आदेश।

पुलिस ने बताया कि बेल्लारी में बीजेपी विधायक जनार्दन रेड्डी और कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी के समर्थकों के बीच बैनर लगाने को लेकर हुई कथित झड़प के एक दिन बाद शुक्रवार को स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही, हालांकि सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। जनार्दन रेड्डी, पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु, और अन्य के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक (प्रभारी) रंजीत कुमार बंडारू ने बताया कि गुरुवार को बैनर लगाने को लेकर पथराव हुई। दुर्घटनावश गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। शुरुआत में स्थिति नियंत्रण में नहीं आ सकी, बाद में हालात संभाल लिए गए।

---

अंकिता भंडारी हत्याकांड में उत्तराखंड की राजनीति गरम

# VIP दोषियों के नाम उजागर करने की मांग पर कल दिल्ली-देहरादून में प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अंकिता भंडारी** हत्याकांड में VIP दोषियों के नाम उजागर करने और मामले की हाई कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग को लेकर 4 जनवरी को दिल्ली और देहरादून में एक साथ बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। यह ऐलान उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने किया।

धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि 4 जनवरी को देहरादून में परेड ग्राउंड से मुख्यमंत्री आवास तक प्रदर्शन मार्च निकाला जाएगा। वहीं, दिल्ली के ऐतिहासिक जंतर-मंतर पर उत्तराखंड के प्रवासी लोगों द्वारा दो जन प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। दिल्ली में पहला प्रदर्शन सुबह 10 बजे और दूसरा दोपहर 2 बजे होगा।

उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में अब तक कई सवाल अनुत्तरित हैं और सरकार वीआईपी आरोपियों के नाम सामने लाने से बच रही है। जब तक दोषियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए जाते और सीबीआई जांच के आदेश नहीं दिए जाते तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

धीरेंद्र प्रताप ने चेतावनी दी कि यदि 4 जनवरी के प्रदर्शनों के बाद भी सरकार ने मांगें नहीं मानी तो दिल्ली और देहरादून में चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी का सवाल उत्तराखंड की अस्मिता से जुड़ा है और इस पर किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि अगर इसके बावजूद सरकार टस से मस नहीं हुई तो तमाम विपक्षी दलों और राज्य आंदोलनकारियों के साथ मिलकर उत्तराखंड बंद पर भी विचार किया जाएगा। इस संबंध में आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले साथियों के साथ अंतिम चर्चा चल रही है।

File



हत्याकांड में प्रदर्शन होते रहे हैं।

### सबूत लाओ, सरकार जांच को तैयार: मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को देहरादून के बलबीर रोड स्थित बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि सबूत लाओ, सरकार हर जांच को तैयार है। इस मामले में बीजेपी के वरिष्ठ नेता पर सवाल उठ रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड में VIP कंट्रोवर्सी के बाद बीजेपी नेता पार्टी से लगातार इस्तीफा दे रहे हैं। सबसे पहले आरती गौड़ ने इस्तीफा दिया, विडियो में आरती गौड़ पर भी गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य मंत्री रहे भरत राम कोठारी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद अल्मोड़ा से बीजेपी युवा मोर्चा के जिला मंत्री अंकित बहुखंडी ने भी अपना इस्तीफा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भेजा।

---

## '20 लाख से अधिक एक्स सर्विसमैन के हेल्थ बिल बकाया'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एक्स सर्विसमैन की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए सेव ईसीएचएस मूवमेंट शुरू करने का ऐलान किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (एआईसीसी) मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के एक्स-सर्विसमैन विभाग के चेयरमैन कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने आरोप लगाया कि एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) पूरी तरह चरमरा चुकी है और सरकार एक्स सर्विसमैन की सेहत को लेकर गंभीर नहीं है।

> कांग्रेस ने सेव ईसीएचएस मूवमेंट शुरू किया।

रोहित चौधरी ने कहा कि 29 दिसंबर को संसद की स्टैंडिंग कमिटी ऑन डिफेंस की बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि ईसीएचएस के कुल 72 लाख बेनिफिशियरी हैं, जिनमें से 20 लाख से ज्यादा पूर्व सैनिकों और अस्पतालों के इलाज से जुड़े बिल पेंडिंग पड़े हैं। इन लंबित बिलों की राशि 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। कर्नल चौधरी ने इसे हैरान करने वाली और बेहद पीड़ादायक स्थिति बताया।

---

# कर्नाटक में EVM सर्वे पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, बीजेपी ने घेरा

■ भाषा, बेंगलुरु

**कर्नाटक में** सत्तारूढ़ कांग्रेस ने शुक्रवार को उस सर्वे की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया, जिसमें बताया गया कि राज्य के अधिकांश नागरिक मानते हैं कि भारत में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराए जाते हैं और ईवीएम सटीक परिणाम देती है। वहीं, विपक्षी बीजेपी ने इस रिपोर्ट को राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के दावे पर सीधा प्रहार बताया।

अगस्त 2025 की इस सर्वे रिपोर्ट को हाल ही में सार्वजनिक किया गया है। सर्वे कर्नाटक निगरानी एवं मूल्यांकन प्राधिकरण ने किया है, जो योजना, कार्यक्रम निगरानी एवं सांख्यिकी विभाग के अधीन काम करता है। सर्वे में 83% नागरिकों ने ईवीएम पर भरोसा जताया है।

> कर्नाटक के 102 विधानसभा क्षेत्रों में 5,100 लोग सर्वे में शामिल हुए।

कर्नाटक के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह सर्वेक्षण राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से आयोग द्वारा कराया गया था। यह सर्वेक्षण मोदी के एक खास आदमी द्वारा किया गया था, जो प्रधानमंत्री कार्यालय में काम करता है और जिसने प्रधानमंत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए एक किताब लिखी है।' उनका इशारा ग्रुप के संस्थापक आर. बालासुब्रमण्यम की ओर था। उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण मई 2025 में किया गया था जबकि कांग्रेस ने वोट चोरी का विस्तृत खुलासा अगस्त 2025 में किया था। खरगे ने कहा, 'सर्वेक्षण में प्रत्येक विधानसभा से केवल 50 उत्तरदाताओं को शामिल किया गया था।' उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण सांख्यिकीय रूप से कमजोर है, इसमें व्यापक त्रुटियां और चयन पूर्वाग्रह की संभावना है तथा यह निष्कर्ष निकालने के लिए उपयुक्त नहीं है। मंत्री ने बीजेपी पर इस सर्वेक्षण को 'राज्य सरकार का सर्वेक्षण' बताकर 'झूठा प्रचार' करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'दिलचस्प यह है कि बीजेपी वोट चोरी के आरोप पत्र पर चुप है।'

AI Image



### सर्वे पर बोली BJP, कांग्रेस का वोट चोरी का नारा हुआ बेनकाब

बीजेपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सर्वेक्षण रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस का वोट चोरी का नारा एक बार फिर बेनकाब हो गया है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "कर्नाटक सरकार द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षण रिपोर्ट स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि हमारे लोगों का एक बड़ा बहुमत मानता है कि भारत में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कराए जाते हैं। यह राहुल गांधी के लिए एक करारा प्रहार है, जो कांग्रेस की लगातार चुनावी विफलताओं को स्वीकार न कर पाने के कारण वोट चोरी का नारा गढ़ने और निर्वाचन आयोग पर संदेह करने के लिए एक गैर-जिम्मेदाराना अभियान चलाने का सहारा लिया विजयेंद्र ने कहा कि ऐसा करके, उन्होंने बार-बार जनता को गुमराह करने और एक बेदाग संवैधानिक संस्था में विश्वास को कमजोर करने का प्रयास किया।

---

## आम बजट एक या दो फरवरी को?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: देश में पिछले कई वर्षों से एक फरवरी को आम बजट पेश किया जा रहा है। 2026 में एक फरवरी को रविवार है, ऐसे में सवाल यह है कि क्या इस बार रविवार को बजट पेश किया जाएगा?

सरकारी सूत्रों का कहना है कि 1 फरवरी को बजट पेश किया जा रहा है और इस बार भी ऐसा ही होगा। दूसरी ओर 2 फरवरी को भी बजट पेश करने के कयास लगाए जा रहे हैं। जल्द ही सरकार बजट सेशन की तारीखों को लेकर आधिकारिक रूप से ऐलान करेगी, जिसमें आर्थिक सर्वे और बजट की तारीख भी शामिल होगी।

> आमतौर पर शनिवार व रविवार को संसद की कार्यवाही नहीं होती है।

वीकेंड पर बजट पेश करना कोई नई बात नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025 में शनिवार को पेश किया था, उस दिन 1 फरवरी को शनिवार था। 2015 और 2016 के आम बजट 28 फरवरी को पेश किए थे, जो दोनों शनिवार के दिन थे। भारत में पिछले कई वर्षों से एक फरवरी को बजट आ रहा है, इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि सरकार को नए वित्तीय वर्ष यानी 1 अप्रैल से पहले नीतियों को लागू करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।



निर्मला

---

# दवाओं की क्वॉलिटी और बिक्री पर नए मानक जारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**देश में** दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावशीलता को और मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को इंडियन फार्माकोपिया 2026 जारी की। यह दवाओं के मानकों की भारत की आधिकारिक और कानूनी किताब का 10वां संस्करण है, जिसके मानक देश में बनने और बिकने वाली सभी दवाओं पर लागू होते हैं।

इंडियन फार्माकोपिया 2026 जारी करते हुए जे. पी. नड्डा ने कहा कि फार्माकोपिया दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की देश की सबसे मजबूत व्यवस्था है। इसके जरिए यह तय होता है कि मरीजों को सुरक्षित, असरदार और मानक के अनुरूप दवाएं मिलें। इस संस्करण में 121 नए ड्रग मोनोग्राफ जोड़े गए हैं, जिससे अब कुल 3,340 दवाओं के मानक तय हो चुके हैं।

नए संस्करण में टीबी, डायबिटीज और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा आयरन सप्लीमेंट समेत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उपयोग की जाने वाली दवाओं के मानकों को भी मजबूत किया गया है ताकि आम लोगों को बेहतर और भरोसेमंद इलाज मिल सके। नड्डा ने दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी यानी फार्माकोविजिलेंस में भारत की प्रगति को भी रेखांकित किया। नड्डा ने कहा कि भारतीय फार्माकोपिया को ग्लोबल साउथ के 19 देशों में मान्यता मिल चुकी है।



- नए इंडियन फार्माकोपिया में 121 नई दवाएं, ब्लड ट्रांसफ्यूजन के मानक भी शामिल।
- ये मानक देश में बनने और बिकने वाली सभी दवाओं पर लागू होते हैं।

---

## बिहार की लड़कियो पर मंत्री के पति का बयान, मचा बवाल

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू ने अल्मोड़ा जिले में 23 दिसंबर 2025 को बीजेपी मंडल की एक बैठक में कथित रूप से कहा था कि बिहार में 25-25 हजार रुपये में लड़कियां मिल जाती हैं, जिस पर बीजेपी विपक्ष के निशाने पर है। विडियो में लाल साहू किसी अपने कार्यकर्ताओं से यह पूछते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तुमने शादी क्यों नहीं की? हमारे वक्त में तो अब तक तीन-चार बच्चे हो जाते थे। हम तुम्हारी शादी कराएंगे। वे बिहार का नाम लेकर वहां 20 से 25 हजार रुपये में लड़कियां मिलने और विवाह करवाने की बात कहते हुए सुनाई दे रहे हैं। कांग्रेस की प्रवक्ता सुजाता पॉल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के पति अगर महिलाओं के प्रति ऐसे बयान दे रहे हैं तो ऐसा लगता है कि वह मानव तस्करी कर रहे हैं।

> आरोपः कहा था कि बिहार में 25-25 हजार रुपये में लड़कियां मिलती हैं।

---

# सेना के लिए बन रहा है 'अभ्यास', ताकि एयर डिफेंस की हो बेस्ट प्रैक्टिस

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम की अहमियत का सबको अंदाजा हुआ। भारतीय सेना के एयर डिफेंस को प्रैक्टिस के लिए हाई स्पीड टारगेट की जरूरत है, जिसे डीआरडीओ बना भी रहा है।

डीआरडीओ सेना के लिए एक हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट बना रहा है, जिसका नाम है अभ्यास। डीआरडीओ ने कहा है कि अगले 2-3 साल में इसे सेना को दे दिया जाएगा। आर्मी एयर डिफेंस को ऐसे हाई स्पीड टारगेट की जरूरत है जो एयरक्राफ्ट की तरह ही मूव करने वाला हो साथ ही उसके सिग्नेचर भी एयरक्राफ्ट की तरह ही हों, ताकि एयर डिफेंस की ट्रेनिंग सही से हो सके।

अभी यूके से लिया हुआ बैनशी (Banshee) टारगेट सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही आर्मी एयर डिफेंस के पास एक स्वदेशी सिस्टम भी है लेकिन वह साइज में छोटा है। ये एंटी टैंक मिसाइल को मॉडिफाई कर बनाया गया है। यह छोटा होने के साथ ही इसकी स्पीड भी कम है। हाई स्पीड टारगेट एयर डिफेंस की प्रैक्टिस के लिए जरूरी है। डीआरडीओ ने पहले भी ट्रेनिंग के लिए टारगेट बनाकर दिए थे, जिनका इस्तेमाल भी किया गया। लेकिन ये मौजूदा जरूरत को पूरा नहीं करते।

इस्राइल-हमास जंग ने एयरस्पेस सुरक्षा को लेकर दुनिया की सोच में बदलाव लाने का काम किया है। जब हमास ने इस्राइल पर अटैक किया तो इस्राइल के आयरन डोम पर चर्चा शुरू हो गई कि क्या आयरन डोम सिस्टम पूरी तरह सफल नहीं रहा। इसके बाद फिर जब ईरान ने इस्राइल पर ताबड़तोड़ सैकड़ों मिसाइल दागी तब इस्राइल ने दावा किया कि आयरन डोम ने ज्यादातर मिसाइल को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी कुछ महीने पहले कहा है कि अमेरिका ने भविष्य के 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए एक डिजाइन चुन लिया है। यह सिस्टम उनके कार्यकाल के आखिर तक ऑपरेशनल हो जाएगा, यानी 2029 तक।

PM मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से ऐलान किया था कि 2035 तक देश के सभी महत्वपूर्ण स्थलों जिनमें सामरिक के साथ सिविलियन क्षेत्र भी शामिल हैं, उन्हें टेक्नॉलजी के नए तंत्र के तहत सुरक्षा का कवच दिया जाएगा। पीएम ने सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च करने का ऐलान किया था।

File



- डीआरडीओ बना रहा है हाई स्पीड टारगेट, 2-3 साल में सेना को सौंपने का लक्ष्य।
- बदलती जरूरत के हिसाब से हाई स्पीड टारगेट की है जरूरत



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP6 User: cci Time: 01-02-2026 22:43 Color:



## बरेली में बीजेपी MLA का निधन

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/ बरेली: बरेली जिले की फरीदपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को 60 साल की उम्र में निधन हो गया। सर्किट हाउस में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की बैठक के दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद उन्हें तुरंत मेडिसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका। सीएम ने उनके निधन पर शोक जताया है।


# मेरठ: फिर विवादों में घिरे सोशल मीडिया क्रिएटर शादाब जकाती

## साथ काम करने वाली महिला के पति को धमकाने का आरोप

■ NBT न्यूज, मेरठ

**सोशल मीडिया** क्रिएटर शादाब जकाती एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। उनके साथ काम करने वाली क्रिएटर इरम के पति ने शादाब जकाती पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। वहीं, इरम ने अपने पति के सभी आरोपों को निराधार बताया है।

जानकारी के मुताबिक इंचौली के रहने वाले शादाब जकाती, इरम के साथ रील बनाते हैं। इन विडियो में इरम अक्सर शादाब की पत्नी का रोल निभाती नजर आती हैं। इरम के पति खुर्शीद उर्फ सोनू गुरुवार रात इंचौली थाने पहुंचे। उन्होंने रोते हुए पुलिस को शिकायत दी और आरोप लगाया कि उनकी पत्नी इरम शादाब के साथ ज्यादा समय बिताती है और कई-कई दिन घर से गायब रहती है।



रील बनाते हुए शादाब जकाती

खुर्शीद का आरोप है कि विरोध करने पर ही शादाब और इरम उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। उसने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। सुर्खियों में आने के बाद एसपी देहात ने इंस्पेक्टर इंचौली को फोन कर शादाब जकाती को थाने बुलाने के निर्देश दिए। इंस्पेक्टर इंचौली ने बताया कि शादाब ने खुद को अलीगढ़ में बताया है और शुक्रवार शाम तक थाने पहुंचने की बात कही थी। वहीं, एसओ इंचौली का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

### पति के आरोप गलत, हो चुका है तलाक: इरम

इरम ने अपने पति खुर्शीद के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। इरम का कहना है कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता था और वह उसे तलाक दे चुका है। इरम ने साफ किया कि उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप गलत हैं।

## 'अफसरों की तय करें जवाबदेही'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**सीएम योगी** ने आवंटित बजट के खर्च में धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई है। उन्होंने साफ कहा है कि जिन डिपार्टमेंट में बजट खर्च करने का काम सही रफ्तार से नहीं चल रहा है, वहां तुरंत तेजी लाई जाए। बजट को समय से खर्च कराने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाए। इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शुक्रवार को सीएम ने वित्त विभाग के कामकाज का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिक बजट वाले प्रदेश के 20 प्रमुख डिपार्टमेंट्स का काम भी देखा।

**आवंटित बजट के खर्च में धीमी रफ्तार से नाराज CM**

## अमिताभ ठाकुर की अर्जी पर सुनवाई टली

■ NBT न्यूज, वाराणसी: आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष और पूर्व IPS अमिताभ ठाकुर के खिलाफ वाराणसी में दर्ज मुकदमे में जमानत अर्जी पर सुनवाई शुक्रवार को टल गई। जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत में जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी थी। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 5 जनवरी तय की है।

# अवैध हुक्का बार पर छापा, 11 लोग गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/ बागपत

**बागपत जिले** के बड़ौत कस्बे में कोतवाली पुलिस ने गुरुवार देर रात एक अवैध हुक्का बार पर छापा मारकर मालिक समेत 11 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में नशीले उत्पाद, हुक्का और अन्य सामान बरामद करने का दावा किया है।

बड़ौत कोतवाली में तैनात दरोगा मनोज कुमार चहल के मुताबिक गुरुवार रात पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक दुकान में अवैध तरीके से हुक्का बार चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दुकान पर छापा मारा।

AI Image



**मौके से बड़ी मात्रा में नशे का सामान बरामद**

पुलिस को देखते ही वहां मौजूद युवक भागने लगे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया।

पुलिस ने हुक्का बार के मालिक फरमान के साथ सुहैल, आमिर, आदिल, नईम, साहेल, साहिक, सम्मी, शकून और कैफ को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान एक हुक्का और चिलम, अलग-अलग ब्रैंड का फ्लेवर्ड तंबाकू, 132 पैकेट गुटखा, 12 बंडल बीड़ी, सिगरेट, माचिस, कोयला और अन्य सामान बरामद किया गया। इसके अलावा मौके पर खड़ी 3 बाइक भी पुलिस ने जब्त की गई हैं।

बड़ौत के सीओ विजय कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत कार्रवाई की गई है। आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## फतवा जारी, DJ बजाया तो नहीं पढ़ेंगे निकाह

■ NBT न्यूज, मथुरा: मथुरा जिले में शादियों में फिजूलखर्ची रोकने के मकसद से मौलवियों ने एक अजीब फैसला लिया है। तय किया गया है कि मुस्लिम समाज की शादी में अगर डीजे या बैंडबाजा बजाया गया तो काजी निकाह नहीं पढ़वाएंगे। अगर कोई काजी इस पाबंदी के बावजूद निकाह पढ़वाता है तो उस पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही दूल्हा और दुल्हन दोनों पक्ष के परिवारों का बिरादरी से हुक्कापानी बंद कर सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। यह फैसला कस्बा कोसीकलां में ईदगाह कमिटी की ओर से हुई पंचायत में लिया गया है। इसके बाद कमिटी ने इस संबंध में फतवा जारी किया। कमिटी का कहना है कि शादियों में बढ़ती फिजूलखर्ची के कारण लोग कर्ज लेने को मजबूर हो रहे हैं।

**फतवा न मानने पर दोनों पक्षों का होगा बहिष्कार**

# अनजान सोर्स से डाउनलोड किया गेमिंग ऐप, उड़ गए 25 लाख रुपये

■ NBT न्यूज, आगरा

**अनजान सोर्स** से ऑनलाइन गेम का ऐप डाउनलोड करना एक युवक को भारी पड़ गया। ठगों ने गेम में जीती रकम ट्रांसफर करने के बहाने युवक से बैंक अकाउंट की जानकारी ली। इसके बाद अकाउंट से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। कमाई के लालच में युवक ने 25 लाख रुपये गंवा दिए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

AI Image



जानकारी के मुताबिक थाना सदर इलाके के हस्तिनापुरी के रमेश सिंह ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उसने अनजान सोर्स से गेम का ऐड देखकर एक ऐप डाउनलोड किया था। ऐप में जीती रकम अकाउंट में ट्रांसफर करने के नाम पर बैंक अकाउंट की जानकारी ली गई। इसके बाद उसके अकाउंट से 25 लाख रुपये कट गए। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल की और थाना सदर में भी शिकायत दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को एडीसीपी सिटी आदित्य कुमार ने बताया कि पुलिस साइबर अपराधियों की जानकारी जुटा रही है।

## चले लाठी-डंडे, चार हिरासत में

■ NBT न्यूज, अलीगढ़

**थाना लोधा** इलाके में बच्चों के खेल के दौरान हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले और गली से लेकर छतों तक पथराव हुआ। इस दौरान दोनों ओर से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में कर 4 लोगों को हिरासत में लिया।

जानकारी के मुताबिक वसीम और इलियास के बच्चे आपस में खेल रहे थे। खेल-खेल में बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। कुछ ही देर में यह विवाद परिवार के बड़ों तक पहुंच गया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पहले कहासुनी हुई, इसके बाद फिर मारपीट शुरू हो गई।

## चौकी इंचार्ज समेत 7 लोगों पर FIR

■ NBT न्यूज, बांदा: अदालत के आदेश से पैलानी इलाके के खप्टिहाकलां चौकी इंचार्ज समेत 7 लोगों के खिलाफ दंगा करने, जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने सहित 5 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सिंधनकलां गांव के पीड़ित श्रवण कुमार ने सीजेएम कोर्ट में मामला दाखिल कर आरोप लगाया था कि गांव में हुई चोरी का अपराध न स्वीकारने पर चौकी इंचार्ज और गांव के दबंगों ने उसे पुलिस चौकी में बंद करके जमकर पीटा। हाथ की उंगलियां तोड़ दीं और उसे पेशाब पिलाया गया।

दरोगा ने धमकी दी कि कहीं शिकायत की तो एनकाउंटर कर देंगे। पीड़ित ने बताया कि 25 अगस्त की रात गांव के ज्वाला अवस्थी के घर चोरी हुई थी। 31 अगस्त की रात पंकज सिंह के यहां चोरी का प्रयास हुआ था। इसके बाद गांव के दबाव बना रहे थे।

TIMES interact

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)


**सार्वजनिक सूचना**

श्री अभिजीत नायर पुत्र श्री विनीत नायर निवासी 22 ग्रीन फील्ड, मॉडल ग्राम जिला लुधियाना, पंजाब-141001 एवं सुश्री प्रियंका पांडेय पुत्री श्री अजय पांडेय निवासी 1402, एफ, गार्डेनिया ग्लोरी अपार्टमेंट, ब्लॉक-बी, निकट एचडीएफसी बैंक, सेक्टर-46 नोएडा, गौतमबुद्धनगर, 3090 ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया है। इस संबंध में आपत्तिकारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 21.01.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।

उप नगर मजिस्ट्रेट / विशेष विवाह अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code


REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



19वीं पुण्य स्मृति

पूज्य लाला कैलाशचन्द गोयल (किराय वाले)

3 जनवरी 2007, आज ही के दिन हमारे बीच से हमेशा-हमेशा के लिए जुदा हो गये। हम सब परिवार के सदस्य भगवान से आपकी पुण्य आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। रंजन पब्लिकेशन्स, 23278835 (पुत्र) सन्तोष गोयल, गोयल मार्केटिंग कं. (दरीबा) 9999090958 (पुत्र) विनोद गोयल,(पौत्र) नितिन,विपिन,एस.के.गोयल (C.A) 43004687 सचिन, अतुल, शालीन गोयल यश हकम (प्रपौत्र) मेधांश, ईवान



'Be not afraid, only believe.' -Jesus Christ

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

नोएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)
Website: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPCL लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नोएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPCL की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| Sl. No. | JOB No. | NAME OF WORK | AMOUNT | Tender Publication |
|---|---|---|---|---|
| | 03/फेज़०/बाह्य विज्ञापन/2025-26 | नोएडा क्षेत्र के सैक्टर-14ए एवं फिल्म सिटी फ्लाई ओवर पर नोएडा-ग्रे० नोएडा एक्सप्रेस-वे पर बी०ओ०टी० आधार पर विज्ञापन के अधिकार का कार्य (दो वर्ष हेतु)। | 2,36,12,160.00 | प्रथम बार |

जिन्हें दिनांक 15.01.2026 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 16.01.2026 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

(विश्वास कुमार त्यागी)
वरिष्ठ प्रबंधक
बाह्य विज्ञापन, नोएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नोएडा

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

लेखा

अकाउंटेंट (लेखाकार)

**चाह** ईंट्री ऑपरेटर चाहिए, जो BUSY सॉफ्टवेयर चलाना जानता हो, पटेल नगर के आस-पास रहने वालों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें मोहनजी: [illegible]

प्रशासन

डिलवरी बॉय

**आवश्यकता** है फिरोजाबाद की दिल्ली-NCR में snacks की सेल्स के लिये अपना दुपहिया अनिवार्य वेतन+ आकर्षक कमीशन संपर्क करें [illegible]

अन्य रिक्तियां

सामान्य

**आवश्यकता** 10 रिटायर्ड बुजुर्ग और 10 ग्रेजुएट लड़के लड़कियों जो फ्रोन अटेंड कर उपभोक्ता से बात कर पाए साथ ही उन्हें कंप्यूटर की बेसिक समझ हो। दिल्ली पीतम पुरा और शालीमार बाग में [illegible]

सेवाएं

खानपान

होम कुक/शेफ के लिए नौकरी
Vacancy For Home Cook / Chef
❖ इंडियन वेज खाना बनाना आना चाहिये
❖ घर में काम करने का अनुभव होना चाहिये
❖ रहना, खाना और कागज-पत्र कंपनी देगी
केवल पुरुष वर्ग (उम्र 20 से 35 वर्ष)
वेतन हुनर और अनुभव के हिसाब से
यह नौकरी डायरेक्ट है, कोई भी एजेंसी या कमीशन नहीं है
जगह: दुबई
+91-9560854998

रेस्तरां

PREMIUM Restaurant in Dwarka seeks Manager, Captain, Stewards, Cashier, Customer Care Executives, Cooks (Chinese, Thai, Continental, Tandoor, Curries), Delivery Boys and Utility Workers. Call / WhatsApp [illegible]

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि द आर्य नगर कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड (The Arya Nagar CGHS Ltd), 91, आई.पी. एक्सटेंशन, दिल्ली-110092 [illegible]

निविदाएं (टेंडर्स)

**चाहिए बस ठेकेदार / टूर ऑपरेटर**

[illegible] दिनांक 05-01-2026 से सोमवार, दिनांक 12-01-2026 तक दोपहर 01:00 से सांय 06:00 बजे के मध्य रु. 1,500/- (अप्रतिदेय) के भुगतान पर प्राप्त किए जा सकते हैं। [illegible]

**चाहिए रेल / हवाई टिकट एजेंट**

[illegible] दिनांक 05-01-2026 से सोमवार, दिनांक 12-01-2026 तक दोपहर 01:00 से सांय 06:00 बजे के मध्य रु. 1,000/- (अप्रतिदेय) के भुगतान पर प्राप्त किए जा सकते हैं। [illegible]

मानद मुख्य मंत्री
श्री दिल्ली गुजराती समाज (रजि.)
2, राजनिवास मार्ग, सिविल लाईन्स, दिल्ली - 110054
फोन : 011-49875100, 23983055

SBI भारतीय स्टेट बैंक
क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्र-3 प्रथम तल, प्लॉट संख्या 11 ब्लॉक-बी-1, सेक्टर-11 फरीदाबाद, हरियाणा-121006
निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)
किराए पर परिसर की आवश्यकता
[illegible]
स्थान: सोही रोड, सेक्टर 89 फरीदाबाद
[illegible] निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण www.sbi.co.in पर "Procurement NEWS" टैब के तहत 03/01/2026 से 12/01/2026 तक 03:00 बजे तक उपलब्ध होगा। [illegible]
कृपया ब्रोकर संपर्क न करें।
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

SBI भारतीय स्टेट बैंक
क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्र-4, प्रथम तल, प्रशासनिक कार्यालय भवन, 11 संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001
निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)
किराए पर परिसर की आवश्यकता
[illegible]
शाखा का नाम: मॉडल टाउन, मुख्य शाखा (शाखा कोड - 1708)
[illegible] निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण https://sbi.bank.in पर "प्रोक्योरमेंट न्यूज" टैब के तहत 03.01.2026 से 19.01.2026 तक दोपहर 03.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। [illegible]
कृपया ब्रोकर संपर्क न करें।
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

वैवाहिक

वर चाहिए

धर्म आधारित

हिंदू

Qualified, Elegant, Well Placed, Cultured Family.
1986 Born, 5'4", 50 kgs, C.S. & Fin. Plg. Head of MNC, Non- Consummated Marriage, Flexible Brahmin looking for an Equal Match. Caste No Bar
SUDHIR BHATT
9920099889 / 9619101019 / 20
sudhirmatrim@gmail.com

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

मैं, मोहसिन अकरम, अली हसन अंसारी का पुत्र, मकान संख्या 20, गीतांजलि विहार, लोनी देहात, डाकघर: लोनी, जिला: गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201102 का निवासी, अपना उपनाम अकरम से बदलकर अंसारी कर लिया है और अब से सभी प्रयोजनों के लिए मोहसिन अंसारी के नाम से जाना जाऊंगा।

I, Suraj R/o H.No 46 G Block, Gali no.-8, Sangam Vihar, New Delhi-110062 have changed my minor son name from Anshu to Abhinav for all purposes

I, Yasmeen C/O Mohd Tajuddin R/O E-2454, JJ Colony, Bawana, North West Delhi, Delhi-110039 in my some document my name wrongly mentioned as Yasmin but my correct and actual name is Yasmeen for all purposes.

MISSION / ADMISSION

Association of Holistic, Spiritual & Astrological Sciences (Regd.)
व्यावहारिक ज्योतिष पाठ्यक्रम
LEARN
PRACTICAL ASTROLOGY, PALMISTRY, LAL KITAB, NUMEROLOGY, VASTU, TAROT, SPIRITUAL HEALING, K.P & FACE READING
Classes Every Sunday by 40 Yrs Experienced Faculty
* Now online classes only @ googlemeet app *
at J.V.S.D. Girls Sr. Sec. School, Opp. Hanumanji Statue, Jhandewalan, Karol Bagh, New Delhi -110005
Visit: www.ahsasastrology.in Email: ahsasastro@gmail.com
Call: 9971847941 (what's app), 9810632139 | 7011304511

To book your Education ads
Please contact
Amit : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads timesofindia.com

HEALTH & WELLNESS
TIMES interact

SEX PROBLEMS?
सैक्स समस्यायें कैसी भी
स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी)
बे-औलाद?
मिलें-सलाह लें
Since-1986
कौशिक क्लिनिक
मैट्रो पोल नं.671, उत्तमनगर, दिल्ली-59
9810-272-172

CONTACT SEX PROBLEM
डा.शेरा
फरीदाबाद
9410000016

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

पेशाब
का लाल पीला दूधिया पाद वाला गाढ़ा बार बार जलन या फिर पथरी खून या मवाद के साथ आना शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। इलाज ट्रीटमेंट के लिए मिलें। दवा घर बैठे भी मंगवा सकते हैं।
अशोक क्लीनिक
निकट पीरागढ़ी मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 समय 10 से 5, रवि अवकाश

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads timesofindia.com

सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी
शीघ्र पतन
शुक्राणु की कमी
गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
PNB BANK
9811564909
9210990444

विवाहित जीवन में पायें
नई खुशियाँ
नया जोश
नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजाद पुर दिल्ली
9953396533
8860003863

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL
BUSINESS
PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION
SHOPPING
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

## फटाफट खबरें

### केरल में नए शिक्षक पात्रता नियम लागू

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम: केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर नए 'के-टेट' दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नियमों के अनुसार, के-टेट श्रेणी-1 और 2 पास प्राथमिक, उच्च प्राथमिक टीचर बन सकेंगे। श्रेणी-3 पास माध्यमिक शिक्षक होंगे। भाषा शिक्षकों को श्रेणी-3 और 4 दोनों जरूरी हैं।

### सोना लूट केस में थाना प्रभारी अरेस्ट

■ भाषा, पटना: बिहार में 1.44 करोड़ रुपये के सोने की लूट मामले में गया जीआरपी थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। नवंबर में ट्रेन यात्री से सोना लूटे जाने की जांच में उनकी कथित भूमिका सामने आई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सोना चोरी मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### पुरी में सुबह 11 तक नौकाओं पर बैन

■ भाषा, पुरी: ओडिशा के पुरी जिले में घने कोहरे और ठंड को देखते हुए चिल्का झील समेत सभी जल निकायों में सुबह 11 बजे तक फेरी और पर्यटक नौकाओं पर रोक लगा दी गई है। यह फैसला एक हादसे में एक यात्री की मौत के बाद लिया गया। अधिकारी ने बताया कि नौकाओं पर यह बैन मौसम सुधरने तक लागू रहेगा।

# उमर खालिद को ममदानी की चिट्ठी, BJP बोली, आंतरिक मामले में दखल

## 8 US सांसदों ने भी भारत के राजदूत को चिट्ठी लिख खालिद की हिरासत पर चिंता जताई

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ भाषा, न्यूयॉर्क



FILE

जोहरान ममदानी ने गुरुवार को न्यू यॉर्क सिटी के 112वें मेयर के रूप में शपथ ली

न्यू यॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने उमर खालिद को एक चिट्ठी लिखी है। इस हाथ से लिखी चिट्ठी पर ममदानी के साइन भी हैं। उन्होंने लिखा, प्रिय उमर, मैं अक्सर आपके उन शब्दों को याद करता हूं जिनमें कड़वाहट को खुद पर हावी नहीं होने देने की बात थी। आपके माता-पिता से मिलकर खुशी हुई। हम सब आपके बारे में ही सोच रहे हैं।



उमर खालिद

> अमेरिकी सांसदों ने इंटरनैशनल कानून के अनुसार, टाइम बाउंड सुनवाई की मांग की

ममदानी की इस चिट्ठी को खालिद की सहयोगी बनोज्योत्सना लाहिड़ी ने एक्स पर पोस्ट किया। खालिद को लिखी ममदानी की चिट्ठी की तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा था, जब जेल लोगों को अलग-थलग करने की कोशिश करती है तो आपके शब्द ताकत बनकर फैल जाते हैं।

ममदानी के साथ ही अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने भी उमर खालिद से जुड़े मामले पर अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखा है। उन्होंने खालिद के लिए जमानत और इंटरनैशनल कानून के अनुसार निष्पक्ष और टाइम बाउंड सुनवाई करने की मांग की है।

अमेरिकी नेता जिम मैकगवर्न और जेमी रस्किन उन आठ सांसदों में शामिल हैं जिन्होंने क्वात्रा को पत्र लिखकर खालिद समेत अन्य को सुनवाई से पहले लंबे समय से हिरासत में लिए जाने के बारे में अपनी चिंता जताई है। चिट्ठी में लिखा गया है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते दोनों देशों का स्वतंत्रता, कानून के शासन, मानवाधिकारों और बहुलतावाद की रक्षा और संरक्षण में साझा हित है।

सांसदों का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों, विधि विशेषज्ञों और वैश्विक मीडिया ने खालिद की हिरासत से जुड़ी जांच और कानूनी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं।

पत्र में कहा गया कि खालिद को यूएपीए के तहत लगाए गए आरोपों के लिए पांच साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जिसके बारे में स्वतंत्र मानवाधिकार विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह कानून के समक्ष समानता और उचित प्रक्रिया के अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन हो सकता है।

फरवरी 2020 के दिल्ली दंगा मामले में मुख्य साजिशकर्ता होने के आरोप में उमर खालिद और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम UAPA समेत IPC के कई प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस दंगे में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### संप्रभुता को चुनौती बर्दाश्त नहीं: BJP

खालिद को ममदानी की चिट्ठी के बाद बीजेपी ने इसे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बताया। पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, भारत इस तरह के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर भारत की संप्रभुता को चुनौती दी जाती है, तो 140 करोड़ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर खड़े होंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारत की जनता को देश की न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। अगर कोई भी किसी आरोपी के समर्थन में सामने आता है और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है, तो देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाटिया ने कहा, भारत के लोकतंत्र और जुडिशरी पर सवाल उठाने वाला कोई बाहरी होता कौन है? यह सही नहीं है, वो भी तब जब आरोपी पर देश तोड़ने जैसे गंभीर मामले दर्ज हों। विश्व हिंदू परिषद ने भी ममदानी की चिट्ठी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। ममदानी ने कुरान पर हाथ रखकर न्यू यॉर्क के मेयर के तौर पर शपथ ली। VHP ने कहा, ममदानी ने भारत को विभाजित करने की बात करने वाले 'अपराधियों' के बचाव में आकर कुरान का अपमान किया है।

# JEE अडवांस्ड 17 मई को, करीब 2.5 लाख कैंडिडेट्स देंगे एग्ज़ाम

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



AI Image

■ नई दिल्ली : जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई- मेन) के ओवरऑल रिजल्ट के आधार पर 2.5 लाख कैंडिडेट्स को आईआईटी में एडमिशन के लिए होने वाले एग्जाम जेईई एडवांस्ड 2026 में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस बार जेईई एडवांस्ड करवाने की जिम्मेदारी आईआईटी रुड़की को सौंपी गई है।

अलग- अलग कैटिगरी में कितने कैंडिडेट्स को बुलाया जाएगा, इसकी संख्या भी तय कर दी गई है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों के ट्रेंड को देखें तो आईआईटी में एडमिशन के लिए होने वाले एग्जाम में ढाई लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स को ही बुलाया जाता है और इसका एक कारण कैंडिडेट्स का स्कोर टाई होना होता है। अगर कुछ छात्रों के नंबर एक जैसे हैं तो उन छात्रों का हाई रैंक मिलती है जिनको पॉजिटिव मार्क्स ज्यादा मिले हैं। इस एग्जाम में नेगेटिव मार्किंग भी होती है। उसके बाद भी टाई होता है तो पहले मैथ्स और फिर फिजिक्स के नंबर देखे जाते हैं। अगर फिर भी स्कोर एक जैसा रहता है तो उन सभी को एक जैसी रैंक दे दी जाती है।

> स्टूडेंट्स 23 अप्रैल से 2 मई तक कर सकेंगे एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन

**पिछले दो वर्षों में क्या रहा था ट्रेंड :** 2025 में कटऑफ थोड़ा कम हुई थी। 2025 में हुए जेईई एडवांस्ड के लिए 250236 छात्र रेस थे जबकि 2024 में यह संख्या 250284 थी। JEE एडवांस्ड 2026 की परीक्षा 17 मई को आयोजित की जाएगी, रजिस्ट्रेशन 23 अप्रैल से 2 मई तक होगा। परीक्षा का आयोजन एक ही दिन में दो शिफ्ट में होगा। पहली पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 बजे से 5:30 बजे तक होगी। दोनों शिफ्ट की परीक्षा देना सभी उम्मीदवारों के लिए कंपलसरी होगा और उसके आधार पर अंतिम रैंक तय की जाएगी। कैंडिडेट का जन्म 1 अक्टूबर 2001 या उसके बाद होना चाहिए। यह परीक्षा अधिकतम दो बार और लगातार दो वर्षों में ही दी जा सकती है। जो छात्र पहले किसी IIT में दाखिला ले चुके हैं, वे दोबारा JEE एडवांस्ड नहीं दे सकते, वहीं जिन छात्रों को पिछले वर्ष सीट मिली थी, लेकिन उन्होंने जॉइन नहीं किया, उन्हें दोबारा परीक्षा देने की इजाजत होगी।

करियर काउंसलर आलोक बंसल ने कहा, टाई होने की स्थिति में सही सवालों का चयन भी रैंकिंग में बहुत बड़ा फैक्टर होता है, ऐसे में जरूरी है कि छात्र तुक्का न लगाएं क्योंकि एक गलत जवाब के कारण उनकी रैंकिंग बिगड़ सकती है।

# ओपन स्कूलिंग सिस्टम का दायरा बढ़ाने की योजना

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



AI Image

■ नई दिल्ली : शिक्षा मंत्रालय देश में ओपन स्कूलिंग सिस्टम का दायरा बढ़ाने के लिए एक विशेष योजना पर काम कर रहा है। अभी शिक्षा बोर्ड नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) में करीब 6 लाख स्टूडेंट्स ही रजिस्टर्ड हैं, वहीं दूसरी ओर सीबीएसई के स्कूलों में 2.5 करोड़ स्टूडेंट्स हैं। जो छात्र सामाजिक-आर्थिक स्थिति के कारण अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं या फिर फेल होने के कारण पढ़ाई छोड़ रहे हैं। ऐसे छात्रों को NIOS से जोड़ने के लिए योजना बनाई जा रही है।


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि ओपन स्कूलिंग सिस्टम के लिए एक ऐसा मॉडल होगा, जिसमें छात्रों को पढ़ाई के साथ- साथ काम करने का मौका भी मिलेगा, इससे उनकी आर्थिक दिक्कतें भी कम होंगी।

### NCERT बनेगी डीम्ड यूनिवर्सिटी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) को 'डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी' का दर्जा दिए जाने का फैसला हो चुका है। स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव संजय कुमार का कहना है कि अगले दो हफ्ते में एनसीईआरटी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। यूजीसी कमीशन की बैठक में संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने के फैसले पर मुहर लगेगी।

# गुजरात: घूसखोरी में पूर्व DM गिरफ्तार

■ भाषा, अहमदाबाद : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के पूर्व जिलाधिकारी राजेंद्र कुमार पटेल को रिश्वतखोरी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।




AI Image

पटेल का एक हफ्ते पहले ट्रांसफर हो गया था, जब ईडी ने उनके कार्यालय में कार्यरत उप राजस्व अधिकारी चंद्रसिंह मोरी को रिश्वतखोरी केस में गिरफ्तार किया था। मोरी के आवास पर 23 दिसंबर को छापेमारी के दौरान 67.5 लाख कैश मिला था। ईडी ने दावा किया कि मोरी ने रिश्वत की बात स्वीकार की है।

ईडी ने अपनी जांच में सुरेंद्रनगर जिलाधिकारी कार्यालय में लोक सेवकों के सुनियोजित वसूली और रिश्वतखोरी के माध्यम से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल होने और अपराधिक आय अर्जित करने का पता लगाया।

# आरोपी की पत्नी को देश में रोकने का आदेश रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट का वह आदेश रद्द किया, जिसमें रेप के आरोपी सॉफ्टवेयर इंजिनियर को अमेरिका में रह रही पत्नी को भारत में ही रहने का निर्देश दिया गया था। शख्स पर शादी का झूठा वादा कर एक महिला से रेप का आरोप है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने आरोपी के उस अंडरटेकिंग (शपथपत्र) को रेकॉर्ड पर लिया, जिसमें उसने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर सुनवाई में मौजूद रहने का भरोसा दिया था।

> HC ने आरोपी को विदेश जाने की इजाजत दी, पर पत्नी को देश में ही रहने की शर्त रखी

आरोपी इंजिनियर की ओर से पेश वकील अश्विनी दुबे ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल की पत्नी न तो इस मामले में आरोपी है और न ही पक्षकार। दुबे ने यह भी बताया कि इस आदेश के पारित होने की तारीख तक आरोपी की पत्नी भारत में थी ही नहीं, बल्कि वह अमेरिका में काम कर रही थी।

आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला अजमेर में दर्ज किया गया था। आरोप है कि उसने एक वैवाहिक वेबसाइट पर महिला से संपर्क किया और विवाह का आश्वासन देकर चार वर्षों तक उससे करीबी संबंध बनाए। गिरफ्तारी की आशंका को पर आरोपी ने अग्रिम जमानत की अर्जी दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद उसने ट्रायल कोर्ट में विदेश जाकर नौकरी करने की अनुमति के लिए अर्जी दी, जो खारिज हो गई। इसके खिलाफ उसने हाई कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने उसे विदेश जाने की इजाजत तो दी, लेकिन शर्त लगाई कि उसकी पत्नी भारत में ही रहे।

# ओपन स्कूलिंग सिस्टम का दायरा बढ़ाने की योजना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : शिक्षा मंत्रालय देश में ओपन स्कूलिंग सिस्टम का दायरा बढ़ाने के लिए एक विशेष योजना पर काम कर रहा है। अभी शिक्षा बोर्ड नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) में करीब 6 लाख स्टूडेंट्स ही रजिस्टर्ड हैं, वहीं दूसरी ओर सीबीएसई के स्कूलों में 2.5 करोड़ स्टूडेंट्स हैं। जो छात्र सामाजिक-आर्थिक स्थिति के कारण अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं या फिर फेल होने के कारण पढ़ाई छोड़ रहे हैं। ऐसे छात्रों को NIOS से जोड़ने के लिए योजना बनाई जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि ओपन स्कूलिंग सिस्टम के लिए एक ऐसा मॉडल होगा, जिसमें छात्रों को पढ़ाई के साथ- साथ काम करने का मौका भी मिलेगा, इससे उनकी आर्थिक दिक्कतें भी कम होंगी।

# आतंक से जुड़े 3 पर NIA की चार्जशीट

■ भाषा, नई दिल्ली: NIA ने बेंगलुरु में 2023 के एक मामले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े मनोचिकित्सक समेत तीन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला उन अपराधियों से हथियार, गोला-बारूद और डिजिटल उपकरण बरामद होने से जुड़ा था जिन्होंने बेंगलुरु में आतंक फैलाने की साजिश रची थी।

# उत्तराखंड में सेना के कैंप में आग

■ NBT रिपोर्ट, चमोली: चमोली जिले के ज्योतिमठ में औली रोड के पास सेना कैंप में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सेना के जवानों के साथ ही फायर सर्विस की टीम मौके पर आग बुझाने में जुट गई, लेकिन आग इतनी विकराल हो गई कि इसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग काफी बड़े क्षेत्र में फैल गई है, जिसके कारण इसे बुझाने में जवानों और फायर सर्विस की टीम को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिस क्षेत्र में आग फैली है वह सेना का स्टोर था, जिसमें प्लास्टिक का समान था। वहां खेत भी है जहां मौजूद सूखी घास तेज हवा चलने के कारण आग की लपटें विकराल हो गईं।

> सूखी घास, हवा से आग तेजी से फैली, कड़ी मशक्कत के बाद बुझी

# लद्दाख में धुरंधर फिल्म टैक्स फ्री

■ भाषा, लेह/जम्मू: रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' को शुक्रवार को लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने केंद्र शासित प्रदेश में टैक्स फ्री घोषित कर दिया। आदित्य धर द्वारा निर्देशित जासूसी एक्शन फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर सुपर हिट साबित हुई है। फिल्म ने 2025 के अंत और 2026 की शुरुआत में कई रिकॉर्ड तोड़े और दुनिया भर में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की।

एलजी ऑफिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया, उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने फिल्म 'धुरंधर' को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कर-मुक्त घोषित कर दिया है। उपराज्यपाल ने कहा कि फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर लद्दाख में हुई।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लाट सं. 01, नालेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in ई-मेल: authority@gnida.in

पत्रांक: नियो./वीए-41/नियो./2026/380 दिनांक: 02.01.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण बोर्ड की 141वीं बोर्ड बैठक दिनांक 22.11.2025 के मद संख्या – 141/06 में ग्राम जैतपुर गुर्जर के तीन प्रकरण यथा खसरा संख्या – 207, 340 एवं 594 के सापेक्ष देय लीजबैक की भूमि को पुर्ननियोजित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रेषित किया गया था, जिसका प्राधिकरण बोर्ड के संचालक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उपरोक्त संशोधनों पर यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो तो समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 9.30 बजे से सायंकाल 6.00 बजे तक प्राधिकरण के कस्टमर रिलेशन सेल पर महाप्रबन्धक (नियोजन), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा को सम्बोधित करते हुए लिखित एवं आधिकारिक आईडी – gmplanning@gnida.in के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है।

उक्त अनुमोदित संशोधनों पर आपत्ति/सुझाव देने वाले व्यक्ति/संस्था को अपना नाम, पता व दूरभाष सहित पूर्ण विवरण देना आवश्यक है।

महाप्रबन्धक (नियो./वास्तु)

Follow Us On / OfficialGNIDA

BAJAJ AUTO LTD.
Mumbai-Pune Road, Akurdi, Pune 411035

AUCTION SALE OF WORKSHOP MACHINERY

MACHINERY VIZ: VMC/HMC:- ACE/NTC/ MAZAK/ ARROW/CINCINATTI MILACRON; LIEBHER HOBBING CNC MACHINE; HMT CNC LATHE; CNC TOOL & CUTTER GRINDER MAKE WIDIA; CNC SHAPING MACHINE; 3 AXIS CNC VERT MILING MACHINE- BED TYPE (BOHNER); HONING:- GEHRING/ NAGEL TWIN SPINDLE HONNING MACHINE/GLEASON HURTH GEAR TOOTH HONING; FANUC ROBO DRILL; MAHO JIG BORING; MURATA TWIN SPINDLE TURNING; HMT CNC LATHE; CNC 3 D CO-ORDINTE MEASURE M/C; INDUCTION HARDENING M/C; TIG WELDING; DAIHEN JAPAN MAKE DOUBLE INVERTER AC/DC PULSED TIG;

APPROX.10MT DB PANNEL; AC LOTS; LOADING/UNLOADING LIFTING TACKELS; CRANE; CONVEYOR LOTS; CHILLERS; ETC.

E-WASTE ITEMS; (COMPUTERS / LAPTOPS / PRINTERS ETC.)

AND MANY OTHER ITEMS (TOTAL ABOUT 241 LOTS) will be sold on "As is where is" basis by Public Auction at Akurdi, Pune Plant premises on 17-01-2026 from 9-30 a.m. subject to terms and conditions as mentioned in the catalogue.

For Inspection and Participation at auction, separate refundable CMD must be paid in advance as mentioned in the catalogue.

For detailed catalogue please contact:

GANDHI AUCTIONEERS PVT. LTD.
Mob: 9820106675 (Mon-Sat: 10 to 5 p.m.)
or write to jgandhi@gaplonline.com

भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग)

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) आधार पर वैज्ञानिक के पदों को भरने के लिए योग्य और उपयुक्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख इस विज्ञापन के प्रकाशन से तीस दिन बाद है। वैज्ञानिक पदों के लिए पद का विवरण, पात्रता शर्तें आदि स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग की वेबसाइट - https://dhr.gov.in/vacancies पर उपलब्ध है।


हस्ताक्षर /-
राजीव सक्सेना
अवर सचिव

A.12025/02/2022-HR

CBC 17301/11/0007/2526

NBCC

डीडीए भारत वंदना पार्क, सेक्टर-20, द्वारका, नई दिल्ली में रेस्तरां, फूड कियोस्क, सोविनियर शॉप्स और वीआर गेमिंग बिल्डिंग के किराए पर देने हेतु ऑनलाइन ई-बिडिंग के लिए आमंत्रित करता है



मुख्य विशेषताएं :
» प्रधान स्थान – भारत वंदना पार्क, सेक्टर-20, द्वारका, नई दिल्ली
» 2 वर्ष का किराया समझौता

ई-बिडिंग दस्तावेज... www.dda.gov.in

ई-नीलामी की तिथि : 09.01.2026

SWEATSHIRT Jackets & Sweaters SALE

Hi-Fashion winter collection 2025-26
Branded Sweaters, Jackets, Lowers
Sweat Shirts & Track Suits

upto 60% off

2026 Happy New Year Welcome

MEN, WOMEN & KIDS WEAR

By Economy Sales: 9212758425

ARROW | Raymond | ColorPlus | Levi's | PARK AVENUE


• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

BENCHMARK

360° WATER HEATERS
GAS | HEAT PUMP | ELECTRIC | SOLAR

TEAM TRUST TECHNOLOGY SINCE 2004

Smart Water Heaters for a Warmer New Year 2026



HEAT PUMP
Ideal for Residences, Hotels, Hostels & Hospitals

70% SAVINGS ON ELECTRICITY

Dealership/Institutional Enquires are Welcome

Benchmark Agencies Pvt. Ltd.
Contact us for more details: (M) 99241 48433
sales@benchmarkagencies.com • www.benchmarkagencies.com

FORE SCHOOL OF MANAGEMENT
NEW DELHI | GURUGRAM

Accredited by

ADMISSION OPEN 2026

ADMISSION NOTIFICATION FOR TWO-YEAR FULL-TIME PROGRAMMES

PGDM | PGDM (International Business) | PGDM (Financial Management) | PGDM (Big Data Analytics)

All Programmes are approved by AICTE | 5% of the approved intake in all the programmes is reserved for NRI students.

Eligibility:
■ A recognized Bachelor's Degree in any discipline with a minimum aggregate marks of 50%.
■ CAT-2025/XAT-2026 percentile.
■ GMAT score (Test taken between 1st January, 2024 & 31st January, 2026).

Delhi Campus: "Adhitam Kendra" B-18, Qutub Institutional Area, New Delhi - 110016 (India)

Gurugram Campus: Plot No. 47, Sector-32, Gurugram - 122001 (India)

For any queries, please contact admissions@fsm.ac.in

What Truly Sets FSM Apart:
■ 33 years of Excellence in Management Education, Research and Training.
■ Futuristic and Industry-centric Curriculum with Foundation courses from Harvard Business School, and MOOC from Coursera.
■ A strong focus on AI, Digital Technology, Data Analytics and Responsible Management.
■ Rigorous Outcome-based Teaching Learning Process involving Case Studies, Simulation and Projects.
■ Strong Academy-Industry Interface.
■ Complimentary International Immersion Programme (IIP) for all students, with top global institutions, and an enhanced two-week IIP+ option for selected eligible candidates.
■ Means cum Merit Scholarship & Merit Scholarship to the tune of more than INR 3 Crores.
■ Renowned, Experienced, 74 Full Time Faculty, certified by Harvard Business School in 'Teaching with Cases' and 40+ Visiting Faculty Members.

10% TUITION FEE WAIVER TO STUDENTS FROM NORTH EAST, LADAKH (UT) AND JAMMU & KASHMIR

LAST DATE FOR SUBMISSION OF APPLICATIONS: JAN 05, 2026

Application Procedure:
■ Apply online only at https://admissions.fsm.ac.in/
■ Application fee can be paid through Credit Card/Debit Card/Net Banking.
Note: IIMS/XLRI have no role in the selection process at FSM.

FOR MORE INFO, SCAN THE QR CODE

011-41242415/16, 46485535, 9999327601

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 2 Page: NBTNDP8 User: dilip.lal Time: 01-02-2026 23:25 Color:

संवाद

# नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । शनिवार, 3 जनवरी 2026

## लीपापोती का प्रयास

### इंदौर में मौत के आंकड़ों पर बहस

**स्वच्छता रैंकिंग** में लगातार टॉप पर आने वाले इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई मौतें लापरवाही का नतीजा हैं। स्थानीय लोगों का यह आरोप बेहद गंभीर है कि पानी की क्वॉलिटी को लेकर लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। और दुर्भाग्य से इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अदालत को दखल देकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश देना पड़ रहा है।



हाईकोर्ट में सुनवाई

**अलग-अलग आंकड़े**। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान नगर निगम की तरफ से दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में दूषित पेयजल की वजह से केवल चार मौतें बताई गई हैं, जबकि वहीं के मेयर का कहना है कि 10 लोगों की मौत हुई और दूसरे सोर्स संख्या 15 बता रहे हैं। मौत के आंकड़ों पर बहस साबित करती है कि अब भी इस घटना से सबक लेने के बजाय लीपापोती करने का प्रयास है। दूषित पेयजल की वजह से एक भी मौत होना शर्मनाक है और यहां तो 200 से ज्यादा लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा।

**कार्रवाई काफी नहीं**। राज्य सरकार ने नगर निगम के आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देती, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। यहां ऊपर से नीचे तक, सभी की जवाबदेही तय होनी चाहिए।


**सुधार की जरूरत**। इंदौर के भागीरथपुरा की घटना जरूरी नागरिक सुविधाओं की कमी की ओर भी इशारा करती है। आज भी देश में हर एक लाख आबादी पर औसतन लगभग 35 लोगों की दूषित पेयजल की वजह से जान जाती है। ग्लोबल एवरेज की तुलना में यह लगभग तीन गुना है। बेशक सरकार ने जल जीवन मिशन जैसे अभियान चलाए हैं, जिसकी बदौलत करीब 81% ग्रामीण घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का दावा है, लेकिन अब भी सुधार की बहुत जरूरत है।

**चुनौती और बढ़ेगी**। भारत ने 2047 तक विकसित देशों की कतार में खड़े होने का लक्ष्य रखा है, लेकिन पहले आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना होगा। 2050 तक भारत की आबादी 1.7 अरब तक होने का अनुमान है और तब पानी के संसाधनों पर और दबाव पड़ेगा। देश को बेहतर वॉटर मैनेजमेंट के साथ सिस्टम को सुधारने की जरूरत है, तभी इस चुनौती का सामना किया जा सकता है।

## बात जरूरी है

### आ बैल मुझे मार

**साल बदल** गया लेकिन आदतें नहीं। देश के सभी मशहूर पर्यटन स्थलों से यही खबरें सामने आ रही हैं, जो पिछले कई साल से इस समय आती हैं। हर जगह लोगों की भारी भीड़ और गाड़ियों का लंबा जाम। धार्मिक नगर भी इससे अछूते नहीं बचे। काशी, मथुरा, अयोध्या में भी दर्शन के लिए कई किलोमीटर लंबी कतार लग गई। लोगों से कुछ दिन वहां न आने की अपील करनी पड़ गई। ऐसा नहीं कि इन हालात से लोग अनजान हों। नया साल शुरू होने से कई दिन पहले से इन सब जगहों पर भीड़ के कारण बुरा हाल हो गया था। अखबार और चैनल ऐसी खबरों से अटे पड़े थे कि लोग सड़क पर फंसकर रात बिता रहे हैं, होटलों में कमरे नहीं हैं, सोशल मीडिया पर कई पर्यटक खुद अपील करते रहे कि घर पर ही रहें, यहां आने की भूल न करें। इसके बावजूद हजारों लोग परिवार समेत घर से निकल गए। अरे भाई, आपका मकसद नए साल के स्वागत में जश्न मनाने का होता है, क्या फायदा जब गाड़ी में ही रात बितानी पड़े। जैसलमेर और मनाली से जैसी तस्वीरें आ रही थीं, वही आंख खोलने के लिए काफी थीं। जैसलमेर के सोनार किले के वायरल विडियो में साफ दिख रहा था कि चलने क्या खड़े होने तक की जगह नहीं। दूर तक सिर्फ लोगों का हुजूम। यही हाल पूरे शहर का था। सोशल मीडिया पर कई यूजर बोले कि लगता है सारा देश जैसलमेर पहुंच गया। इसका असर यह हुआ कि रहने तक की जगह नहीं बची। गोद में बच्चा लिए एक महिला ने विडियो डाला कि तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें एक होटल में छोटा सा कमरा मिला भी तो दस हजार रुपये में। मौके का फायदा सभी ने उठाया। सैंड ड्यून्स में सामान्य दिनों में 5 हजार में मिलने वाले टेंट के दाम 15 से 35 हजार तक पहुंच गए। यानी जेब भी खाली हुई और एंजॉय भी नहीं कर पाए।



अक्षय शुक्ला

मनाली का हाल तो इससे भी बुरा था। रोहतांग जाने वाली रोड पर मीलों दूर तक गाड़ियां जाम में फंसी नजर आईं। बर्फ से ढकी पहाड़ियों का लुत्फ लेने गए लोगों का सामना सड़क पर उत्पात मचाते हुड़दंगियों से हुआ। लोग सवाल कर रहे कि क्या यह देखने इतनी दूर आए हैं। लेकिन मनाली में यह नई बात तो नहीं। मॉनसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन के वक्त भी कितने लोग यहां फंस गए थे। उस वक्त एक सुरंग में लगे जाम का विडियो वायरल हुआ था, पर्यटक गाड़ी से बाहर निकल सड़क पर ही चादर बिछाकर सो गए थे। 2024 में आठ हजार पर्यटकों को अटल टनल के पास से बचाकर निकाला गया था। फिर भी इस सीजन में यहां जाने का मोह लोग नहीं छोड़ पाते। दरअसल, एक दूसरे की नकल की होड़ मची है। सोशल मीडिया पोस्ट और रील देख लोगों को लगता है कि सब जा रहे, कहीं हम ही पीछे न रह जाएं। लाइक्स पाने की ऐसी दीवानगी कि जानते बूझते खुद को मुसीबत में डाल रहे हैं। ऐसे लोगों पर यह कहावत एकदम सटीक बैठती है- 'आ बैल मुझे मार'।

## ऑफ़ दि ट्रैक


### सबसे पुराने क़दम

दिलीप लाल


**सऊदी अरब** के रेगिस्तान से इतिहास की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ी है, जो मनुष्य के पहले माइग्रेशन की कहानी को और स्पष्ट करती है। पश्चिमी नेफुद डेजर्ट में स्थित Alathar नामक स्थल पर वैज्ञानिकों को लगभग 1.15 लाख वर्ष पुराने मानव पदचिह्न मिले हैं। इन्हें अरब प्रायद्वीप में आधुनिक मानव (Homo sapiens) की अब तक की सबसे पुरानी प्रत्यक्ष मौजूदगी का प्रमाण माना जा रहा है। यह खोज उस धारणा को चुनौती देती है, जिसमें आज के सऊदी अरब को केवल सूखा, तपता और निर्जन क्षेत्र समझा जाता है। जांच से पुष्टि हुई कि ये किसी जानवर के नहीं, बल्कि इंसानों के हैं। इन पदचिह्नों की आयु Last Interglacial Period की बताई गई है, जब पृथ्वी की जलवायु अधिक नम और मानव जीवन के लिए अनुकूल थी। उस समय नेफुद डेजर्ट में मीठे पानी की झीलें, घास के मैदान और बड़े जानवर मौजूद थे। यहां पत्थर के औजार, आग या हड्डियों के प्रमाण नहीं मिलने से यह स्पष्ट होता है कि यह कोई स्थायी बस्ती नहीं, बल्कि मानव प्रवास के दौरान का अस्थायी पड़ाव था। यह खोज उस सिद्धांत को मजबूती देती है कि अरब प्रायद्वीप कभी अफ्रीका, लेवांत और दक्षिण एशिया को जोड़ने वाला एक 'ग्रीन कॉरिडोर' था, जिसके जरिए प्रारंभिक मानव अफ्रीका से निकलकर दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़े।

### केंद्र ने नए साल में 4000 मंदिरों के जीर्णोद्धार की योजना बनाई

# दक्षिण की ओर चला धर्म रथ



विश्वनाथ गोकर्ण



प्रत्यक्षं किम् प्रमाणं - जो सामने है, उसके लिए प्रमाण जरूरी नहीं होता। मेरे खयाल से सनातन धर्म के लिए यह बात एकदम सही है। किसी को शक नहीं है कि सनातन धर्म का ध्वज आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में शीर्ष पर लहरा रहा है। भले ही आप इसे राजनीतिक चश्मे से देखें, लेकिन मानेंगे कि भारत में करीब एक दशक पहले बदले राजनीतिक परिदृश्य के बावजूद सब इतना आसान नहीं था।

**दुर्लभ संयोग**। एक साल पहले महाकुंभ की गूंज अचानक से तेज हुई। 144 साल के दुर्लभ संयोग की चर्चा हर जगह होने लगी। लोगों को लगा कि अब नहीं गए, तो कभी नहीं जा पाएंगे। बड़ी संख्या में लोग तमाम मुश्किलें उठाकर और जमा-पूंजी लगाकर इस ऐतिहासिक मौके को अपने नाम करने पहुंचे।

**जेब खाली, मन भरा**। प्रयागराज पहुंचने वाला हर श्रद्धालु अपनी हैसियत से थोड़ा अधिक ही खर्च कर आया। नतीजतन, पंडित-पुरोहितों के साथ ई-रिक्शा, ऑटो, ठेला चालकों की भरपूर कमाई हुई। होटल, रेस्तरां वाले भी मालामाल हो गए।


**आज भी सिहरन**। महाकुंभ की यादों से लोग आज भी रोमांचित हो उठते हैं। वे याद करते हैं कि प्लेन टिकट महंगा था, ट्रेनों में जगह नहीं थी और रास्ते जाम थे, फिर भी लोग पहुंचे। जो होटल का खर्च नहीं उठा सकते थे, उन्होंने सड़क किनारे ही डेरा डाल दिया।

**इकॉनमी को बूस्ट**। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के एक सर्वे के मुताबिक, महाकुंभ पहुंचे हर श्रद्धालु ने औसतन 5.8 हजार रुपये खर्च किए। मेले में लगभग 66 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। इस हिसाब से यूपी की इकॉनमी को करीब 3.88 लाख करोड़ का बूस्ट मिला। सर्वे से यह भी भी पता चलता है कि लोगों ने घूमने पर 41% से ज्यादा खर्च किया, जबकि रहने पर 16.64% और खाने पर केवल 11.24%।

**सभी को फायदा**। मेले में लोगों ने पुण्य ही नहीं कमाया, बड़े पैमाने पर रोजगार का मौका भी भुनाया। गंगाजल के लिए प्लास्टिक कैन और बोतल का कारोबार ही करोड़ों रुपये का हो गया। दक्षिण भारत में रहने वालों ने लाखों रुपये खर्च कर टैंकर से संगम का जल मंगाया। उन्होंने अपने इलाके के मंदिरों में जलाभिषेक किया और कई लोगों को निःशुल्क बांटा। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के मनकामेश्वर मंदिर और नागवासुकि मंदिर सहित कई कॉरिडोर का लोकार्पण किया जाना इन्हीं में से एक था। अब एक बार फिर प्रयागराज माघ मेले के लिए सज चुका है।

नए साल की आशा

**कॉरिडोर निर्माण**। महाकुंभ बीतते-बीतते लगा, सनातनी चर्चाएं कम होने लगेंगी, लेकिन उज्जैन के श्री महाकालेश्वर और मां विंध्याचल देवी कॉरिडोर निर्माण ने सनातनी उत्थान यज्ञ में आहुति दे दी। साल के आखिर तक प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के स्वर्ण शिखर पर बहुप्रतीक्षित धर्म ध्वजा फहराया। इसे सनातन ध्वजा कहा गया, जिससे अयोध्या पर फिर विश्व भर में चर्चा होने लगी। आलम है कि अयोध्या, काशी और मथुरा में रोजाना लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।




**धार्मिक पर्यटन**
- काशी और अयोध्या में हर दिन आ रहे लाखों श्रद्धालु
- घूमने के लिए भी धार्मिक शहरों का रुख कर रहे लोग

**धार्मिक टूरिज्म**। पिछले साल इतने धार्मिक आयोजन हुए कि साल के अंत में लोग पहाड़ों और समुद्र किनारे छुट्टियां बिताने के बजाय धर्मस्थलों पर गए। पुराने साल को विदा करने वालों की भीड़ काशी, अयोध्या, मथुरा, वैष्णो देवी, कांची, मदुरै, तिरुपति और गोकर्ण जैसे स्थानों पर रही। कई पर्यटक द्वादश ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर हैं, तो कई शक्तिपीठ पहुंच गए।

**अब दक्षिण की बारी**। केंद्र ने नए साल में तमिलनाडु में चार हजार मंदिरों के जीर्णोद्धार की योजना बनाई है। ऐसा हुआ तो अब दक्षिण भारत में और भीड़ बढ़ेगी। इसके अलावा, 17 फरवरी को आंशिक सूर्य ग्रहण है। इसमें भी पवित्र नदियों वाले शहरों में लोग जाएंगे। इस दौरान कई अहम धार्मिक अनुष्ठान भी हो सकते हैं। बहरहाल नए साल में भारत को तमाम मोर्चों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, मगर संदेह नहीं है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक सनातनी धर्म ध्वजा लहराता रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)




## डेटिंग ऐप्स पर जॉब सर्च

**डेटिंग ऐप्स को प्यार तलाशने का जरिया माना जाता है। लेकिन, AI के जमाने में हालात बदल रहे हैं। एक सर्वे से पता चला है कि युवा अब इंटर्नशिप, जॉब इंटरव्यू और फ्रीलांसिंग के लिए भी डेटिंग ऐप्स का सहारा ले रहे हैं।**

5 पॉइंट

**1 2,200 लोगों का सर्वे**
सर्वे में शामिल एक तिहाई ने बताया कि नौकरी के लिए ही डेटिंग ऐप्स पर मैच ढूंढा। दो तिहाई ने अपनी पसंद की कंपनी के लोगों को राइट स्वाइप किया, जबकि आधे ने सीनियर पोजिशन वाले लोगों को चुना।

**2 मैनेजर तक पहुंच**
दरअसल, हायरिंग सिस्टम में AI के आने से योग्य उम्मीदवारों के रेज्यूमे ऐसे ही पड़े रह जाते हैं। जॉब मार्केट और कठिन हो गया है। इसलिए, हायरिंग मैनेजर तक पहुंचने के लिए भी इनका सहारा लिया जा रहा है।

**3 पहचान में मददगार**
नेटवर्क बढ़ाने के लिए भी डेटिंग ऐप्स की मदद ली जा रही है, क्योंकि नौकरी तब ही मिलती है जब उस कंपनी में किसी से पहचान हो। ऐसे में युवा पहले ऐप्स से दोस्ती कर रहे और फिर उसी दोस्त से नौकरी मांग रहे।


**4 फ्रीलांस जैसा रिश्ता**
कई लोगों ने डेटिंग ऐप्स पर बनाए रिश्तों को फ्रीलांसिंग के लिए भुनाया। कुछ को रिश्ते में आने के बाद फ्रीलांस काम मिल गया, लेकिन उनका रिश्ता चला नहीं। हालांकि कुछ का रिश्ता नौकरी से आगे भी बढ़ा।

**5 कंपनियां कन्फ्यूज**
डेटिंग ऐप्स कंपनियों के लिए यह ट्रेंड नया है। उनके यूजर तो बढ़ रहे हैं, लेकिन चिंता है कि अगर हायरिंग के लिए ऐप्स का इस्तेमाल होने लगा तो उन पर भरोसा घटेगा।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

# राजशाही की वापसी का तो सवाल ही नहीं

*राजशाही का अंत कर गणतांत्रिक व्यवस्था अपनाने और एक प्रगतिशील संविधान हासिल कर लेने के बाद भी नेपाल लोकतंत्र की राह पर सहजता से आगे नहीं बढ़ पा रहा। एक के बाद दूसरी अनिश्चितता से उसका पाला पड़ता रहा है। इसी की ताजा कड़ी है गत सितंबर में हुआ Gen Z विद्रोह, जिसने तत्कालीन ओली सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की की अगुआई वाली अंतरिम सरकार ने मार्च में आम चुनाव करवाने का ऐलान किया है, लेकिन इस बीच पुरानी संसद को बहाल करने की मांग भी जारी है। ऐसे में पिछले दिनों दिल्ली आए नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. बाबूराम भट्टराई से बातचीत कर NBT के **प्रणव प्रियदर्शी** ने यह समझने का प्रयास किया कि नेपाल इन हालात में कैसे फंसा और यहां से आगे की उसकी राह किस ओर जाती दिखती है। प्रस्तुत हैं बातचीत के मुख्य अंश:*



NBT सप्ताह का इंटरव्यू

डॉ. बाबूराम भट्टराई

> असलियत यह है कि भारत और नेपाल के संबंध इतने पुराने और इतने गहरे हैं कि उसे किसी तरह से रिप्लेस करने की बात सोची भी नहीं जा सकती। फिर भी, मान लीजिए कि अगर कोई ऐसी मूर्खता करने की सोचता भी है तो खुद चीन उसे अस्वीकार कर देगा। ये बातें रेकॉर्ड पर हैं कि 19वीं और 20वीं सदी में जब भी ऐसी कोशिश की गई, चीन ने उसे हतोत्साहित किया।

**■ आप न केवल जनयुद्ध के दौर की अगुआई करने वाले प्रमुख नेताओं में रहे हैं, बल्कि संविधान समिति के भी अध्यक्ष रहे हैं। जिस अनिश्चितता में नेपाल अभी फंसा है, उसे देखते हुए क्या चुनाव तय समय पर होने की आशा है?**

मैं कोई भविष्यवक्ता नहीं हूं, इसलिए यह नहीं बता सकता कि चुनाव समय पर होंगे या नहीं, लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि चुनाव तय समय पर ही होने चाहिए। सबके लिए यही सही है, नेपाल की जरूरत यही है।

**■ सितंबर में नेपाल में सड़कों पर Gen Z का जो गुस्सा फूटा था, उसे आप किस तरह से देखते हैं?**

हमने नेपाल में लंबे संघर्षों के बाद संघीय गणतांत्रिक संविधान बनाया, उससे राजनीतिक तौर पर तो लोकतंत्र स्थापित हो गया, लेकिन उसके बाद जो बराबरी, समृद्धि, खुशहाली आनी चाहिए थी, वह नहीं लाई जा सकी। उसके खिलाफ नेपाल के युवाओं का असंतोष सामने आया, वही Gen Z विद्रोह था।

**■ पूर्व पीएम केपी ओली कहते हैं, उसके पीछे विदेशी हाथ था। उनका इशारा भारत की ओर है। क्या आप भी ऐसा ही मानते हैं?**

देखिए, जो भी शासक वर्ग के लोग होते हैं वे इस तरह की बातें करते हैं। इस तरह की कॉन्सपिरेसी थियरीज को मैं नहीं मानता। यह नेपाल के युवाओं का असंतोष था, जेनुइन विरोध था, इसमें कोई शक नहीं। हां, एक बार ऐसा विरोध फूट पड़ता है तो उसमें कुछ गलत तत्व भी प्रवेश कर जाते हैं। इसमें भी अगर ऐसा कुछ होगा, तो इसकी जांच चल ही रही है, उसमें सामने आ जाएगा, लेकिन मूलतः यह नेपाल के युवाओं का असंतोष था, उसके कारण भी आंतरिक थे।

**■ क्या थे ये आंतरिक कारण?**

दो तरह के फैक्टर रहे इसके पीछे। जनयुद्ध के लंबे दौर के बाद हमने राजशाही का अंत करके नया संविधान बनाया। उसके बाद अजेंडा बदल गया था। इसलिए हमारी जो माओवादी पार्टी थी, हमने कहा था कि उसका कार्यभार पूरा हो गया है। उसके बाद नई तरह की राजनीति की जरूरत थी, सुशासन के जरिए आर्थिक समृद्धि लाने की जरूरत थी। लेकिन हमारी बात नहीं सुनी गई। पुरानी पार्टी के पुराने नेता पुराने ही तौर-तरीके चलाते रहे। लिहाजा आर्थिक क्रांति नहीं हो पाई जिसका नतीजा इस विस्फोट के रूप में दिखा। दूसरा फैक्टर यह भी रहा कि टेक्नॉलजी के विकास, खासकर इंटरनेट की पहुंच से युवाओं की चेतना बढ़ी। उस लिहाज से उनकी आकांक्षाएं बढ़ीं। तो वस्तुगत और मनोगत ये दोनों कारण रहे।

**■ नेपाल में राजतंत्र की वापसी की मांग भी सुनने में आ रही है कई कोनों से। यह खतरा कितना वास्तविक है?**

देखिए, किसी भी समाज में एक छोटा सा हिस्सा तो होता ही है जो अतीतोन्मुख होता है। तो कभी ऐसा कोई स्वर कहीं से उठ जाए बात अलग है, वास्तव में ये फ्रिंज एलीमेंट्स ही हैं। राजशाही की वापसी का सवाल ही नहीं उठता। नेपाल उस दौर को पीछे छोड़ चुका है।

**■ केपी ओली के शासनकाल में खास तौर पर भारत विरोधी भावनाओं का उभार देखा गया। भारत के बरक्स चीन के करीब जाने का रुझान भी नजर आया...**

ऐसी बातें करने वाले जो भी लोग हों, वे हकीकत से अनजान हैं। कुछ लोग अपने किसी संकीर्ण स्वार्थ की वजह से भी ऐसी बातें प्रचारित करते हैं, लेकिन असलियत यह है कि भारत और नेपाल के संबंध इतने पुराने और इतने गहरे हैं कि उसे किसी तरह से रिप्लेस करने की बात सोची भी नहीं जा सकती। फिर भी, मान लीजिए कि अगर कोई ऐसी मूर्खता करने की सोचता भी है तो खुद चीन भी इसे स्वीकार नहीं करेगा। ये बातें रेकॉर्ड पर हैं कि 19वीं और 20वीं सदी में जब भी ऐसी कोशिश की गई, चीन ने उसे हतोत्साहित किया। चीन की तरफ से स्पष्ट बता दिया गया कि नेपाल का हित भारत से अच्छे संबंध बनाए रखने में है और सुरक्षित तथा स्थिर नेपाल चीन के भी हक में है।

**■ बीसवीं सदी में वामपंथी विचारों ने नेपाल और भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में गहरी छाप छोड़ी। लेकिन 21वीं सदी में उसका प्रभाव कमजोर होता जा रहा है। क्या आप मानते हैं कि यह विचारधारा अप्रासंगिक होती जा रही है?**

कोई भी विचारधारा अपने समय और समाज से निरपेक्ष नहीं होती। आज तकनीकी विकास ने हमारे जीवन, सोच और जरूरतों को बदल दिया है। विचारधारा को भी उसी हिसाब से जरूरी बदलाव करने होंगे, तभी वह अपनी प्रासंगिकता बनाए रख पाएगी।

www.nbt.in

## ऐसी दुश्मनी पहले तो न थी!

**उत्तराखंड** के पर्वतीय जिलों में वन्यजीवों और इंसानों का आमना-सामना होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पहले भी इंसानों और जानवरों के बीच संघर्ष होता था, लेकिन कभी-कभार। और इसके बावजूद दोनों के बीच का रिश्ता सहज और समन्वय का था। यह रिश्ता कैसे बिगड़ा, इसे लेकर तमाम रिपोर्ट हैं - मुझे तो वे तीन कहानियां याद हैं, जो बता देती हैं कि पहाड़ों पर आखिर चल क्या रहा है।

चमोली के ज्योतिर्मठ की दया भिलगवाल को अब भी रेगुलर चेकअप के लिए जाना पड़ता है। उनके सिर पर 22 और मुंह पर 12 टांके लगे हैं। घाव का निशान गहरा है। यह निशान उन्हें मिला था 4 नवंबर 2024 की सुबह। वह घर के पास खेतों में पशुओं के लिए घास लेने गई थीं। जब वह घास काट रही थीं, तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया। दया ने कुछ देर तक मुकाबला किया, लेकिन फिर पस्त पड़ गईं। उनकी चीख सुनकर परिवार के लोग जब तक पहुंचते, भालू ने उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया था।

दूसरी कहानी है उत्तरकाशी के मातली गांव की सुंदरी देवी की। उनकी उम्र 80 बरस है और उन्होंने पहाड़ को बदलते बहुत करीब से देखा है। उनसे जब इस बारे में बात हुई तो कहने लगीं, 'हमारे लिए जंगल सिर्फ पेड़-पौधे और हरियाली नहीं, हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है। हम अपने आसपास के जंगल में बिना डर के जाते थे। तब पता होता था कि कौन-सा इलाका हमारा है और कौन-सा वन्य जीवों का। दोनों ही इस सीमा को मानते। न हम उनके क्षेत्र में बिना जरूरत जाते और न ही वे इधर आते। आज जब इंसान पहले जैसा नहीं रहा, तो जंगल भी बदल गया है। हमने प्रकृति से दूरी बना ली है। जंगल और इंसान के बीच की समझ, उनके बीच का संतुलन टूट रहा है।' सुंदरी देवी ने अपने साथ घटी एक घटना बताई। वह रोज की तरह जंगल में चारा-पत्ती लेने गई थीं। एक पेड़ पर चढ़कर जब वह पत्तियां तोड़ रही थीं, तभी उनका गमछा गिर गया। उन्होंने नीचे देखा तो एक भालू आराम फरमा रहा था। वह न चीखीं और न घबराईं। पत्तियां तोड़ने के बाद वह धीरे से नीचे उतरीं और गमछा उठाकर घर चल पड़ीं। 'मुझे डर इसलिए नहीं लगा कि वह भी जंगल का हिस्सा है और मैं भी। तब तो कभी-कभी बाघ और तेंदुए भी गांव और घरों के आसपास दिखाई दे जाते थे। लेकिन, वे चुपचाप आते और चले जाते। अब आपस में दुश्मनी का भाव हो गया है, जो तब नहीं था।'

खुद अपनी आंख से

बृजेश सती

तीसरी कहानी है मिली कोट गांव के भरत सिंह चौधरी की। उनके साथ हाल ही में घटना हुई, 26 नवंबर को। वह पौधों में पानी दे रहे थे, जब अचानक भालू ने हमला कर दिया। उन्होंने पेड़ पर चढ़ने की कोशिश की, पर भालू ने उन्हें खींच लिया। 55 साल के भरत सिंह ठीक हैं, लेकिन शायद पहले जितने भरोसे के साथ वह अब जंगल में कदम न रख पाएं।

### चलते-चलते...

**वैज्ञानिकों ने** गाजर के बेकार समझे जाने वाले कचरे को उच्च पोषण और स्वादिष्ट प्रोटीन स्रोत में बदलने का एक नया तरीका खोज लिया है। American Chemical Society की रिपोर्ट के अनुसार, इससे तैयार फंगल मायसेलियम का उपयोग पैटी और सॉसेज में किया गया। सोया या चने की तुलना में इस फंगल प्रोटीन से बने उत्पादों को लोगों ने अधिक पसंद किया।

## रीडर्स मेल

### नए दौर की हो रणनीति

यह पत्र 1 जनवरी के लेख 'जो वादा किया है, निभाना पड़ेगा' से संबंधित है। पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने साबित कर दिया कि पाकिस्तान कुछ भी कर सकता है और हमें उसका जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारतीय वायु सेना के प्रमुख लड़ाकू विमानों की डिलिवरी में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की देरी पर कई बार चिंता जता चुके हैं। इसका सीधा असर हमारी सैन्य तैयारियों पर पड़ता है। ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि निजी क्षेत्र भी अपना वादा पूरा करे और सेना की मांगों को समय पर पूरा करे। इतना ही नहीं, यह भी जरूरी है कि स्वदेशी सैन्य हथियारों में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। आने वाले समय में युद्ध का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। उसमें तकनीक और AI की भूमिका होगी। इसलिए, जरूरी है कि कार्यशैली भी उसी तरीके से बनाई जाए ताकि भारतीय सेना की तैयारी हमेशा समय से आगे रहे।

बाल गोविंद, नोएडा

### क्रांतिकारी बदलाव

देश के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की ताजा पहल ऐतिहासिक साबित हो सकती है। उनका यह कहना कि आपात स्थिति में अस्पतालों की तरह अदालतें भी 24 घंटे खुली रहें, काफी महत्वपूर्ण है। सूर्यकांत ने सीधे तौर पर कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट को आम लोगों की अदालत बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था जरूरी हो गई है कि अगर किसी शख्स को देर रात किसी जांच एजेंसी का समन मिले या उसकी स्वतंत्रता पर गंभीर खतरा हो, तो वह आधी रात में भी अदालत का दरवाजा खटखटा सके। अदालतों को 24 घंटे खुले रखने का उद्देश्य नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अगर सूर्यकांत इसे व्यावहारिक रूप दे पाते हैं, तो यह न्याय व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव साबित हो सकता है।

अरविंद रावल, ईमेल से

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP9 User: vivek.kumar4 Time: 01-02-2026 19:43 Color:



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in